


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 346 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन शु.10 2081 रविवार, 9 मार्च-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## महिलाओं को हर महीने 2500 मिलेंगे

नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिला समृद्धि योजना लॉन्च कर दी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में योजना शुरू करने की घोषणा की। इससे पहले शनिवार सुबह दिल्ली कैबिनेट की बैठक में योजना को मंजूरी दे दी गई थी।

दिल्ली में 72 लाख महिला मतदाता हैं। अनुमान है कि करीब 20 लाख महिलाओं को इस योजना का फायदा मिलेगा। योजना लॉन्च करते हुए नड्डा ने कहा- मैं सीएम रेखा गुप्ता और अन्य लोगों को बधाई देता हूं कि दिल्ली में इस योजना को लागू करने के लिए 5100 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। योजना तुरंत शुरू की जाएगी।




> पीएम मोदी ने डेढ़ लाख लखपति दीदियों से बात की और कहा

# 'मैं दुनिया में सबसे अमीर'

नवसारी, 8 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गुजरात के नवसारी पहुंचे। खुली जीप में हेलीपैड से करीब 700 मीटर का रोड शो करते हुए वे कार्यक्रम स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने डेढ़ लाख लखपति दीदियों से बात की। पीएम ने कहा- मैं दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति हूं। क्योंकि, मेरे जीवन के खाते में करोड़ों माताओं-बहनों और बेटियों का आशीर्वाद जमा है। ये आशीर्वाद लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इससे पहले मुझे महाकुंभ में मां गंगा का आशीर्वाद मिला है और आज मातृशक्ति का आशीर्वाद मिला है।

## 'मेरे खाते में करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद'



**लाखों मुस्लिम महिलाओं की जिंदगी बर्बाद होने से बचाई :**

पीएम ने कहा- अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में महिलाओं को सभी अधिकार मिल गए हैं। पहले वहां महिलाएं मूलभूत सुविधाओं से वंचित थीं। पिछली सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं थी। हमने सरकार में आते ही सबसे पहले उन महिलाओं के लिए काम किया। इसके अलावा हमारी सरकार ने तीन तलाक के खिलाफ सख्त कानून बनाकर लाखों मुस्लिम महिलाओं की जिंदगी बर्बाद होने से बचाई।

**मातृत्व अवकाश 26 हफ्ते का किया**

पीएम ने कहा- चाहे सामाजिक क्षेत्र हो या खेल का मैदान, महिलाएं देश के हर क्षेत्र में मौजूद हैं। 2014 के बाद से देश में महत्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। केंद्र सरकार में सबसे ज्यादा महिला मंत्री, 2019 में पहली बार हमारी संसद में 78 महिला सांसद चुनी गईं हैं। कामकाजी महिलाओं को पहले सिर्फ 12 हफ्ते का मातृत्व अवकाश मिलता था। हमारी सरकार ने इसे 26 हफ्ते कर दिया है।

**महिलाओं के श्रम से देश का विकास हुआ :**

पीएम ने कहा- आज के कार्यक्रम की सारी जिम्मेदारी महिलाओं ने अपने ऊपर ली। यह महिलाओं के ऊंचे आत्मविश्वास को दर्शाता है। भारत महिला नेतृत्व का एक महान उदाहरण है। महिलाओं के श्रम और पराक्रम से ही देश का विकास हुआ है। गुजरात के गांवों की लाखों महिलाओं ने आज दूध उत्पादन में क्रांति ला दी है। हमारी सरकार ने डेयरियों से दूध का पैसा सीधे बहनों के खाते में पहुंचाया। इसके अलावा कई योजनाओं का पैसा सीधे ट्रांसफर किया गया, जिससे बिचौलिए खत्म हो गए और इसका फायदा महिलाओं को मिला।

मोदी ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया- महिला दिवस पर अपनी नारी शक्ति को नमन करते हैं! हमारी सरकार ने हमेशा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम किया है।

आज, जैसा कि वादा किया गया था, मेरे सोशल मीडिया अकाउंट को उन महिलाओं द्वारा संभाला जाएगा जो अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। यह पहली बार नहीं है जब महिला अचीवर्स पीएम के सोशल मीडिया अकाउंट को संभालेंगी।

# ईडी ने हैदराबाद एयरपोर्ट से बिजनेस जेट जब्त किया

> 22 जनवरी को इसी से विदेश भागा था

> प्रमोटर्स पर 850 करोड़ रुपये ठगी का आरोप



हैदराबाद, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एक बिजनेस जेट जब्त किया। सूत्रों के मुताबिक ईडी हैदराबाद के फाल्कन ग्रुप और उसके प्रमोटर्स के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है।

मामला साइबराबाद पुलिस की फाल्कन ग्रुप (कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड) के सीएमडी अमरदीप कुमार और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर से जुड़ा है। प्रमोटरों पर निवेशकों से 850 करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है। आरोप है कि फाल्कन ग्रुप ने धोखाधड़ी वाले इनवॉइस डिस्काउंटिंग निवेश योजना के जरिए निवेशकों से 1700 करोड़ रुपये इकट्ठा किए। कुल फंड में से 850 करोड़ रुपये वापस कर दिए गए। 6,979 निवेशकों को भुगतान नहीं किया गया।

**फाल्कन ग्रुप का सीएमडी अमरदीप कुमार ईडी के जब्त किए गए जेट के जरिए देश से भागा है :**

7 मार्च को एयरपोर्ट पर आया जेट सूत्रों ने बताया कि फाल्कन ग्रुप का सीएमडी अमरदीप कुमार इसी जेट का इस्तेमाल करके देश से भागा है। ईडी के हैदराबाद ऑफिस ने पाया कि कुमार की एक कंपनी के स्वामित्व वाला 8-सीटर बिजनेस जेट (एन935एच हॉकर 800ए) राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 7 मार्च को उतरा। ईडी ने चालक दल से पूछताछ की ईडी के अधिकारियों ने 2024 में करीब 14 करोड़ रुपये में खरीदे गए जेट की तलाशी ली। अफसरों ने वहां मौजूद चालक दल और कुमार के करीबी सहयोगियों के बयान भी दर्ज किए। इसके बाद प्रेस्टीज जेट्स इंक नामक कुमार की निजी चार्टर कंपनी के स्वामित्व वाले बिजनेस प्लेन को तलाशी के बाद जब्त कर लिया गया।

22 जनवरी को अमर दीप कुमार फरार हुआ जांच एजेंसी का मानना है कि जेट को कथित पोंजी योजना के पैसे से खरीदा गया था। ईडी ने सीमा शुल्क विभाग से जेट की आवाजाही के बारे में जानकारी मांगी थी। जिसके बाद पता चला कि कुमार एक अन्य व्यक्ति के साथ 22 जनवरी को उक्त विमान में सवार होकर देश से बाहर चला गया है।

# सेना प्रमुख ने किया पाकिस्तान और चीन की करीबी का जिक्र

✻ दोनों देशों में मिलीभगत होना बड़ा खतरा



नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को चीन और पाकिस्तान की करीबी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच काफी हद तक मिलीभगत है। इसे स्वीकार किया जाना चाहिए। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि चीन और पाकिस्तान की करीबी का मतलब है कि दोनों मोर्चों पर वास्तविक खतरा है। उन्होंने भविष्य को लेकर सेना की तैयारी, मौजूदा संघर्षों से सबक, बांग्लादेश और एलएसी और एलओसी की स्थिति पर भी बात की। पाकिस्तान और बांग्लादेश की नजदीकियों को लेकर सेना प्रमुख ने कहा कि आतंकवाद का केंद्र एक खास देश में है। उसका मेरे पड़ोसी देश के साथ संबंध है। इसलिए चिंतित होने की जरूरत है।

बांग्लादेश की भूमिका पर कोई फैसला लेना बहुत जल्दबाजी होगा। हालांकि बांग्लादेश और भारत की सेना के संबंध बहुत मजबूत हैं। हम किसी भी तरह की गलतफहमी से बचने के लिए नियमित आधार पर नोटों का आदान-प्रदान करते हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि चीन और पाकिस्तान के बीच बहुत हद तक मिलीभगत है। इसे हमें स्वीकार करना चाहिए। पाकिस्तान में अधिकांश उपकरण चीनी मूल के हैं। इसलिए यह दो-मोर्चे का खतरा और एक वास्तविकता है। भारत-चीन के बीच एलएसी के मुद्दे पर हुई बातचीत को लेकर सेना प्रमुख ने कहा कि मुझे लगता है कि असैसिन्स मेस अपने जीवन भर जीवित रही है। यह आज अधिक प्रासंगिक नहीं हो सकती।

जहां तक हिमालय के भूभाग का संबंध है, यह बहुत ही अनुकूल भूमिका निभाता है। देपसांग और डेमचोक इलाके की स्थिति पर जनरल ने कहा कि गश्त का दूसरा और तीसरा दौर हो चुका है और दोनों पक्ष एक-दूसरे का सहयोग कर रहे हैं। हम एक-दूसरे को जानकारी देते हैं, कोई समस्या नहीं है। जब भी किसी तरह का मतभेद होता है, तो वे तुरंत एक-दूसरे से संपर्क करते हैं, मुद्दे को सुलझाते हैं और उससे निपट लेते हैं।

## मणिपुर में अंतर-जिला बस सेवा बहाल

### कांगपोकपी में वाहन पर हमले के बाद झड़प में एक युवक की मौत, 25 घायल

इंफाल, 8 मार्च (एजेंसियां)। मणिपुर राज्य परिवहन की बस पर शनिवार को कांगपोकपी में हमला हुआ। यह हमला तब हुआ, जब इंफाल से पहाड़ी क्षेत्रों के लिए अंतर-जिला बस सेवा फिर से शुरू हुई। पूर्वोत्तर राज्य में जातीय संघर्ष शुरू होने के बाद से यह बस सेवा बंद थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पिछले साल दिसंबर में राज्य सरकार ने इंफाल से कांगपोकपी और चुराचांदपुर के लिए सार्वजनिक बस सेवा फिर से शुरू करने की कोशिश की थी। लेकिन मणिपुर राज्य परिवहन (एमएसटी) स्टेशन, मोइरांगखोम, इंफाल में कोई भी यात्री बस में नहीं बैठा।

अधिकारियों ने बताया कि सेनापति जिले की ओर से जा रही बस पर कांगपोकपी जिले के गमगमिफाई इलाके में भीड़ ने पत्थर फेंके। सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया। सुरक्षा बलों के साथ झड़प में एक युवक लालगौथांग सिंगसिट (30 वर्षीय) की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हो गए।

## हमें नई तकनीक की तलाश, यह भारत से आनी चाहिए : एयर चीफ मार्शल एपी सिंह

नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)। वायुसेना (आईएएफ) प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने शनिवार को कहा कि भारतीय पारिस्थितिकी तंत्र को उस स्तर तक पहुंचने की जरूरत है, जहां नई तकनीक भारत से निकले और अन्य देश उसका अनुसरण करें। वायुसेना प्रमुख ने यह बात एक टेलीविजन कार्यक्रम के संवाद सत्र में कही। उन्होंने कहा कि मौजूदा संघर्षों से एक सबक यह है कि हमें लंबे समय तक चलने वाले युद्ध के लिए तैयार रहना है। हमें अपनी क्षमताएं बढ़ानी होंगी, ताकि हम लंबे समय तक चलने वाले युद्ध का सामना कर सकें। पहले यह धारणा थी कि युद्ध छोटे और तेज होते हैं, लेकिन अब यह बदल गई है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें अपने उद्योगों का समर्थन करना चाहिए, ताकि हम अपने नुकसान की भरपाई भी कर सकें।

# 'कांग्रेस में नेताओं की कमी नहीं, कई बब्बर शेर, लेकिन बंधे हुए'




अहमदाबाद, 8 मार्च (एजेंसियां)। राहुल गांधी ने आज अहमदाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियों लगे पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित किया। राहुल ने कई चौंकाने वाली टिप्पणियां कीं और अपनी ही पार्टी को आईना दिखाया। राहुल गांधी ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी को 20-30 लोगों को निकालना भी पड़े तो इसमें किसी तरह की हिचकिचाहट नहीं होनी चाहि। कांग्रेस सांसद राहुल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कई बब्बर शेर हैं। लेकिन पार्टी में दो गुट हैं। एक जनता के साथ है, जबकि दूसरा जनता से दूर है। गुजरात प्रदेश कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए राहुल ने कहा, उन्हें ये बात स्वीकार करने में कोई हर्ज नहीं है कि गुजरात प्रदेश कांग्रेस के नेता दिशा दिखाने में असफल रहे। इससे पहले राहुल ने अहमदाबाद के 'कार्यकर्ता सम्मेलन' में महिला कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें महिला दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। राहुल ने कहा कि कल वरिष्ठ नेताओं, जिला और ब्लॉक अध्यक्षों से मुलाकात की। बकौल राहुल गांधी, मेरा लक्ष्य था- आपके दिल की बातें जानना और समझना था। इस बातचीत में संगठन, गुजरात की राजनीति और यहां की सरकार के कामकाज से जुड़ी बहुत सी बातें सामने आईं। लेकिन मैं यहां सिर्फ कांग्रेस पार्टी के लिए नहीं आया हूं, बल्कि प्रदेश के युवाओं, किसानों, महिलाओं और छोटे व्यापारियों के लिए आया हूं। राहुल गांधी ने कहा कि गुजरात में कांग्रेस के संगठनों में कई तरह का विभाजन है। उन्होंने कहा कि एक जनता की इज्जत करता है, जनता के मुद्दों के लिए आवाज उठाता है, उसके दिल में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है।




# यूपी एटीएस ने 18 साल से फरार आतंकी को पकड़ा

**3 पत्नियों के साथ कश्मीर में रह रहा था पीओके में ट्रेनिंग ली थी**

मुरादाबाद, 8 मार्च (एजेंसियां)। यूपी एटीएस ने हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी उल्फत हुसैन को कश्मीर से गिरफ्तार किया है। एटीएस और यूपी पुलिस को उल्फत की 18 साल से तलाश थी। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा था। उल्फत को मेडिकल कराने के बाद मुरादाबाद जेल भेज दिया गया है। एसटीएस प्रवक्ता ने बताया- उल्फत मूल रूप से कश्मीर के पुंछ जिले का रहने वाला है। वह राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहा है। वह 2007 में मुरादाबाद से फरार हुआ था।

**पीओके से उल्फत हुसैन ने ली है ट्रेनिंग :**

एसएसपी एटीएस देवेश कुमार पांडेय ने बताया- हमें सूचना मिल रही थी कि उल्फत हुसैन आतंकवादी गतिविधियों में शामिल है। इसके बाद से सहारनपुर की एटीएस यूनिट उसे ट्रेस कर रही थी। उसकी लोकेशन जम्मू-कश्मीर के पुंछ में मिली। वहां एटीएस की टीम पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया- उल्फत आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन का सदस्य रह चुका है। उसने 1999 से 2000 तक पाक-अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओके) में ट्रेनिंग ली थी। एटीएस सूत्रों के मुताबिक, उल्फत की 3 शादियां हुई हैं। तीनों के साथ वह अपने गांव कश्मीर में रहता था। तीनों पत्नियों से उसको 5 बच्चे हैं। एटीएस अभी उसकी पत्नियों और बच्चों के बारे में जानकारी जुटा रही है। एसएसपी ने बताया- ट्रेनिंग के बाद उल्फत मुरादाबाद आया था। वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाला था, लेकिन 9 जुलाई, 2001 को मुरादाबाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया था। उसके पास से एके-47, एके-56, 2 पिस्टल (30 बोर), 12 हैंड ग्रेनेड, 39 टाइमर, 50 डेटोनेटर, 37 बैटरी, 29 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ और 560 जिंदा कारतूस के साथ 8 मैगजीन बरामद की गई थीं।

# मध्यप्रदेश में धर्मांतरण करवाने वालों को होगी फांसी

> सीएम मोहन यादव का बड़ा एलान




भोपाल, 8 मार्च (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश में धर्मांतरण करवाने वालों को फांसी की सजा दी जाएगी। सूबे के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस बात का एलान किया है। मोहन यादव ने कहा, धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के माध्यम से हम प्रावधान कर रहे हैं कि जो धर्मांतरण करवाएंगे, उनके लिए हमारी सरकार के द्वारा फांसी का प्रावधान किया जा रहा है। बता दें कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 1.27 करोड़ महिलाओं के खाते में करीब 1552.73 करोड़ और 26 लाख महिलाओं के खातों में गैस रीफिलिंग के लिए 55.95 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए।

उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली कई महिलाओं को राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार (2023), राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार (2023-24), रानी अवंती बाई वीरता पुरस्कार (2024) और श्री विष्णु कुमार महिला एवं बाल कल्याण समाज सेवा सम्मान पुरस्कार (2024) से सम्मानित किया।

**दुराचार मामलों में सरकार अत्यंत कठोर :**

राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कंवेंशन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में हितग्राही महिलाओं ने अपने अनुभव भी सुनाए। इस मौके पर मोहन यादव ने कहा कि मासूम बच्चियों से दुराचार के मामलों में सरकार अत्यंत कठोर है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में फांसी की सजा का प्रावधान किया गया है। ताकि जो लोग मासूमों के साथ जोर-जबरदस्ती या बहला-फुसलाकर दुराचार करेंगे, उन्हें जीवन जीने का अधिकार न मिले। साथ ही धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम में भी बदलाव करते हुए अब धर्मांतरण कराने वालों के लिए भी फांसी की सजा का प्रावधान किया जाएगा।

इस कदम से प्रदेश में धर्मांतरण की घटनाओं पर कड़ी नजर रखी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी हालत में न तो धर्मांतरण और न ही दुराचार को समाज में स्थान मिलेगा। इन घृणित कृत्यों को बढ़ावा देने वालों के साथ सरकार कठोरता से निपटेगी।

# इजराइली टूरिस्ट, होमस्टे ओनर के साथ गैंगरेप

> आरोपियों ने उनके 3 दोस्तों को भी पीटकर नहर में फेंका > एक का शव बरामद



बेंगलुरु, 8 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक के प्रसिद्ध टूरिस्ट प्लेस हम्पी में 27 साल की एक इजराइली महिला टूरिस्ट और एक होम-स्टे ओनर के साथ तीन लोगों ने गैंगरेप किया। घटना 6 मार्च की रात करीब 10:30 बजे तुंगभद्रा नहर के किनारे की है। पीड़ित महिलाएं नहर के किनारे बैठी हुई थीं।

महिलाओं के साथ 3 अन्य टूरिस्ट भी थे। इनमें से एक डेनियल अमेरिका से था, जबकि दो अन्य पंकज महाराष्ट्र से और बिबाश ओडिशा से थे। आरोपियों ने गैंगरेप से पहले इन तीनों को नहर में धक्का दे दिया था। डेनियल और पंकज तैरकर बाहर आ गए, जबकि बिबाश की डूबने से मौत हो गई।

बिबाश की लाश दो दिन बाद मिली पुलिस ने ओडिशा के बिबाश को ढूंढने के लिए 7 मार्च की सुबह रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। इसमें फायरब्रिगेड के अलावा पुलिस और खोजी कुत्तों को लगाया गया। हालांकि इसमें सफलता नहीं मिली। 8 मार्च यानी आज सुबह बिबाश की डेडबॉडी नहर के किनारे मिली है। उनकी बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया।

**डिनर के बाद तारे देखने गए थे**

होमस्टे की मालकिन 29 साल की महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने 4 मेहमानों के साथ डिनर करने के बाद तुंगभद्रा लेफ्ट बैंक नहर के किनारे म्यूजिक के साथ तारों को देखने गए थे। तभी 3 लोग बाइक पर आए। पहले उन्होंने पूछा कि पेट्रोल कहां मिलेगा। इसके बाद वे इजराइली महिला से 100 रुपए मांगने लगे। जब टूरिस्ट ने पैसे देने से मना कर दिया, तो आरोपियों ने हमला कर दिया। इस दौरान तीनों टूरिस्ट बीच बचाव करने आए तो इन लोगों ने उन्हें नहर में धक्का दे दिया। इसके बाद उन्होंने गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया और वहां से फरार हो गए। घटना के बाद चारों ने पहले नदी में डूब चुके बिबाश को ढूंढा, इसके बाद वे अपने होमस्टे पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर पीड़ितों को मेडिकल टेस्ट के लिए भेज दिया।

**पुलिस बोलीं-आरोपियों की तलाश जारी है**

कोप्पल के एसपी आर एल अरासिद्दी ने बताया कि 5 लोगों पर सनापुर के पास हमला हुआ है। इनमें 2 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं। महिलाएं सरकारी अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 6 टीमें बनाई गई हैं। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत गैंगरेप, लूटपाट और जान से मारने की कोशिश की धाराओं में एफआईआर की गई है।

# ठाणे सामूहिक दुष्कर्म मामले में दो दोषियों को उम्रकैद की सजा

**अदालत ने जुर्माना भी लगाया**

ठाणे, 8 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के ठाणे में एक अदालत ने सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषियों ने साल 2017 में 30 साल की एक महिला से लूटपाट और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। अतिरिक्त सत्र जज वसुधा एल भोसले ने शुक्रवार को दिए अपने फैसले में सुरेश पांडुरंग गोसावी (40 वर्षीय) और उमेश उर्फ राकेश झाला (39 वर्षीय) को दोषी ठहराया। अदालत ने दोनों को उम्रकैद की सजा देने के साथ ही दोनों पर 55-55 हजार रुपये का जुर्माना लगाने का भी आदेश दिया।

**क्या था मामला**

दोषियों को पीड़िता का अपहरण करने और लूटपाट करने के मामलों में भी दोषी ठहराया गया है। जज ने कहा कि सभी मामलों में सजा साथ-साथ चलेगी। अदालत ने आरोपियों को पीड़िता को 40-40 हजार रुपये का मुआवजा देने का भी निर्देश दिया। सरकारी वकीलों ने बताया कि 19 दिसंबर 2017 की शाम को पीड़िता, जो एक स्टोर में मैनेजर थी, वह काम से अपने घर लौट रही थी। महिला ने गोसावी की कैब को बुक किया। कार में दूसरा आरोपी रमेश भी आगे की सीट पर मौजूद था।

दोनों ने कुछ दूर चलने के बाद ही कार रोक दी। पूछने पर बताया कि कार में पंचर हो गया। इसके बाद दोनों ने महिला से लूटपाट की और फिर कार में ही दोनों ने महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद दोनों दोषी महिला को लेकर एक लॉज पहुंचे, जहां महिला ने शोर मचा दिया और दोनों वहां से भाग गए।

## खबरें जरा हटके

### क्या सच में बुरहानपुर में गड़ा है मराठों का खजाना?

**सैकड़ों लोग कर रहे खुदाई, प्रशासन में मचा हड़कंप!**




बुरहानपुर, आपने अपने जीवन में किसी जगह या खदान में खजाने, सोने, हीरे जवाहरात के होने की बात सुनी होगी. इसके अलावा कुछ अनसुनी कहानियां भी फिल्म या रील्स में देखी होगी. अभी तक आपको जो चीजें कपोलकल्पित लगती थीं. मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले में ने उसे सामने ला दिया है. दरअसल, हाल ही में रिलीज हुई अभिनेता विक्की कौशल की मूवू छावा में इस बात का जिक्र किया गया है कि बुरहानपुर में भी सोने की खदान है. यह मूवी देखने के बाद अब कुछ लोग असीरगढ़ के पास खेतों में सोना ढूंढने के लिए रात के समय में पहुंच रहे हैं. अभी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. जहां पर पूरा अंधेरा है लेकिन सोना ढूंढने वाले लोग अपने मोबाइल के टॉर्च और बैटरी से यहां पर फावड़ा गैति और कुदाली से खुदाई कर रहे हैं. यहां पर सोना ढूंढ रहे हैं. सूत्रों का कहना है कि यहां पर कुछ लोगों को सोने के सिक्के भी मिले हुए हैं. इसकी सूचना के बाद भी अब लोगों की बड़ी तादाद में भीड़ आनी शुरू हो गई है. रात के समय में रोज यहां खुदाई हो रही है.

**सैकड़ों की संख्या में सोना खोजने पहुंचे लोग**

एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इस वीडियो में आप खुद देख सकते हैं कि अंधेरी रात है. लेकिन लोग बड़ी तादाद में एक जगह पर पहुंचे हुए हैं. खुदाई कर रहे हैं. जिसके बाद छलनियों से इस मिट्टी को छान भी रहे हैं. कुछ लोगों का दावा है कि यहां पर सोने के सिक्के मिल रहे हैं. इसलिए और भी अन्य गांव से भी लोगों की भीड़ यहां पर सोना ढूंढने के लिए पहुंच रही है. आप खुद तस्वीरों में देख सकते हैं कि करीब यहां पर 200 से अधिक लोग सोना ढूंढते हुए नजर आ रहे हैं. जब लोकल 18 की टीम ने एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदार से बात की तो उन्होंने बताया कि ऐसी कुछ अफवाह सामने नहीं आई है. लेकिन आपके माध्यम से यह पता चला है इसे दिखवाते हैं और यदि कार्रवाई की बात आती है तो कार्रवाई भी की जाएगी.

### 1500 साल पुराने कंकाल को वैज्ञानिक समझ रहे थे आदमी, जांच में हुआ चौंकाने वाला खुलासा




कई बार इतिहास की पड़ताल में कुछ रोचक सबूत मिल जाते हैं. इसकी वजह से इतिहास कारों को उस दौर के बारे में अपनी राय तक बदलने के लिए मजबूर होना पड़ता है. इजरायल में एक पुरानी कब्र की खुदाई के बाल मिले कंकाल की पड़ताल के बाद ऐसा ही कुछ हुआ. उन्हें 3 साल पहले 1500 साल एक कंकाल मिला जो जंजीरों में जकड़ा हुआ था. उन्होंने मान लिया कि यह जरूर किसी पुरुष का कंकाल होगा. लेकिन जब वैज्ञानिकों ने इस कंकाल के टुकड़ों की गहराई से जांच की तो चौंकाने वाले खुलासे हुए. माना जाता है कि उस दौर में पुरुष खुद को जंजीरों में जकड़वा कर दफनाने की प्रक्रिया करवाया करते थे. इस तरह के लोग खास तरह की धार्मिक परंपरा के तहत जीवन के तामाम सुखों का छोड़कर उच्च आध्यात्मिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए त्याग वाला तपस्वी जीवन अपना लेते थे.

**जांच में कुछ और ही मिला**

लेकिन शायद वैज्ञानिकों के लिए यह सोचना कुछ ज्यादा ही आसान था. हैरानी की बात तो तब हुई जब उन्होंने कंकाल की जांच में पाया कि कंकाल किसी पुरुष का नहीं बल्कि महिला का है और इस महिला को जंजीरों से किसी सजा या जुल्म के तहत नहीं बांधा गया था. बल्कि यह महिला ही थी जिसने इस तरह का त्याग और तपस्वी के रास्ते को अपनाया था. उसने उसी की तहत खुद को जंजीरों में बंधवाने की परम्परा अपनाई थी. इतिहासकार बताते हैं कि ईसाई धर्म अपनाने के बाद रोमन साम्राज्य में चौथी सदी में तपस्वी जीवन की लोकप्रियता में खासा इजाफा देखने को मिला था. जीवन के अंतिम समय के पहले लोग खाना पीना छोड़ लंबे समय तक उपवास रखते थे. और तमाम तरह के शारीरिक सुखों का त्याग कर देते थे.

### दुनिया का सबसे खतरनाक मशरूम 'डेथ कैप' जानलेवा, इलाज नहीं




जहर पौधों में सबसे ज्यादा खतरनाक होता है. लेकिन इसके अलावा भी कई छोटे और सक्ष्म जीव भी जहरीले और खतरनाक होते हैं. पर क्या आप जानते हैं कि मशरूम भी जहरीले होते हैं. जीहां वे इतने खतरनाक तक होते हैं कि वे जान तक ले सकते हैं. दुनिया में सबसे खतरनाक और जहरीला मशरूम डेथ कैप के नाम से जाना जाता है. एक समय इसने बहुत ही तेजी से फैल कर दुनिया भर में तहलका मचा दिया था. खास बात ये है कि यह एकआम तौर पर खाया जाने वाले मशरूम की तरह ही दिखता है. अगर इसे गलती से भी खा लिया जाए तो मौत तय होती है.

**तेजी से फैलता है ये**

डेथ कैप मशरूम का वैज्ञानिक नाम अमानिता फैलोइडेस है. मूल रूप से ये यूरोप में पैदा हुआ था, लेकिन आज यह अंटार्कटिका के अलावा दुनिया के सारे महाद्वीपों में फैल चुका है. जब 19वीं सदी में इसने अपने पैर यूरोप से बाहर फैलाने शुरू किए तो इसने सभी को हैरान कर डाला था. इसी वजह से वैज्ञानिक तक चिंता में पड़ गए थे. लंबे समय तक यह एक रहस्य बना रहा कि आखिर ये इतनी तेजी से फैल कैसे पाता है.

**खाने पर क्या होगा?**

अगर आपने इसे गलती से खा लिया तो छह से 70 घंटों में ही इसके असर के लक्षण दिखने लगेंगे. मशरूम के एमटॉक्सिन आतों के जरिए लीवर में पहुंचते हैं और फिर खुद को प्रोटीन बनाने वाले एंजाइम से बांध लेते हैं. इससे शरीर में प्रोटीन बनना बंद हो जाता है. बिना प्रोटीन के लीवर मरने लगता है, इससे पहले तो पेट खराब होने लगता है, डायरिया हो जाता है जिसके बाद अंग नाकाम होने लगते हैं, इंसान कोमा तक में जा सकता है और आखिर में उसकी मौत हो जाएगा.

# शिवसेना नेता बोले-राहुल नेता नहीं, यूट्यूबर बनकर धारावी आए

**कहा-मुंबई कांग्रेस दिवालिया, लेकिन राहुल को परवाह नहीं**



मुंबई, 8 मार्च (एजेंसियां)। शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता संजय निरुपम ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के धारावी दौरे की आलोचना की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी धारावी में कांग्रेस नेता के तौर पर नहीं, बल्कि यूट्यूब बनकर पहुंचे थे। दरअसल राहुल गांधी गुरुवार (6 मार्च) को धारावी में लेदर इंडस्ट्री के कारीगरों से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कारीगरों को होने वाली दिक्कतों को लेकर लोगों से बातचीत की थी।

**निरुपम बोले-राहुल ने धारावी में 'शूट' के लिए दौरा किया**

राहुल गांधी के दौरे को पॉलिटिकल स्टंट बताते हुए संजय निरुपम ने कहा कि राहुल धारावी में सिर्फ वीडियो बनाने और सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के लिए दौरा किए थे। मुंबई कांग्रेस की हालत खराब है।

पार्टी के पास न वोट बचे हैं, न पैसा। कांग्रेस दफ्तर महीनों से किराया नहीं चुका पाया है, 5 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया है। लेकिन राहुल गांधी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

**चमार स्टूडियो पहुंचे राहुल, दलितों के हक की बात की**

राहुल गांधी गुरुवार को धारावी स्थित चमार स्टूडियो पहुंचे। यहां उन्होंने डिज़ाइनर सुधीर राजभर और उनकी टीम से मुलाकात की। राहुल ने कहा कि दलित और वंचित समुदायों को बड़े बाजारों तक पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

## यात्री का दावा

# व्हीलचेयर नहीं दी, गिरकर चोटिल हुईं 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला; एयर इंडिया ने दी सफाई



नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)। एक महिला यूजर ने सोशल मीडिया पर दावा किया है कि एयर इंडिया ने उसकी 82 वर्षीय दादी को व्हीलचेयर देने से मना कर दिया, जिसकी वजह से उसकी दादी को पैदल चलना पड़ा और वे गिरकर चोटिल हो गईं। महिला यूजर ने एयरलाइंस पर लापरवाही करने का आरोप लगाया। हालांकि एयरलाइंस ने आरोपों को नकार दिया है और परिजनों पर आधारहीन आरोप लगाने का आरोप लगाया।

**क्या है मामला**

पारुल कंवर नाम की एक महिला यूजर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया। जिसमें उन्होंने लिखा कि उनकी 82 साल की बुजुर्ग दादी दिल्ली एयरपोर्ट पर गिरने से चोटिल हो गईं क्योंकि एयर इंडिया ने उन्हें पहले से बुक व्हीलचेयर उपलब्ध नहीं कराई। इसके चलते उन्हें पैदल जाना पड़ा और वे बुजुर्ग होने के चलते संतुलन खोकर गिर गईं। महिला ने एयरलाइंस पर लापरवाही करने का आरोप लगाया। महिला ने बताया कि चोटिल हुईं महिला एक सम्मानित लेफ्टिनेंट जनरल की विधवा हैं।

महिला ने पोस्ट में लिखा कि 4 मार्च 2025 को दिल्ली से बंगलूरू आने के दौरान हमने अपनी 82 साल की बुजुर्ग दादी के लिए एयरलाइंस से व्हीलचेयर बुक की थी, लेकिन एयरपोर्ट पहुंचने पर उन्हें व्हीलचेयर मुहैया नहीं कराई गई। कोई और विकल्प न होने की वजह से बुजुर्ग महिला को पैदल ही पार्किंग लेन से टी-3 टर्मिनल जाना पड़ा।

# शहीद की बेटी की शादी, आर्मी जवानों ने निभाई रस्में

> 16 साल पहले साथी से किया वादा पूरा करने आए 26 फौजी > नम आंखों से किया विदा



बहरोड़, 8 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ जिले में 26 आर्मी जवान अपने शहीद साथी की बेटी की शादी में अपना वादा निभाने पहुंचे। 16 साल पहले आतंकी मुठभेड़ में शहीद हुए सूबेदार कंवरपाल सिंह की बेटी की शादी में जवानों ने न सिर्फ सभी रस्में निभाईं, बल्कि बिटिया को आशीर्वाद देकर डोली को स्टेज तक ले गए और विदाई तक मौजूद रहे। शहीद कंवरपाल सिंह के भाई कौशल सिंह ने कहा- यह सिर्फ एक वादा नहीं था, यह भारतीय सेना की वो परंपरा है, जहां हर शहीद का परिवार पूरी फौज का परिवार बन जाता है। आज मेरे भाई की कमी महसूस नहीं हुई, क्योंकि पूरी फौज उनकी जगह यहां मौजूद थी। कुतिना सरपंच रविंद्र सिंह चौहान ने कहा- आज के समय में जब लोग अपने रिश्तों और जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लेते हैं, तब आर्मी के इन जवानों ने दिखाया कि वादा क्या होता है। आर्मी के जवान सिर्फ बॉर्डर पर ही नहीं, बल्कि असल जिंदगी में भी अपने फर्ज और वादे को इतनी शिद्दत से निभाते हैं।

गांव कुतिना निवासी कौशल सिंह चौहान ने बताया- उनकी भतीजी बबली कंवर की शादी दिल्ली निवासी अरुण सिंह राजावत के साथ 5 मार्च को थी। इस खास मौके पर ग्रेनेडियर रेजिमेंट की 14वीं यूनिट से 1 जेसीओ और 15 जवान, 39 राष्ट्रीय राइफल (आरआर) से 1 जेसीओ और 9 जवान शामिल हुए। शहीद कंवरपाल सिंह चार भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। उनके परिवार में पत्नी राधा देवी और चार बच्चे हैं। बड़ी बेटी बबली कंवर एलएलबी कर रही हैं। कंचन कंवर और नेहा कंवर एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं, जबकि बेटा मनमोहन सिंह बीसीए कर रहा है। 1 जनवरी 2009 की रात को जब पूरी दुनिया नए साल का जश्न मना रही थी, जम्मू-कश्मीर के राजौरी में तैनात आर्मी के जवान भी अपनी चौकी पर खुशियां मना रहे थे।

## सुसाइड नोट कंपनी की साइट पर अपलोड किया

**होटल के कमरे में फांसी लगाई, पत्नी और उसकी मौसी पर लगाए प्रताड़ित करने का आरोप**

मुंबई, 8 मार्च (एजेंसियां)। मुंबई के सहारा होटल में 28 फरवरी को 41 साल के युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड किया था। घटना के एक हफ्ते मृतक निशांत त्रिपाठी (41) का सुसाइड नोट सामने आया है। उसने सुसाइड से पहले अपनी कंपनी की वेबसाइट पर अपलोड किया था। इसे पासवर्ड से सुरक्षित भी किया गया था। पुलिस के मुताबिक नोट में निशांत ने पत्नी अपूर्वा पारीख और पत्नी की मौसी प्रार्थना मिश्रा पर परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि निशांत 3 दिन तक होटल में था। सुसाइड से पहले उसने रूम के बाहर 'डू नॉट डिस्टर्ब' बोर्ड लगाया था।

पुलिस के मुताबिक कई घंटे बीतने के बाद रूम में कोई एक्टिविटी नजर नहीं आई। इसके बाद होटल स्टाफ ने मास्टर चाबी से गेट खोलकर देखा था। निशांत फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। इसके बाद पुलिस को बुलाया गया था। पुलिस ने बताया कि निशांत की मां नीलम चतुर्वेदी ने बहू अपूर्वा पारीख और प्रार्थना मिश्रा के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। फिलहाल किसी की गिरफ्तार नहीं हुई है। नीलम चतुर्वेदी महिला अधिकार कार्यकर्ता हैं।

## महिलाएं समाज की रीढ़, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में दे रहीं अहम योगदान : रेखा गुप्ता



नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फोर्टिस अस्पताल शालीमार बाग में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 400 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में अहम योगदान दे रही हैं। दिल्ली देश का सबसे विकसित स्वास्थ्य केंद्र बनाना हमारी प्राथमिकता है। हम एक ऐसा भविष्य बनाएं जहां लैंगिक समानता सिर्फ एक लक्ष्य न होकर एक जीवंत वास्तविकता हो। कार्यक्रम में डॉक्टरों के साथ एक पैनल चर्चा भी हुई, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित चुनौतियों, समानता और समावेशी विकास के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया गया। फोर्टिस हेल्थकेयर के एमडी और सीईओ डॉ. आशुतोष रघुवंशी ने कहा, महिलाएं सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और स्वास्थ्य सेवा में उनका योगदान अमूल्य है। वहीं निदेशक दीपक नारंग, फोर्टिस हॉस्पिटल शालीमार बाग ने कहा, महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण हैं और उनके स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान विशेष रूप से गहरा है। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, नारी शक्ति के साहस, संकल्प और योगदान को नमन। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हमें महिलाओं के सशक्तिकरण और समान अवसरों के संकल्प को दोहराने का अवसर देता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' जैसे ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। दिल्ली में भी हम सभी महिलाओं को सुरक्षा, शिक्षा और स्वावलंबन के अधिक अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## गंगा स्नान करने आए मेजर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

हरिद्वार, 8 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा के पलवल से दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने हरिद्वार आए आर्मी के मेजर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। फिलहाल मामले में पुलिस सीसीटीवी खंगालते हुए तलाश कर रही है। अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

पुलिस के अनुसार आर्मी मेजर के तौर पर तैनात रोहताश निवासी पलवल हरियाणा अपने दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने के लिए हरिद्वार आए थे। रात में अचानक लापता हो गए। दोस्तों ने उन्हें गायब देख पहले खुद इधर-उधर खोजबीन की, लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो पुलिस चौकी पहुंचकर जानकारी दी। पुलिस ने तुरंत आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करते हुए मेजर की तलाश शुरू की कमरे में वह अकेले जाते हुए दिखाई दिए। इसके बाद फिर आगे की लोकेशन नहीं दिखी।

# समुद्री खनन प्रस्ताव के खिलाफ कांग्रेस ने नाव पर किया विरोध प्रदर्शन

**मछुआरों की आजीविका बचाने की मांग**



अलप्पुझा, 8 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस ने केंद्र सरकार के गहरे समुद्री खनन के प्रस्ताव के खिलाफ अलप्पुझा जिले के तट से दूर नाव पर जाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने किया और इसमें बड़ी संख्या में मछुआरे, कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इन प्रदर्शनकारियों का मानना है कि इससे मछुआरों की आजीविका को नुकसान हो सकता है। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार और उसके फैसले के खिलाफ नारे लगाते हुए समुद्र में 15 समुद्री मील की यात्रा की। कांग्रेस ने इसका वीडियो भी साझा किया है। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वेणुगोपाल ने केंद्र सरकार के समुद्र में गहराई से खनन के प्रस्ताव को पूरी तरह से रद्द करने की मांग की।

उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय मछुआरा समुदाय और उनके सांसद कई बार तटीय निवासियों की समस्याओं और इस फैसले के बुरे प्रभावों के बारे में बताने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद केंद्र सरकार ने उनकी चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया है और अपने प्रस्ताव को लागू करने पर अड़ी हुई है।

**केरल विधानसभा ने पारित किया था प्रस्ताव**

पिछले हफ्ते केरल विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें केंद्र सरकार से राज्य के तट पर गहरे समुद्री खनन की मंजूरी को वापस लेने का आग्रह किया गया था। इस प्रस्ताव में कहा गया था कि ऐसी गतिविधियां अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डालेंगी और क्षेत्र के पर्यावरण संतुलन को बाधित करेंगी।

प्रस्ताव के मुताबिक, गहरे समुद्री खनन से मूल्यवान मछली संसाधन, जैव विविधता और मछुआरों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पहले राज्य सरकार ने विधानसभा में कहा था कि 2002 के अपतटीय क्षेत्रों के खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम में कि गए संशोधन राज्य के हित में नहीं हैं।

# सीएम नीतीश ने लालू-राबड़ी राज की दिलाई याद

## कहा- 2005 से पहले महिलाओं के लिए कोई काम नहीं हुआ

पटना, 8 मार्च (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनता दल यूनाईटेड के कार्यालय पहुंचे। यहां पर उन्होंने पार्टी की महिला कार्यकर्ता और नेत्रियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सीएम नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी राज्य या देश के विकास में महिलाओं का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है।




महिलाओं के सशक्तीकरण तथा उनकी सुरक्षा, शिक्षा एवं सामाजिक तथा आर्थिक विकास हेतु राज्य सरकार निरंतर प्रयत्नशील है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि महिलाओं के उत्थान के प्रति सदैव प्रयत्नशील रहें ताकि उनका सामाजिक एवं आर्थिक विकास हो सके और उन्हें एक सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सके।

**महिलाएं बेखौफ होकर रात को भी सड़कों पर चल सकती हैं**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार में महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों को साझा किया। उन्होंने कहा कि बिहार में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि उन्हें यह बताने की जरूरत नहीं है कि उन्होंने महिलाओं के लिए क्या किया है, क्योंकि बिहार में महिलाएं अब हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। मुख्यमंत्री ने खास तौर पर जीविका दीदियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वे आज गांव-गांव में महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही हैं। इसके अलावा, बिहार में महिलाओं की सुरक्षा और उनकी भागीदारी को लेकर भी कई बदलाव हुए हैं। उन्होंने बताया कि आज बिहार में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या सबसे अधिक है और महिलाएं आज कहीं भी बेखौफ होकर रात को भी सड़कों पर चल सकती हैं।

### पत्नी ने नहीं दिया पानी पति ने दे दिया तलाक

बिजनौर, 8 मार्च (एजेंसियां)। यूपी के बिजनौर जिले से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पत्नी ने पानी नहीं दिया तो शौहर ने तीन तलाक बोल दिया। मसला पुलिस तक पहुंच गया। अब काउंसलिंग चल रही है। पति और पत्नी के बीच दरक रहे रिश्तों की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। अधिकांश मामलों में सहनशीलता की कमी और इगो आड़े आ रही है। छोटी-छोटी बातों पर पति और पत्नी के बीच अलगाव बढ़ रहा है। परिवार परामर्श केंद्र के आंकड़े यह तस्वीर साफ करने के लिए काफी हैं। थाना कोतवाली देहात के एक गांव निवासी युवक और उसकी पत्नी का मामला परिवार परामर्श केंद्र में पहुंचा। जब दोनों को बुलाकर सुनवाई की गई तो महिला से दाल में नमक कम रह गया था, इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। पत्नी मायके चली गई और फिर दोनों एक दूसरे की कमियों को ढूंढने लगें।

### मस्जिद पर सीसीटीवी लगाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

## लाठी-डंडों और तलवार से एक दूसरे पक्ष पर किया हमला, 2 महिला समेत 8 लोग घायल

औरंगाबाद, 8 मार्च (एजेंसियां)। औरंगाबाद के देवकुंड इलाके में मस्जिद के ऊपर सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर शाम को दो पक्षों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हुआ। घटना में दो महिला समेत कुल 8 लोग घायल हो गए। घायलों में से चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल पक्ष का कहना है कि आरोपियों ने उनके ऊपर लाठी-डंडों और तलवार-भाला से हमला किया। घायलों का कहना है कि घटना के बाद हम लोग थाना पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने कहा कि पहले आप लोग इलाज करा लीजिए। घटना हथियारा गांव की है। जानकारी के अनुसार, प्रशासन के निर्देश पर रमजान को लेकर नमाजियों की ओर से मस्जिद के मुख्य दरवाजे पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा था। उसी दौरान मस्जिद के बगल में रहने वाले मुस्ताक अंसारी उर्फ कल्लू ने उक्त लोगों को सीसीटीवी कैमरा लगाने से मना किया। इसी बात पर दोनों के बीच तू-तू-मैं-मैं हो गई और बात बढ़ते-बढ़ते मारपीट हो गई। वहीं दोनों तरफ से जमकर लाठी डंडे व तलवार चली। लड़ाई के दौरान बीच बचाव करने वाली महिला सहित कुछ अन्य लोग भी घायल हो गए। अस्पताल में इलाज करा रही महिला ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा मस्जिद की छत पर लगाया जा रहा था और उसका फोकस हमारे घर की ओर किया जा रहा था। घर में महिलाएं, लड़कियां हैं। ऐसे में घर की ओर फोकस करने का क्या मतलब है। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा लगाने है तो अंदर लगाए, मस्जिद के मुख्य गेट पर लगाएं। महिला के मुताबिक, जब हम लोगों ने कैमरा लगाने से इनकार किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और तलवार-भाला से हम लोगों पर हमला कर दिया। मारपीट व तलवारबाजी की घटना में पहले पक्ष के शहाबुद्दीन अंसारी का बेटा कौसर अली, सेराजुद्दीन अंसारी का बेटा हामिद अंसारी, इल्ताफ राजा और पत्नी सायरा बानो तलवार से चोट लगने पर बुरी तरह से जख्मी हो गए।

# नोएडा पहुंचे सीएम योगी

## माइक्रोसॉफ्ट के ऑफिस के भूमि पूजन कार्यक्रम में हुए शामिल



गौतमबुद्ध नगर, 8 मार्च (एजेंसियां)। सीएम योगी अपने नोएडा दौरे पर हैं। यहां वह जनपद गौतम बुद्ध नगर के नोएडा में माइक्रोसॉफ्ट के कार्यालय के भूमि पूजन एवं एमएक्यू सॉफ्टवेयर के नवीन कार्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह नए युग की शुरुआत है। पिछले आठ साल में यूपी में हमारी सराकर ने उत्तर प्रदेश को नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के रूप में प्रस्तुत करने में सफलता प्राप्त की है। यूपी में देश की आबादी का सबसे बड़ा स्किल हमारे पास मौजूद था, उसमें स्पीड नहीं थी।

स्किल को स्पीड से जोड़ने का काम पिछले आठ साल में उत्तर प्रदेश की सरकार ने किया है। सीएम योगी ने कहा कि आज मोबाइल फोन की मैन्यूफैक्चरिंग में 65 फीसदी हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश की है जबकि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उत्पादन में उत्तर प्रदेश 55 फीसदी भागीदारी के साथ देश में नंबर वन पर है। यूपी का नोएडा और ग्रेटर नोएडा तेजी से इलेक्ट्रॉनिक मैन्यूफैचरिंग के हब के रूप में उभरा है और इस दिशा में हम लोगों ने तेजी के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश में हम लोगों ने जो भी कदम बढ़ाए हैं आज उसके बहुत सारे परिणाम आए हैं। हाल ही में महाकुंभ प्रयागराज एआई का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। हमने इस पूरे महाकुंभ के दौरान इस तकनीक का उपयोग किया। महाकुंभ में 66 करोड़ लोग आए और वापस भी गए। इसी तरह से डिजिटल गवर्नेंस के राह में भी प्रदेश सरकार द्वारा कदम बढ़ाए गए हैं।

### छात्रा को जबरन किस करने की कोशिश:यूनिवर्सिटी ऑफिस की घटना

लखनऊ, 8 मार्च (एजेंसियां)। लखनऊ के बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू) कैंपस में छात्रा से छेड़खानी हुई है। आरोप है कि महिला हॉस्टल के स्टाफ ने फाइन जमा करने के बहाने कमरे में छात्रा को बुलाया। इस दौरान अचानक उसे किस करने की कोशिश की। बैड टच भी किया। छात्रा ने विरोध किया तो आरोपी विनय ने उसे गालियां दीं। छात्रा को धमकाया भी।

घटना 6 मार्च की है। पीड़ित छात्रा ने उसी दिन प्रॉक्टर से लिखित शिकायत की, लेकिन कोई एक्शन नहीं हुआ। कार्रवाई न होने से नाराज छात्राओं ने शुक्रवार देर रात हॉस्टल परिसर में हंगामा कर दिया।

# लालू के अंदाज में दिखे तेजस्वी

## होली गीत गाकर लूट ली महफिल; मंच से बांधा समां

पटना, 8 मार्च (एजेंसियां)। होली का त्योहार नजदीक है। ऐसे में देशभर में अब होली का रंग चढ़ने लगा है। होली की बात हो तो बिहार में लालू प्रसाद यादव को कोई कैसे भूल सकता है। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव होली के त्योहार में अपनी मस्ती के लिए जाने जाते हैं। वहीं लालू प्रसाद यादव को अक्सर होली के गीत भी गाते हुए देखा जा सकता है। अब लालू प्रसाद यादव की इस विरासत को भी उनके बेटे तेजस्वी यादव ने संभाल लिया है। शुक्रवार को पटना में ऐसा ही माहौल देखने को मिला, जहां लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी यादव होली के गीत गाते हुए नजर आए।



**लालू के अंदाज में गाया गीत**

राजद नेता और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अपने पिता के अंदाज में ही होली के गीत गाते हुए दिखे। उन्होंने लालू के अंदाज में होली का गीता गाया, जिसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में तेजस्वी यादव को बाबा हरिहरनाथ सोनपुर में खेले होली।।। गीत गाते हुए देखे जा सकते हैं। उनके साथ मंच पर मौजूद अन्य लोग भी होली के रंग में सराबोर नजर आए। वहीं तेजस्वी यादव ने हाथ में माइक लेकर अपने गीत से मंच पर समा बांध दिया। वहीं होली का गीत गाने के बाद तेजस्वी ने यह भी कहा कि लालू जी बहुत बढ़िया गाते हैं और यह उन्हीं का गाना है।

### प्रेमिका को किडनैप कर मार डाला, शव दफनाया:पुलिस से बोला सांप ने काटा

सुलतानपुर, 8 मार्च (एजेंसियां)। उन्नाव का लड़का, कानपुर की लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ सुल्तानपुर ले आया। यहां उसे चार महीने तक अपने साथ रखा। इसके बाद उसकी हत्या कर शव को कब्रिस्तान में दफना दिया। लड़की के परिजनों ने पुलिस में अपहरण का केस दर्ज कराया। पुलिस ने जांच कि तो 11 महीने बाद मामले का खुलासा हुआ। लड़के को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में पहले उसने कहा, लड़की घर में है। पुलिस आरोपी को साथ लेकर उसके घर पहुंची तो बताया- सांप के काटने से लड़की की मौत हो गई। उसे कब्रिस्तान में दफनाया दिया है। पुलिस ने शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### 10000 लीटर नकली घी जब्त, प्लांट सील कैसे हो रहा था मिलावट का खेल?

बुलंदशहर, 8 मार्च (एजेंसियां)। होली का त्योहार नजदीक है। ऐसे में लोग एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशियां बांटते हैं, लेकिन होली आने से पहले ही मिलावटखोरों ने मिलावट करनी भी शुरू कर दी गई है। इसको लेकर फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट भी अलर्ट हो गया है। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के इमलिया गांव में फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट टीम ने बड़ा एक्शन लिया है, जहां टीम ने पार्श्वनाथ घी प्लांट पर छापा मारा है। होली के करीब आते ही घी में मिलावट शुरू हो गई है। जब फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने पार्श्वनाथ घी प्लांट पर छापा मारा तो वहां से 10,000 लीटर मिलावटी देसी घी बरामद हुआ। इस घी की कीमत करीब 50 लाख रुपये है। इस घी को तैयार करने के लिए केमिकल मिलाया जा रहा है। मामले की जांच की गई तो ये भी सामने आया कि इसमें 27 लीटर देसी घी का फ्लेवर भी मिलाया गया।

# ओमप्रकाश राजभर की नसीहत

## 'मुस्लिम नेता नफरत के बीज बोना बंद करें, शिक्षा व रोजगार पर दें ध्यान'



बलिया, 8 मार्च (एजेंसियां)। पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि मुस्लिम नेता नफरत फैलाना बंद करें, इसके बजाय शिक्षा और रोजगार के माध्यम से अपने समुदाय के कल्याण पर ध्यान केंद्रित करें। समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र के विधायक अबू आजमी के मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा वाले बयान पर कहा कि इस तरह के बयान मुस्लिम समुदाय की छवि को नुकसान पहुंचा रहें हैं। बेरुआरबारी के सपही गांव में पार्टी के कार्यकर्ता उमापति राजभर के आवास पर पहुंचे ओमप्रकाश ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लिए बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, रोजगार के बारे में बात करनी चाहिए। उन्हें भड़काने के बजाय शांति और भाईचारे के लिए काम करना चाहिए। राजभर ने कार्यकर्ता उमापति राजभर के कथित उत्पीड़न के विरोध में इस्तीफा देने के सवाल पर कोई टिप्पणी नहीं की। कहा कि गठबंधन छोड़ने का सवाल तब उठता है जब शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती।

**अपराध से निपटने के लिए सीएम योगी के नेतृत्व वाली सरकार सख्त है**

ओम प्रकाश राजभर ने कहा, कि नफरत फैलाकर उन्होंने पूरे समुदाय को ऐसी स्थिति में पहुंचा दिया है, जहां अब उसे संदेह की नजर से देखा जाता है। औरंगजेब पर की गई टिप्पणी के कारण आजमी को बजट सत्र के अंत तक महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर मुगल शासक का महिमामंडन करने और भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत की अवहेलना करने का आरोप लगाया है।

**गठबंधन छोड़ने का सवाल ही नहीं उठता**

अपराध से निपटने के लिए योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार सख्त है। अपराधियों के लिए तीन समाधान हैं, या तो मर जाएं या जेल में जाएं। कार्यकर्ता उमापति राजभर के कथित उत्पीड़न के विरोध में इस्तीफा देने के सवाल पर वह इनकार कर दिए। उन्होंने कहा कि गठबंधन छोड़ने का सवाल तब उठता है जब शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती।

**परिवहन मंत्री ने किया 'लोटस मेडिकल बस सेवा' का शुभारंभ**

विधानसभा के लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं देने और उनके त्वरित चिकित्सकीय परीक्षण के उद्देश्य से प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री सदर विधायक दयाशंकर सिंह ने नारायणी स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर 'लोटस मेडिकल बस सेवा' का शुभारंभ किया। मंत्री ने बस में उपलब्ध मेडिकल सुविधाओं का निरीक्षण किया और अपना स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया। कहा कि जनपदवासियों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं मिले ये हमारी प्राथमिकता में है। इसी उद्देश्य से कोलकाता की लोटस मेडिकल टीम से अनुरोध किया था कि वे जनपदवासियों को बेहतर सेवाएं दें। इसके लिए यह मोबाइल अस्पताल जिले में पहुंचा है।

### कानपुर में युवक को भीड़ ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा:गोकशी का आरोप



कानपुर, 8 मार्च (एजेंसियां)। कानपुर में भीड़ ने गोकशी के आरोप में एक युवक की पिटाई कर दी। बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने जंगल में बैठे 4 युवकों को पकड़ लिया। गोकशी की सूचना पर आसपास के लोग पहुंच गए। एक युवक की पिटाई शुरू कर दी। तीन युवक मौका पाकर वहां से भाग गए। पुलिस ने आश्वासन देकर घायल युवक को छुड़ाया। घटना शाम कैंट थाना क्षेत्र के छबीलेपुरवा के पास की है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल पर गोकशी के साक्ष्य नहीं मिले हैं। जुए में रुपए हारने के बाद कुछ युवकों ने मामले को सांप्रदायिक रूप देने के लिए ऐसा किया। मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है।

### वायरल ऑडियो मामले में नपे मुफस्सिल थानाध्यक्ष, जांच में पाए गए दोषी डिपार्टमेंटल एक्शन भी शुरू

छपरा, 8 मार्च (एजेंसियां)। सारण जिले के मुफस्सिल थानाध्यक्ष विशाल आनंद को निलंबित करते हुए निलंबन अवधि में मुख्यालय छपरा पुलिस केंद्र निर्धारित किया गया है। दरअसल, मुफस्सिल थानाध्यक्ष विशाल आनंद का एक ऑडियो क्लिप इंटरनेट मीडिया पर पिछले कई दिनों से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वे 50 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं। इस ऑडियो की जांच के बाद उन पर एक्शन लिया गया है।

प्रसारित ऑडियों में मुफस्सिल थानाध्यक्ष विशाल आनंद द्वारा किसी व्यक्ति से काम के बदले में 50 हजार की डिमांड की जा रही है। ऑडियो में थानाधयक्ष किसी केस के सुपरविजन करने की बात कर रहे हैं, जिसमें इनके द्वारा 50 हजार रुपये की मांग की जा रही है। कॉल करने वाले व्यक्ति दूसरी तरफ से एटीएम से सिर्फ 20 हजार रुपये निकलने की बाद कहकर कल सुबह में पैसा भेजने की बात कह रहा है। यही नहीं पैसे भेजने वाले द्वारा ऑनलाइन पेमेंट करने के लिए नंबर भी मांगा जा रहा है, लेकिन विशाल आनंद द्वारा कैश भेजने की डिमांड होती है। पैसा देने की बात करने वाला व्यक्ति केस में देरी करने की बात कहता है, जिसमें थानाध्यक्ष को मिठाई खिलाने की बात कही जाती है।

इस ऑडियो को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया गया था। ऑडियो प्रसारित होने के बाद कुछ लोगों ने इसे पुलिस पदाधिकारी को भी भेजा था। ऑडियो प्रसारित होने के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ।कुमार आशीष ने ऑडियो की सत्यता की जांच के लिए आरक्षी अधीक्षक ग्रामीण शिखर चौधरी को इसकी जिम्मेदारी दी थी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) द्वारा समर्पित जांच प्रतिवेदन में उक्त ऑडियो क्लिप प्रथम दृष्ट्या सत्य पाई गई है और अनुशासनिक कार्रवाई हेतु अनुशंसित किया गया।

# कोलकाता से आ रही थी 70 किलो चांदी की खेप, इतने में पहुंच गई रेलवे पुलिस



कटिहार, 8 मार्च (एजेंसियां)। बिहार के कटिहार में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चांदी के गहने की खेप को बरामद किया है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 42 लाख रुपए बताई जा रही है। रेलवे पुलिस ने सियालदह से सहरसा जा रही हाटे- बाजार एक्सप्रेस के जनरल बोगी से 70 किलो से अधिक के चांदी के गहने बरामद किया है। इस मामले में पश्चिम बंगाल 24 परगना के दो युवक को भी से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस, सेल टैक्स अधिकारी मामले में दोनों युवकों से पूछताछ कर रहे हैं। कटिहार रेलवे पुलिस ने लगभग 70 किलो चांदी बरामद की है। रेलवे पुलिस के मुताबिक चांदी की कीमत करीब 42 से 44 लाख रुपए है। रेलवे एसपी ने चांदी जब्त किए जाने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि कोलकाता से हाटेबाजरे एक्सप्रेस ट्रेन से चांदी को कटिहार लाया जा रहा था। शुरुआती जांच में मामला टैक्स चोरी का लग रहा है। दो लोग चांदी के साथ जनरल बोगी में सफर कर रहे थे। दोनों को डिटेन कर पूछताछ की जा रही है।

**70 किलो चांदी के गहने बरामद**

मामले से जुड़े नियम पर जानकारी देते हुए रेलवे एसपी ने कहा कि पचास हजार से अधिक वस्तु की अल्ट्रा स्टेट ट्रांजेक्शन के लिए ई-वे बिल जेनरेट करवाना होता है। इस मामले में नहीं किया गया था। इसी को लेकर यह कारवाई की गई है। चांदी के चमक के पीछे टैक्स चोरी से जुड़े इस मामले पर रेलवे एसपी ने कहा कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। इसके पीछे कौन है? इसका भी खुलासा जल्द कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में 24 परगना के दो युवक को डिटेन किया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

**जांच में जुटी पुलिस**

उनके पास जो जेवरात है वह चोरी के हैं या फिर किसी अन्य मामले के हैं। अब तक जांच में मामला टैक्स चोरी का लगा रहा है। इस मामले मे सेल टैक्स पदाधिकारी को जानकारी दी गई है। उन्होंने भी जब्त की गई चांदी के जेवरात के मामले की छानबीन किया है। उन्होंने कहा कि सेल टैक्स पदधिकारी के द्वारा जो आदेश प्राप्त होता है। रेलवे पुलिस उसके आधार पर कार्रवाई करेगी। अगर सेल टैक्स अधिकारी के द्वारा संबंधित जेवरात संबंधित व्यापारी को सौंपने का आदेश मिलता है तो रेलवे पुलिस जेवरात सौंप देगी। अगर नहीं मिलता है तो इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर रेल डीएसपी अरुण कुमार अकेला और थाना अध्यक्ष अलाउद्दीन के साथ-साथ अन्य छापेमारी दल शामिल पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# संभल सीओ भड़काऊ बयान देंगे तो सौहार्द कैसे बनेगा

## इमरान मसूद बोले- देश भिखारी बनने की कगार पर, हाथ में कटोरा आने वाला है



सहारनपुर, 8 मार्च (एजेंसियां)। संभल के सीओ अनुज चौधरी के बयान से सियासत गरमा गई है। सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा- संवैधानिक पद पर बैठे किसी अधिकारी की यह भाषा ठीक नहीं है। उन्हें सबको साथ लेकर चलने की बात करनी चाहिए। न कि इस तरह से धर्म विशेष पर टिप्पणी करनी चाहिए। अगर प्रशासनिक अधिकारी ही इस तरह के भड़काऊ बयान देंगे तो समाज में सौहार्द कैसे बना रहेगा? दरअसल, गुरुवार को सीओ अनुज चौधरी ने कहा था- साल में 52 जुमा आते हैं, लेकिन होली सिर्फ एक बार आती है। जिसे लगता है कि होली का रंग लगने से उसका धर्म नष्ट हो जाएगा, वह अपने घर में रहे।

**देश भिखारी बनने की कगार पर**

मसूद ने देश की आर्थिक स्थिति को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कहा- देश भिखारी बनने की कगार पर है, क्योंकि देश में उत्पादन गिर रहा है। इस कारण लोगों के हाथ में कटोरा आने वाला है। आप इस देश को भिखारी बना रहे हैं। 90 लाख करोड़ रुपए शेयर बाजार में डूब गए हैं।

**एएमयू में होली समारोह पर बोलने से बचते रहे**

बिहार सरकार के मंत्री रत्नेश दादा ने कहा है कि जो औरंगजेब का महिमामंडन करते हैं, उन्हें देश में रहने का अधिकार नहीं। इस सवाल पर मसूद ने कहा- उन्हें इतिहास पढ़ना चाहिए कि 100 साल पहले कौन देश को गुलाम बना रहा था। कौन अंग्रेजों का साथ दे रहा था। क्या अब उन्हें भी देश से बाहर निकाल दिया जाएगा?

**चीन के कब्जे की चर्चा क्यों नहीं होती**

विदेश मंत्री एस। जयशंकर के पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर दिए गए बयान पर मसूद ने कहा- पाकिस्तान की बात तो सब करते हैं, लेकिन चीन के कब्जे वाले हिस्से की चर्चा क्यों नहीं होती?

**बीजेपी सिर्फ नफरत फैलाकर राज करना चाहती है**

असम के सीएम हेमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि यूसीसी पूरे देश में लागू होगा और वक्फ बोर्ड इतिहास बन जाएगा। इस पर मसूद ने कहा- बीजेपी सिर्फ नफरत फैलाकर राज करना चाहती है। देश की जीडीपी गिर रही है, बेरोजगारी बढ़ रही है। आईएमएफ की रिपोर्ट पढ़ लें तो बीजेपी की आंखों से नफरत का पर्दा हट जाएगा।

## 33 सेकंड में 33 लाख रुपये चुराए बीच सड़क पर चोरों ने ये कैसे किया?

बेंगलूरू, 8 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक के हावेरी जिले से चोरी की एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसे जानकर आप हैरान रह जाएंगे। यहां चोरों ने महज 33 सेकंड के अंदर 33 लाख रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मामला बसवेश्वर नगर का है। इस घटना के बाद लोगों में डर बना हुआ है। हालांकि मामले को लेकर हावेरी सिटी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कर लिया गया है। दरअसल चोरों ने एक घर के सामने खड़ी कार का शीशा तोड़ दिया और 33 सेकंड में कार के अंदर से 33 लाख रुपये चुराकर फरार हो गए। यह घटना बसवेश्वर नगर के रहने वाले संतोष हिरेमठ के साथ घटी है, जिनके पैसे चोरी हुए हैं। सिविल ठेकेदार संतोष ने रोज के लेन-देन के लिए हावेरी स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से चेक के जरिए 33 लाख रुपये निकाले थे और पैसे कार की पिछली सीट पर रख दिए थे। संतोष ने सुबह 4:05 बजे अपनी कार घर के सामने खड़ी की थी, लेकिन वह पैसे कार में छोड़कर अंदर चले गए थे। जब शाम को वह वापस अपने काम से जाने लगे तो देखा कि कार का शीशा टूटा हुआ है और पैसे चोरी हो गए हैं। इसके बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को भी चेक किया गया। सीसीटीवी कैमरा में चोरी की पूरी घटना कैद हो गई।

सीसीटीवी में कैद वीडियो में देखा गया कि चार लोग दो बाइकों पर सवार होकर आए। इसके बाद उनमें से एक कार के पास पहुंचा। कार की खिड़की तोड़ी और कार में घुस गया। इसके बाद उसने पैसों से भरा बैग कार के अंदर से उठाया। तभी बाइक पर सवार एक दूसरा व्यक्ति उसे लेकर भाग जाता है। चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

इसके बाद घटना की जानकारी मिलने पर एसपी और एडिशनल एसपी मौके पर पहुंचे और जांच की। एसपी अंशुकुमार ने बताया कि इस संबंध में हावेरी सिटी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले के आरोपियों की तलाश के लिए तीन विशेष टीमें गठित की गई हैं। चोरों का एक गिरोह दिनदहाड़े 33 लाख रुपए चुराकर फरार हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है

# बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी की कोशिश नाकाम की

## एक व्यक्ति की मौत, बीएसएफ जवान जख्मी



कोलकाता, 8 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में भारत-बांग्लादेश सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने तस्करी की एक कोशिश को नाकाम कर दिया है। इस घटना में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई जबकि बीएसएफ का एक जवान घायल हुआ है। यह घटना शुक्रवार तड़के दार्जिलिंग जिले के खालपारा गांव के पास हुई है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के प्रवक्ता ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 15-20 बांग्लादेशी बदमाशों का एक समूह अवैध रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय इलाके में काफी अंदर घुस गया था। मवेशियों और प्रतिबंधित सामान की तस्करी करने के लिए इन लोगों के साथ कुछ भारतीय बदमाश भी शामिल हो गए। भारतीय सीमा सुरक्षा बल के जवानों की नजर इस गिरोह पर पड़ी तो उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। बदमाशों ने जवानों की चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए दरांती जैसे धारदार हथियार दाह और लाठियों से उन पर हमला कर दिया। इसके साथ ही अपराधियों ने सैनिकों पर पत्थर भी फेंके। बीएसएफ के जवानों ने हमलावरों को खदेड़ने के लिए गैर-घातक गोला-बारूद का इस्तेमाल किया लेकिन हमलावर शांत नहीं हुए। कुछ हमलावरों ने एक जवान से हथियार छीनने की भी कोशिश की। सेना के प्रवक्ता ने बताया कि अपनी जान को खतरे में देखते हुए जवान ने अपनी राइफल से गोली चला दी। गोली चलता देख बदमाश मौके से भाग गए। इस पूरी घटना में बीएसएफ जवान गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके साथ ही घटनास्थल से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। बीएसएफ प्रवक्ता ने तस्करी से जुड़े इस मामले पर बयान देते हुए कहा कि बांग्लादेशी तस्करों ने घटना को अंजाम देने के लिए सीमा पर लगी बाड़ को तोड़ दिया था। जिन दो मवेशियों को तस्करी के लिए लाया गया था बीएसएफ ने उन्हें जब्त कर लिया है। वारदात में मारा गया व्यक्ति किस देश का था, अभी इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। शव के आधार पर उसकी शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है।

## दिल्ली में सांड के हमले में एक व्यक्ति की हुई मौत, दूसरा घायल

नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)। बाहरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में शुक्रवार को एक सांड के हमले में 67 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उसे सुबह करीब साढ़े छह बजे पीसीआर कॉल पर घटना के बारे में सूचना मिली। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नेहरू एन्क्लेव में एक गोदाम में सुरक्षा गार्ड अशोक कुमार रात में काम खत्म होने के बाद घर जा रहे थे तभी अलीपुर-बुधपुर रोड पर साईं बाबा मंदिर के पीछे उस पर सांड ने हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि राम लखन (60) नामक एक अन्य व्यक्ति पर भी सांड ने हमला किया। अधिकारी ने बताया, उसे मामूली चोटें आईं। राम लखन ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि सांड ने पहले कुमार पर हमला किया और उसके बाद उस पर हमला कर दिया।

## ठाणे पुलिस ने 2 बांग्लादेशी महिलाओं को किया गिरफ्तार

ठाणे, 8 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने दो बांग्लादेशी महिलाओं को अवैध रूप से देश में रहने के आरोप में पकड़ा है और उन्हें फ्लैट किराए पर देने वाले दो व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को अंबरनाथ के अडावली-ढोकली इलाके में एक आवासीय परिसर में छापे के दौरान महिलाओं को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि महिलाएं, फरजाना शिरागुल शेख (36) और बिथी उर्फ प्रिया नूरिस्लाम अख्तर (24) अपनी यात्रा और भारत में रहने से जुड़े दस्तावेज पेश नहीं कर सकीं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने महिलाओं को फ्लैट किराए पर देने के लिए ताहिर मुनीर अहमद खान (35) और गणेश चंद्र दास (37) को भी गिरफ्तार किया है,साथ ही पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम और विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**ठाणे में अवैध बांग्लादेशी**

इससे पहले महाराष्ट्र के ठाणे जिले में ही एक अदालत ने 36 वर्षीय बांग्लादेशी महिला को भारत में अवैध रूप से रहने के लिए दोषी करार दिया है और उसे 14 माह 28 दिन के कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वसुधा एल भोसले ने मामले में 27 फरवरी को फैसला सुनाते हुए यह भी निर्देश दिया कि तानिया यूनुस शेख, जो पहले ही जेल में सजा की अवधि बिता चुकी है, को निर्वासित किया जाए। मुकदमे के दौरान अतिरिक्त लोक अभियोजक आर पी पाटिल ने अदालत को बताया कि शेख बिना वैध पासपोर्ट या वीजा के मुंबई के बाहरी इलाके मीरा रोड (पूर्व) में रह रही थी। अदालत ने कहा कि विदेशी (नागरिक) अधिनियम के अनुसार, अपनी राष्ट्रीयता साबित करने का दायित्व आरोपी पर है।

# कांग्रेस की मीर शाइस्ता समेत कई नेता बीजेपी में शामिल, कहा- 'पार्टी में हो रही थी घुटन'

जम्मू, 8 मार्च (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर जम्मू-कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली, जब श्रीनगर में 25 से अधिक दूसरी पंक्ति की महिला नेता पार्टी में शामिल हुईं। इनमें श्रीनगर से कांग्रेस की महिला विंग की महासचिव मीर शाइस्ता जेहरा भी शामिल हैं। बीजेपी महासचिव अशोक कौल, वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष डॉ। दरख्शां अंद्राबी और अन्य स्थानीय नेताओं की उपस्थिति में इन सभी महिलाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर बीजेपी नेताओं ने महिलाओं को पार्टी में शामिल होने पर बधाई दी और उनका स्वागत किया। डॉ। दरख्शां अंद्राबी ने इस अवसर पर कहा





कि बीजेपी ही वह पार्टी है, जो देशभर में महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अन्य दलों के कई प्रमुख नेता बीजेपी में शामिल हो रहे हैं, क्योंकि वे बीजेपी की नीतियों से प्रभावित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी महिलाओं को समाज में अधिक अधिकार और अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**कांग्रेस में घुटन महसूस कर रही थी- मीर शाइस्ता जेहरा**

बीजेपी में शामिल होने वाली मीर शाइस्ता जेहरा ने कांग्रेस छोड़ने के अपने फैसले पर बात करते हुए कहा कि वह कांग्रेस में घुटन महसूस कर रही थीं और जनता की सेवा करने में असमर्थ हो रही थीं। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेतृत्व ने मुझे लोगों की मदद करने से रोका, जबकि बीजेपी गरीबों और महिलाओं की सहायता के लिए काम कर रही है। इसी कारण मैंने बीजेपी में शामिल होने का फैसला किया।

**स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारी में जुटे दल**

बता दें कि जम्मू-कश्मीर में इस साल अप्रैल महीने में स्थानीय निकाय चुनाव होने की संभावना है, क्योंकि पिछले निकाय चुनावों का कार्यकाल नवंबर-दिसंबर 2024 में समाप्त हो गया था। इसी कारण सभी राजनीतिक दल अपनी जमीनी पकड़ मजबूत करने और पंचायत, ब्लॉक तथा जिला विकास परिषदों में अधिक से अधिक सीटें हासिल करने के लिए सक्रिय हो गए हैं। बीजेपी द्वारा किए गए इस नए राजनीतिक कदम को भी चुनावी तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है।

## 22 साल से अपनी ही बेटी के साथ दुष्कर्म कर रहा था पिता,मां की ये थी बेबसी

रोपड़, 8 मार्च (एजेंसियां)। रोपड़ में मानवता को शर्मसार करने वाली खबर सामने आई है। यहां एक व्यक्ति ने अपनी ही बेटी के साथ 22 साल तक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने जब बच्चे को जन्म दिया तो पूरे मामले का खुलासा हो गया। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर उसके पिता पर मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। अदालत ने आरोपी पिता को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस से पूछताछ में युवती ने जो आपबीती बताई, उससे सभी की नजरें शर्म से झुक गई। घटना का पता तब चला जब पीड़िता को सेहत संबंधी समस्या आई। वह एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए गई। वहां पर डाक्टर ने उसे गर्भवती पाया।

# प्रियंका चतुर्वेदी का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बड़ा बयान

## 'आज भी 50 फीसदी आबादी को निर्णय लेने की मेज पर समान भागीदारी नहीं मिलती'



मुंबई, 8 मार्च (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने महिलाओं के संघर्ष को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह दिन सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकारों और उनके हक के लिए जारी लड़ाई की याद दिलाने वाला दिन है। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, महिला दिवस मेरे लिए यह याद दिलाने का दिन है कि देश और दुनिया की महिलाएं अब भी अपने हक और अपने स्थान के लिए संघर्ष कर रही हैं। वे अब भी हर करियर विकल्प में अपनी जगह बनाने के लिए लड़ रही हैं, अपनी आवाज को सुने जाने के लिए लड़ रही हैं, और उन स्थानों तक पहुंचने के लिए प्रयास कर रही हैं, जहां निर्णय लिए जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं की यह लड़ाई किसी एक दिन की नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा आंदोलन है जो तब तक चलता रहेगा जब तक कि दुनिया की 50 फीसदी आबादी को निर्णय लेने की मेज पर समान भागीदारी नहीं मिलती।

**महिलाओं को निर्णय लेने वाली जगहों पर होना जरूरी- प्रियंका चतुर्वेदी**

प्रियंका चतुर्वेदी ने इस बात पर जोर दिया कि समाज में वास्तविक बराबरी तभी आएगी जब महिलाओं को उन जगहों पर रखा जाएगा जहां बड़े फैसले लिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए सिर्फ नारे लगाने से कुछ नहीं होगा, बल्कि उनके लिए अवसर और सुविधाएं सुनिश्चित करनी होंगी ताकि वे हर क्षेत्र में अपनी जगह बना सकें।

**महिला दिवस का असली मतलब**

उन्होंने कहा कि यह दिन यह याद दिलाने के लिए है कि महिलाओं को अभी भी कई स्तरों पर संघर्ष करना पड़ रहा है। चाहे राजनीति हो, कॉरपोरेट सेक्टर हो, खेल हो या कोई अन्य क्षेत्र – महिलाएं हर जगह अपनी जगह बनाने के लिए मेहनत कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज का संपूर्ण विकास संभव नहीं है। जब तक महिलाओं को समान अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक प्रगति अधूरी रहेगी।

## बुराड़ी में सेंधमारी का भंडाफोड़, पुलिस ने धरे लाखों के गहने लूटने वाले शातिर चोर

नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली के बुराड़ी इलाके में हुई रात की सेंधमारी की गुत्थी को पुलिस ने महज कुछ दिनों में सुलझाते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। इन अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच की और लोकल इंटेलिजेंस की मदद ली। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 8 लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने बरामद किए हैं। एडी। एसपी नॉर्थ-1 सुधांशु वर्मा ने बताया कि 28 फरवरी को बुराड़ी थाना पुलिस को ए-ब्लॉक, सत्य विहार से एक महिला ने सूचना दी कि उनके घर से सोने-चांदी के गहने चोरी हो गए हैं। शिकायतकर्ता स्मृति कौशिक (35) एक सरकारी कर्मचारी हैं और घटना के समय घर पर नहीं थीं। पुलिस ने तत्काल ई-एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इंस्पेक्टर जसपाल सिंह और एसीपी नीरव पटेल के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई, जिसमें एएसआई राजीव, हेड कांस्टेबल बालकारी, सुरेंदर, प्रदीप, रहीस पूनिया और कांस्टेबल सतेंद्र शामिल थे। पुलिस टीम ने वारदात स्थल के आसपास करीब 50 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसमें दो संदिग्ध युवक चोरी करते दिखाई दिए। पुलिस ने इन तस्वीरों के आधार पर आरोपियों की पहचान के लिए तकनीकी सर्विलांस और स्थानीय मुखबिरों की मदद ली। इसके बाद पुलिस को जानकारी मिली कि इनमें से एक आरोपी मुकुंदपुर पार्ट-, बुराड़ी में छिपा हुआ है। 4 मार्च 2025 की रात को पुलिस ने विकास उर्फ लाल गुलाब (23 वर्ष) को जनता विहार, बुराड़ी से गिरफ्तार कर लिया।

# 'मेरी बातों पर स्माइल न करें, पूरी सैलरी दें'

## पति मान गया पत्नी का ये शर्त, नहीं हुआ तलाक

ग्वालियर, 8 मार्च (एजेंसियां)। पति-पत्नी के लड़ाई झगड़े तो आपने अक्सर देखे होंगे और उन्हें काउंसलिंग के जरिए सुलझते हुए भी देखा होगा। लेकिन मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एक तलाक का केस सुलझ तो गया, लेकिन इसके लिए पति को पत्नी की अजीबोगरीब शर्त पूरी करने के लिए हामी भरनी पड़ी। तलाक की अर्जी देने वाले पति-पत्नी हाई कोर्ट की तरफ से कराई गई काउंसलिंग के दौरान वापस से एक हो गए। खास बात यह रही कि पति काउंसलिंग के दौरान बार-बार पत्नी की बातों पर मुस्कुरा रहा था, जिससे पत्नी ने नाराज होकर कहा कि अगर यह मेरी बातों पर मुस्कुराना बंद करें और मुझे पूरा वेतन दें, तो मैं वापस उनके साथ रहने के लिए तैयार हूं।

पत्नी की शर्त सुनकर पति ने भी सहमति जता दी और फिर तलाक के दस्तखत करते-करते दोनों



पति-पत्नी के दिल आपस में एक बार फिर मिल गए।

**2007 में हुई थी शादी**

ग्वालियर की रहने वाली एक महिला की शादी मुरैना के रहने वाले व्यक्ति से नवंबर 2007 में हुई थी। शादी के कुछ साल बाद तो दोनों के बीच सब कुछ ठीक रहा, लेकिन बाद में दोनों के बीच घरेलू मुद्दों को लेकर अनबन रहने लगी। बाद में यह अनबन दोनों के बीच बड़े विवाद में बदल गई। इसके बाद 2020 में महिला ने अपने बेटे को लेकर पति का साथ छोड़ दिया और दो बेटियां पति के पास रह गईं। इस बीच पत्नी ने तलाक लेने के लिए कानून का दरवाजा खटकाया। पिछले 5 साल से कानूनी लड़ाई लड़ते-लड़ते यह मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया। इस बीच हाई कोर्ट ने दोनों पति-पत्नी को मिलाने के लिए काउंसलिंग के आदेश दिए। हाई कोर्ट के द्वारा काउंसलिंग कराने पर दोनों पति-पत्नी आमने-सामने बैठे और दोनों के बीच समझौता कराने का प्रयास किया गया। लेकिन करीब तीन घंटे तक दोनों पति-पत्नी के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर चलता रहा, इस दौरान पत्नी की बातें सुन पति बार-बार मुस्कुरा रहा था, जिसको लेकर पत्नी और नाराज हो गई।

बाद में दोनों पति-पत्नी तलाक के लिए भी तैयार हो गए। इस बीच कुछ ऐसा हुआ कि जो पति-पत्नी तलाक लेने के लिए दस्तखत करने ही वाले थे, वे अचानक ही एक साथ रहने के लिए तैयार हो गए और खुशी-खुशी दोनों के मन मिल गए। दरअसल, जो पत्नी अपनी बात पर पति के मुस्कुराने पर नाराजगी जता रही थी, उनकी तरफ से कहा गया कि पहले तो पति उसकी बातों को सुनकर मुस्कुराएगा नहीं... साथ ही पति उसे पूरा वेतन देगा... वहीं पति ने जो प्लॉट खरीदा है, उसे वह बिना उसकी लिखित सहमति के गिरवी नहीं रखेगा।

# बिजनेस ठप, पैसों की किल्लत

## सूरत में हीरा कारोबारी ने पत्नी, बेटे संग की आत्महत्या; सुसाइड नोट में क्या लिखा?

सूरत, 8 मार्च (एजेंसियां)। सूरत शहर में सामूहिक आत्महत्या की घटना सामने आई है। अमरोली इलाके में हीरा कारोबारी ने पत्नी और बेटे के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना सूरत के अमरोली इलाके में घटी। यह परिवार सूरत के अमरोली रोड स्थित एंटीलिया फ्लैट्स में रहता था। मृतकों के नाम भरत दिनेश सासंगिया, वनिता बेन और हर्ष भरत सासंगिया हैं। शुरुआती जांच के अनुसार, पैसों की तंगी की वजह से तीनों ने यह कदम उठा लिया। मृतक के घर से एक सुसाइड नोट भी मिला है। अस्पताल ले जाने पर तीनों लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है। इस मामले में मृतक भरत के साले दिलीप ने बताया कि यह मेरे मामा की लड़की थी, मेरे जीजा का हीरे का कारोबार था और लड़का भी हीरे का काम करता था। दिवाली के बाद हीरों में मंदी के कारण कारोबार ठप हो गया और मेरे बहनोई ऋण की किस्त न चुका पाने के कारण अस्पताल में भर्ती हो गए। 4 से 5 किस्त बकाया थीं।

# स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही

## एंबुलेंस में ऑक्सीजन खत्म होने से साढ़े तीन साल की बच्ची की मौत

राजगढ़, 8 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां एंबुलेंस में ऑक्सीजन खत्म होने से साढ़े तीन साल की बच्ची की मौत हो गई है। एंबुलेंस चालक और ईएमटी वाहन को लेकर फरार हो गए हैं। एक मासूम बच्ची की सिस्टम की लापरवाही की वजह से मौत का मामला गरमा रहा है। मध्य प्रदेश में एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का मामला सामने आया। इस बार 108 एंबुलेंस में ऑक्सीजन सिलेंडर खत्म होने से एक साढ़े तीन साल की बालिका की मौत हो गई। गुना जिले के धरनावदा गांव निवासी बच्ची के दादा औंकार सिंह कुशवाहा ने बताया कि उनकी साढ़े 3 साल की पोती हर्षिता को बुखार आने पर गुना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टरों ने इलाज में लापरवाही बरती। सुबह 6:40 पर गंभीर हालत में बालिका को 108 एंबुलेंस से भोपाल रेफर कर दिया गया। जब बालिका को लेकर भोपाल जा रहे थे तभी राजगढ़ जिले के ब्यावरा से 5 किलोमीटर दूर 108 एंबुलेंस में रखे ऑक्सीजन सिलेंडर में ऑक्सीजन खत्म हो गई। इसके बाद बालिका के दादा ने 108 में मौजूद कर्मचारियों से ऑक्सीजन खत्म होने की जानकारी दी। इसके बाद दूसरा ऑक्सीजन सिलेंडर लगाया गया। उसमें भी ऑक्सीजन नहीं थी। इसके बाद जब बालिका की तबीयत बिगड़ने लगी तो उसे सिविल अस्पताल ब्यावरा लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालिका के परिजनों ने आरोप लगाया कि 108 एंबुलेंस के चालक उनके कपड़े और अन्य सामान फेंककर, बालिका का पर्चा और जरूरी कागज लेकर भाग गए। इसके बाद उन्होंने कार्रवाई की मांग की है। इधर सूचना मिलने पर देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामला जांच में लिया और शव का पोस्टमार्टम कराया। मिली जानकारी के मुताबिक, टाइडफाइड से ग्रस्त साढ़े तीन साल की मासूम हर्षिता को गुना के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## बटाईदार नाबालिग के साथ करता था गलत हरकत, कोर्ट ने सुनाई पांच साल की सजा

सीहोर, 8 मार्च (एजेंसियां)। पॉक्सो न्यायालय के विशेष न्यायाधीश अभिलाष जैन ने एक महत्वपूर्ण फैसले में नाबालिग से गलत हरकत करने वाले चाणक्यपुरी सीहोर निवासी आरोपी को पांच साल के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक केदार सिंह कौरव ने मामले में पैरवी करते हुए बताया कि पीड़िता ने 18 मई 2022 को अपने माता-पिता के साथ थाना कोतवाली में उपस्थित होकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि वह अपने भाई और दादी के साथ खेत पर रहती थी। उसके पिता ने आरोपी नरबत सिंह राजपूत को दो वर्ष के लिए मुनाफे पर खेत दे दिया था, जहां नरबत सिंह खेती करता था। पीड़िता ने बताया कि पिछले एक महीने से जब भी उसकी दादी मजदूरी करने चली जाती थी, आरोपी नरबत सिंह घर के पास स्थित इमली के पेड़ के पास बुलाकर उससे शारीरिक छेड़छाड़ करता था। घटना को पीड़िता के छोटे भाई ने भी देखा, लेकिन आरोपी ने उसे धमकाया कि अगर उसने किसी को बताया तो दादी और आरोपी उसे पीटेंगे। डर के कारण पीड़िता ने यह बात किसी को नहीं बताई। बाद में उसने अपने भाई और माता-पिता के साथ पुलिस थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराने गई। पुलिस जांच के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पीड़िता ने न्यायालय में घटना का पूर्ण समर्थन किया।

# तान्या राव के तार कहां तक? जांच एजेंसियों के रडार पर अधिकारी और तस्कर



बेंगलूरू, 8 मार्च (एजेंसियां)। डीआरआई ने बड़े सोना तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। डीआरआई के इनपुट के बाद सीबीआई की ओर से बड़ी करवाई की गई है। सीबीआई ने अंतर्राष्ट्रीय गोल्ड स्मगलिंग सिंडिकेट के खिलाफ केस दर्ज किया है। सीबीआई की टीम मुंबई और बेंगलुरु एयरपोर्ट पहुंची। देश के बड़े गोल्ड तस्कर सीबीआई के निशाने पर हैं। तस्करी में शामिल पब्लिक सर्वेंट भी सीबीआई के निशाने पर हैं। आईपीएस रामचंद्र राव की स्टेप डॉटर रान्या राव के पास से 14.8 किलोग्राम विदेशी सोना और 4.73 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई थी। पुलिस ने कन्नड़ अभिनेत्री रान्या को गिरफ्तार कर लिया। रान्या को बेंगलुरु एयरपोर्ट से सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने सोने की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए रान्या को केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पकड़ा था। इसके पास पास से 14.8 किलो विदेशी सोना बरामद किया गया। जब्त किए गए सोने की कीमत 12.56 करोड़ रुपये आंकी गई है। विशेष खुफिया जानकारी के मुताबिक, डीआरआई अधिकारियों 3 मार्च 2025 को दुबई से बेंगलुरु पहुंची। इसकी उम्र 31 साल है। जब उसकी जांच की गई, तो उसके शरीर में छिपाए गए 14.8 किलो सोने के बिस्किट और छड़ें मिली।

कस्टम्स एक्ट, 1962 के तहत सोने को जब्त कर लिया गया। पूछताछ के बाद डीआरआई अधिकारियों ने महिला के बेंगलुरु में लावेल रोड पर स्थित घर पर छापा मारा, जहां वो अपने पति के साथ रहती है। तलाशी के दौरान अधिकारियों को 2.06 करोड़ रुपये के सोने के गहने और 2.67 करोड़ रुपये कैश को बरामद किया गया।

अधिकारियों ने उसे तुरंत जब्त कर लिया। डीआरआई ने महिला को कस्टम्स एक्ट, 1962 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस पूरे मामले में कुल 17.29 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की गई है। जो बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हाल के सालों में सबसे बड़ी सोने की बरामदगी में से एक है। अधिकारियों का मानना है कि यह महिला एक संगठित सोना तस्करी नेटवर्क का हिस्सा हो सकती है। मामले की जांच अभी भी की जा रही है। डीआरआई जल्द ही इस नेटवर्क से जुड़े दूसरे लोगों पर भी शिकंजा कस सकती है।

# मन के उत्सव का पर्व : होली



अतुल कुमार

बडे त्यौहारों में रंगों का पर्व होली एक है। होली अर्थात मन की कटुताओं , दुश्मनियों और बायस्ड ओपीनियंस को छोड एक दूसरे से प्रेम पूर्वक मिलना जुलना । होली मायने कडवे वचनों , बर्तावों और कठोर भावों को त्याग मधुर व्यवहार रखना ।होली मतलब उन सारी निगेटिव बातों को छोडना जिससे किसी का दिल दुखता हो ।होली का दहन इसलिये होता है कि सारे मानसिक विकारों , ईर्ष्याओं , चुगलियों , पर निंदाओं और अकड को आहुति दी जाए जिससे मन का मैल दूर हो । शास्त्रानुसार " निर्मल मन जन सो मोहि पावा / मोहि कपट छल छिद्र न भावा // जब तक मन शुद्ध नहीं होगा ,तब तक मुक्ति नहीं मिल सकती मन यदि शुद्ध हो गया तो श्रीकृष्ण तक अवश्य पहुंच जाओगे । मन सरल ,सुलभ और सच्चा हो तो प्रभु अपने शरणागत भक्तों को संसार के भय से निर्भय कर सदा के लिये अपना बना लेते हैं उसके सारे भार को गोवर्धन पर्वत की तरह उठा लेते हैं ।

होली पर्व हज़ारों सालों से मनाया जा रहा है लेकिन इसकी प्रासंगिकता आज अधिक दिखायी देती है क्यों कि जब बेचैन मनों की अशांति भटक रही हो , रिश्ते खत्म हो रहे हों ,व्यक्ति का मूल्यांकन उसके बौद्धिक ज्ञान , हुनर ,स्वभाव और सामाजिक योगदान के बजाए उसकी हैसियत यानी धन संपत्ति और समृद्धि के रूप में हो रहा हो और मटेरियलिस्म की चका चौंध के कारण जिसकी पूछ परख हो रही हो तब ऐसे पर्व उंगली थाम मानवता के सौहार्द भरे रास्ते की ओर ले जाते हैं । पिछले दिनों पढने मिला कि आज की सबसे बडी समस्या मेंटल हेल्थ का बिग़डना है ,डिप्रेशन , निराशा और लोनलीनेस सोसायटी में अभिशाप के रूप में फैल रहे हैं तब यह फेस्टिवल हंसी खुशी की बयार को बिखेरता है । क्यों कि इसमे आपसी मोहब्बत , मेल मिलाप और मधुरता की वह तासीर है जिसके लिये मन बेचैन है ।

सच तो यह है कि लोग हंसना ,मुस्कुराना और खुश रहना भूल गये हैं । इस काम का ज़िम्मा कामेडी शोज़ और लाफिंग क्लबस ने ले लिया है । जहां लोगों को हर दिन ज़ोर से हंसना सिखला हंसी की खोती आदत की ओर वापस ले जाना है ।ठहाके , हंसी और मुस्कान जो कभी पर्सनालिटी का नगीना हुआ करतीं , महफिलों की रौनक होतीं उसे भुला किस बीमारू समाज की ओर हम बढ रहे है सोचिये ! हंसते हंसते कट जाए रस्ते ,ज़िंदगी यूं ही चलती रहे / इस गीत की लाइन की आज ज़्यादा ज़रूरत है । भाग दौड भरी ज़िंदगी में हर कोई सुबह से शाम तक तनाव में रहता है किसी ने खूब कहा " मुसीबत ने दरवाज़ा खटखटाया पर ठहाकों भरी हंसी सुन कर दुम दबा वापस भाग गया " होली इसी आनंद को सिखलाती है ।

फाल्गुन पूर्णिमा से शुरु होने वाला यह दो दिन का पर्व होता है पहले दिन होलिका दहन होता है जो बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है । अगले दिन धुलंडी मनायी जाती है जहां लोग एक दूसरे को रंग लगाते हैं और पूरे उल्लास से रंग खेलते हैं । रंग यानी रंगों का वह इंद्रधनुष जो जीवनाकाश पर अपने सौंदर्य को बिखेरता है । हर रंग मनुष्य के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष प्रभाव डालता है दर असल ज़िंदगी को खुशनुमा बनाने के लिये कई रंगों की ज़रूरत होती है और प्रकृति ने अपने चारों ओर किसी न किसी रूप में इनकी खूबसूरती को बिखेरा है होली ऐसे रंगों को लेकर आती है जिनमें हर रंग कुछ न कुछ कहता दिखायी देता है ।लाल ,हरा ,पीला और गुलाबी आदि इनका साइंटिफिक आधार है । होली का हर रंग प्यार ,सम्मान और अपनेपन की भाषा बोलता है ।

वास्तव में खुशियों से भरा यह ऐसा त्यौहार है जिसमें हर उम्र के लोग ,सामाजिक स्तर ,भेद भाव को भूल रंगों में रंगे नज़र आते हैं रंगों के माध्यम से मन के अंदर की कुंठाएं बाहर आती है जिससे लोग उनसे मुक्त हो जाते हैं । अत; इसको भाई चारे को बढाने वाला पर्व माना गया हिंदी के नामी कवि साहित्यकार डा हरिवंश राय बच्चन ने इसका बखान कितने सुंदर रूप में लिखा उसकी कुछ पंक्तियों को पढिये " यह मिट्टी की चतुराई है ,रूप अलग औ रंग अलग / भाव विचार तरंग अलग ,ढाल अलग ढंग अलग ,आज़ादी है जिसको चाहो आज उसे वर लो // होली है तो अपरिचित से परिचय करो , रूढि – रीति और नीति के शासन से मत घबराओ / जो हो गया बिराना उसको फिर अपनाओ , होली है तो शत्रु को बांहों में भर लो, मित्र को पलकों में धर लो और रंगों के इस पर्व से अपने को निहाल लो // पुराणों के अनुसार यह त्यौहार हिरण्यकशिपु की बहन होलिका के मारे जाने की स्मृति में मनाया जाता है पुराणों में वर्णित कथानुसार होलिका को मिले वरदान के अनुसार प्रतिदिन वह अग्नि स्नान करतीं थी और जलती नहीं थी हिरण्य कशिपु ने अपनी बहन को भक्त प्रहलाद को गोद में ले स्नान करने को कहा जिससे प्रहलाद का अंत हो जाये । होलिका ने यही किया पर होलिका जल गयी प्रहलाद बच गये । होलिका वरदान की इस शर्त को भूल गयी थी कि अग्नि स्नान वह अकेले ही कर सकती है ।अतः भस्म हो गयी ।तभी से कहा गया कि हर बुराई का अंत होता है और अच्छाई की जीत होती है । इसीके प्रतीक के रूप में होली मनायी जाती है ।

होली से सर्दी के मौसम की समाप्ति और गर्मी की शुरुआत होती है । एक अन्य प्रसंगानुसार कंस के निर्देश पर जब राक्षसी पूतना ने श्रीकृष्ण को मारने के लिये विषपूर्ण दुग्धपान कराना शुरु किया तब श्रीकृष्ण ने दूध पीते - पीते उसे ही मार डाला कहते हैं कि उसका शरीर लुप्त हो गया तब लोगों ने उसका पुतला बना दहन किया और खुशियां मनायीं । तभी से मथुरा में होली भव्य रूप से मनाने की परंपरा है । दोनों प्रसंगों पर ध्यान दें तो यही तथ्य सामने आता है कि ईश्वर हमेशा सत्य सद्भाव और सदाचार को ही शरण देते हैं । होली सिर्फ फेस्टिवल नहीं बल्कि दिलों को जोडने का पर्व है जिसमें कई रंगों का मेल छिपा है ।

होली ,हास परिहास ,और हंसी ठिठौली का अवसर देती है जिससे मन में बसे गिले शिकवों , शिकायतों और शकों को दूर किया जा सके । ध्यान रहे ! आज की सबसे बडी ज़रूरत साफ और खुले दिल से मिलना जुलना है क्यों कि ऐंठ ने सारी फिज़ां को बिगाड रखा है तो हिरस ने दिलों की दूरियों को बडा दिया है , तब होली की और बडी प्रासंगिकता दिखायी देती है । अवसर पर हास्य कविताओं को इसलिये सुनाया जाता है कि भावनाएं उमंगित और मस्तानी हों खिलखिलाएं । किसी ने खूब लिखा कि " गुलाल के रंगों में कुछ इस तरह रंग जाएं / कि खुशियों के रंगों के अलावा आप पर दूसरा कोई और रंग न चढ पाये //

इस पावन पर्व के मौके पर गुजिया खाने का रिवाज़ है ताकि वाणी की मधुरता कायम रहे ।यह प्राचीन परंपरा है मान्यतानुसार बृज में होली के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण को भोग लगाने के लिये सबसे पहले गुजिया बनाई गयी थी ।तब से यह होली की मुख्य मिठाई बन गयी तभी से होली पर लगभग सभी घरों में गुजिया बनाने का रिवाज़ है । होली के साथ यह इतना जुड गयी है कि इसके बिना होली को अधूरा समझा जाता है ।रंगों की फुहारों के बीच गुजिया के कांबिनेशन को मन और रिश्तों के बीच समरसता के रूप में माना गया जिससे समानता और एकता की शिक्षा मिलती है ।

होली का त्यौहार लफडा नहीं लव मांगता है यही इसका मर्म है । किसी शायर ने खूब कहा " सभी रंगों का रास है होली , मन का उल्लास है होली / ज़िंदगी में खुशियां भर देती है होली , इसलिये बहुत खास है



# काव्य कुंज

## आशाओं के दीप जलाए रखना



संजीव ठाकुर,
रायपुर

आशाओं के दीप जलाए रखना,
संकट से जीवन बचाए रखना।
समय विपरीत आतताई काल,
आत्मशक्ति ऊंची बनाए रखना॥
संगी छूटे साथी छूटे और रिश्तेदार।
जीवन के संबल को बनाये रखना।
ना हो निराश,ना छुटे आत्मबल
आशाओं की डोर सजाये रखना।
अकेले हैं ऐसा कभी न सोचें।
आस्था के दीप जलाये रखना।
आत्मबल आत्मशक्ति ईश्वरीय शक्ति।
ईश्वरीय प्रार्थना मन में संजोये रखना।
संकट को भक्ति से जीतना ही होगा।
आशाओं पर आकाश टिकाये रखना।
रामजी करेंगे भव-सागर की नैया पार।
अपना खेवनहार ईश्वर को बनाए रखना ।
समय गुजरने में देर नहीं लगती
संकट को पैरों तले दबाए रखना।
यह तेरी,मेरी उसकी बात नहीं है,
प्रीत की जिजीविषा बनाए रखना ।
नव सूरज उदित नए पुष्प प्रस्फुटित
आशांओं के नव-दीप जलाए रखना।
शुभकामनाओं,मंगलकामनाओं सहित।

## आज की नारी



डॉ.प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

चाह नहीं पिता के घर से पति को सौंपी जाऊं
बन कर एक निरीह गईया मैं,
एक खूँटे से दूजे में बाँधी जाऊँ,
चाह नहीं रुनझुन -रुनझुन पायल बजाती,
गुड़िया सी सजी घर
आंगन की शोभा मैं बन जाऊँ।
चाह नहीं छुईमुई - सी बन कीटों से डर छिप जाऊँ,
चाह नहीं दहेज की गठरी बन दूसरों के भाग्य जगाऊँ।
चाह नहीं कुत्सित भँवरों के जाल में
फंस खुद की अस्मिता गँवाऊ,
मैं पापा की लाडली अपने घर की हूँ शोभा,
खूब पढ़ूंगी और लिखूंगी, नाम करूंगी ऊँचा।
ज्ञान विज्ञान अध्यात्म सभी से होगा मेरा नाता,
मान सम्मान आदर्श परंपरा होंगे मेरे भ्राता।
कुल का अपने अभिमान बनूँ मैं ऐसी है अभिलाषा,
यही चाह है यही लक्ष्य है यही है मेरी आशा ॥

## दो घूट



टी तारासिंह
हैदराबाद

शीशे से पी ले या पैमाने से
पी के ना हो जा मस्त
तेरे आंखो मे नशा है
तेरे जिंदगी मे दर्द है
दो घूट पी लिया आंख बंद करके
नशा मदिरा का कडवा लगा
दो घूट मे नही है ज़िंदगी का नशा
पीने के लिए तडप गया था
तेरी जिंदगी नही बदलेगी
कल की अब तू क्यो सोचे
तेरे आँसू अभी नही रूकेगे
अब तू बहुत थक गया है
जिंदगी अभी बहुत है आँख खुल जायेगी
पल पल तेरा नशा उतर जायेगा
नशा नही है किसी मे भी भरपूर
ले ले मजा जिंदगी का भरपूर
बिना शिशे के बिना पैमाने के
मदिरा अब कभी भी मत पीना ॥

## विश्वास



गजानन पाण्डेय

विश्वास बड़ी चीज है
जो दिलों को परखती
सच व झूठ का
फैसला करती
एक बड़ी तस्वीर है ।
हर परदे को गिराकर
खुद के आगे
रख देती दर्पण है ।
' सत्य ' ही विश्वास है
' विश्वास ' ही सत्य
हर व्यक्ति के होने का
यह एक एहसास है ।

## होली



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

आया होली का त्यौहार।
रंग लो तन मन को यार।
जीवन है रंग रंगीला,
सजालो अपना घर द्वार।
जीवन का हर पल।
गुजरे रंग भर भर।
आंसूँ न हो आंखों में,
खुशियों का हो भार।
दुःख न हो जीवन में।
रंग बिरंगे सपन में।
सुबह हो सुहानी सबकी,
हंसी गूंजे शाम आंगन में।
गोपियां आई भागी भागी।
कान्हा को रंग जायेंगे।
राधा के संग हम भी तो,
प्रेम रस को पाएंगे।
गूंज उठा सारा संसार।
कान्हा को सब रहे निहार।
फूलों की होली खेले कान्हा,
फूलों की होती है बौछार।

## बेड़ा पार तभी होगा



कुमुद बाला,
हैदराबाद

हिंसा ही है , हर धर्म की दुश्मन ,
कभी बेड़ा पार नहीं होगा
धर्म ही भक्ति,शक्ति व मुक्ति,
कर युक्ति,बेड़ा पार तभी होगा
जो दिलों को जोड़ दे ,
वह धर्म कहलाता है
विचारों को जो मोड़ दे , धर्म कहलाता है
जो दूरियाँ उत्पन्न करे , धर्म नहीं अधर्म है
जो संस्कृति धारण करे वह धर्म कहलाता है
गर चुनौती दें हम रूढिवादिता को , बेड़ा पार तभी होगा
धर्म ही भक्ति,शक्ति व मुक्ति,कर युक्ति,बेड़ा पार तभी होगा
भक्ति से ही संभव, परमात्मा का साक्षात्कार
जीवन की चुनौती में ,जीवन का सरोकार
जीवन में ही दर्शन व दर्शन में ज्ञान - ध्यान
ज्ञान विज्ञान की बगिया में, भक्ति की जयकार
है शिक्षित समाज में नारी का सम्मान, बेड़ा पार तभी होगा
धर्म ही भक्ति,शक्ति व मुक्ति,कर युक्ति,बेड़ा पार तभी होगा
आतंकवाद का खात्मा ही, लक्ष्य मानवता का
विश्वगुरू है भारत, यही यथार्थ पवित्रता का
धर्म ही अनुशासन ,जो वक्ता स्पष्टवादिता का
उज्ज्वल मन ,विशुद्ध वाणी, खात्मा दानवता का
अनुशासित जीवन का लक्ष्य असीमित ,बेड़ा पार तभी होगा
धर्म ही भक्ति,शक्ति व मुक्ति,कर युक्ति,बेड़ा पार तभी होगा

## यादों की खान



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

अधूरापन जिंदगी का वरदान बन गया।
रही पीड़ा मगर खुद ही कद्रदान बन गया।।
किया कभी प्रेम हमने भी एक भले इंसा से
देखने को इक झलक घूमते थे परेशां से,
आते जाते मिले कभी तो आंखें चार हो जाती
बेकरार हो जाते और शाम गुलजार हो जाती,
चलता रहा सिलसिला समय आगे बढ़ता रहा
पर कभी नहीं मिले हम, तीर नजर चलता रहा,
रोमांचित यादें देकर ही वो बहारें खो गई
नशा जीवन भर का दे के वो बहारें खो गई,
हृदय कलश यादों का रोशनदान बन गया।
अधूरापन जिंदगी का वरदान बन गया।
रही पीड़ा मगर खुद ही कद्रदान बन गया।।
पाकर तो वो बात न होती जो बिन पाए पाया
धूमिल हुई नहीं यादें, दिखे उनका ही साया ,
उस पल के एहसास से ही नया जोश भर आया
मेरे अधूरेपन को तो दिल ने प्रेम से सजाया,
उस वक्त की यादों ने जवां हमें बनाया है
मीठी मीठी टीस लगी कुछ नहीं गंवाया है,
अधूरेपन की शिराओं में यादों का जाल है
सपनों को भी महका रहा, प्यारा उनका ख्याल है,
मिले कभी न पर यादों की खान बन गया।
अधूरापन जिंदगी का वरदान बन गया।
रही पीड़ा मगर खुद ही कद्रदान बन गया।।

## कहने दो मुझको मेरी भावनाएं



डॉ टी महादेव राव

यह भावातिशयता नहीं है
अपनी भावनाएं कहने दो
कई संबंध एक व्यक्ति में
स्थिति को अनाम रहने दो
आंखें मेरी नम हुई जब
अपना कांधा तुमने बढ़ाया
पोंछकर मेरे नैनों की वर्षा स्नेह से साहस बँधाया
मातृ वात्सल्य में डूबी तुम्हें हृदय से मां कहने दो
कई संबंध एक व्यक्ति में स्थिति को अनाम रहने दो
विचलित मेरे मनस ने जब कभी पाई निराशा
थपथपाकर पीठ मेरा सहोदरी सी जगाई आशा
इस ममता मूरत को तुम बहन सी मन में बसने दो
कई संबंध एक व्यक्ति में स्थिति को अनाम रहने दो
व्याकुलता हुई जब संसार से और टूटा कई अंशों में
तुम ही तुम उपस्थित थी सांसारिक पीड़ा दंशों में
सुपुत्री की तरह तुमने सम्हाला तुम्हें बेटी कहने दो
कई संबंध एक व्यक्ति में स्थिति को अनाम रहने दो
राह भूला मंजिल को भूला जब कभी स्वयं से घबराया
स्नेहिल भावज सी तुमने सही मार्ग और लक्ष्य सुझाया
स्नेह औ प्रेम की देवी तुम्हें भाभी मान नमन करने दो
कई संबंध एक व्यक्ति में स्थिति को अनाम रहने दो
एकाकीपन के अंधकार ने जब मेरे अंतस को घेरा
दूर कर उस तम को तुमने सच्ची सखी सी डाला डेरा
आत्मीय माधुर्य हो तुम्हें प्रिय सखी संबोधित करने दो
कई संबंध एक व्यक्ति में स्थिति को अनाम रहने दो
मेरी पीड़ा और व्यथा को बांटने सदैव तत्पर तुम हो
गहन-यातना-जीवन में मंद स्मित का अवसर तुम हो
मेरे हर पल में उपस्थित तुम पर प्रेयसी नाम धरने दो
कई संबंध एक व्यक्ति में स्थिति को नाम रहने दो
किन-किन संबंध का माधुर्य और अपनापन मैंने है पाया
कह सकूंगा मैं संभव नहीं मिल तुमसे हर दुख बिसराया
तुम तुम्हीं हो और अनुपम तुम मेरी हो बार-बार कहने दो
कई संबंध एक व्यक्ति में स्थिति को अनाम रहने दो।।

## मुस्कान



शुभ्रस्मिता बुधिआ
(ओड़िशा )

सही कहा किसी ने कि
हर दर्द छिपा लेती है;
एक के चेहरे पर हो
अगर तो दूसरों की खुशी बन जाती है;
बड़ी अच्छी लगती है मुख पर मुस्कान।
चेहरे का नूर अलग सा बना देती है मुस्कान।
जीवन में नई आशाओं का संचार करती है,
दुःख कष्टों को पल में हर लेती है;
खुशी होती है देखकर अपनों के चेहरे पर मुस्कान ।
मानों चिन्ताओं से मुक्ति का एहसास है मुस्कान।
किसी बात पर जब अपने रूठ जाते हैं,
तब उन्हें मनाने की जीत में छिपी होती है;
मानों मासूम चेहरों की मासूमियत है मुस्कान।
दिल की खुशी की पहचान है मुस्कान।
न जाने कितने रूपों में बिखरी होती है;
अपनेपन के एहसासों से भरी होती है;
मंजिल को पाने पर आँखों से छलकती मुस्कान ।
बेरंग दुनियाँ में जीत की इन्द्रधनु है मुस्कान।।

## कल आज और कल



डॉ डी डी देसाई

कल ही की बात हैं.....
ज़ब भी आईने में देखता था,
प्यारा सा बालक नज़र आता था।
चेहरे पर मासूमियत...भोलापन,
माँ बाप के लाड़ प्यार में ख़ुशी ढूंढ़ता।
नटखट...अल्हड़....चतुर्भुज जैसा,
जल्दी से बड़ा होने की चाहत लिए..
रोज आईने में निहारता था।
और.....
जब आज आईना देखता हूँ...
बड़े होने की जिद्द टूट गयी थी।
हर ख्वाहिश.. जरूरतों तले दब गयी थी।
मासूमियत का रंग बेरंग हुआ था,
सर पर रजत तार झाँकने लगे थे।
जिनके भरोसे उछलते कुदते थे..
ऊन माँ बाप का साथ छूट गया था।
और....
ज़ब कल आईना देखूँगा...
न जाने क्या क्या देखने मिलेगा....?
रजत तारों का उजड़ा चमन हुआ होगा।
शायद.....बहु बेटे से ठुकराया जाऊँगा...
अपने ही घर से बेघर हो जाऊँगा...
न जाने दर्द की पोटलियाँ कहाँ होंगी...
न जाने कितने जख्म ऊकेरे होंगे..
हालात से मजबूर...बिखरे होंगे...।
सुखी नसों से बहा भी न जाएगा,
क्या पता...यह सब सहने से पहले...
मुक्ति पा लिए होंगे......।
पलकों में लहू उतरने से पहले...
परलोक ही सिधर गए होंगे...।

## दिल में मोहब्बत चाहिए



रमेश गायकवाड
रागा, हैदराबाद

पसीना धूप का नहीं मेहनत का चाहिए
धन दौलत यूं ही नहीं श्रम की चाहिए
दिखावे का अंदाज पल-पल बदल रहा
हर अंदाज की नजरअंदाज नहीं मंजिल चाहिए
तसल्ली का अंदाज ही कुछ और होता है
हर लम्हा छोटा हो जाय ऐसा मुसाफिर चाहिए
खुशियों की जड़ों को मजबूत करने केवल
लबों पर हंसी नहीं, दिल को मुस्कान चाहिए
हर रोज मिलाते हैं हाथ अपने समझकर
तकदीर नहीं पर दिल में मोहब्बत चाहिए।।

## बहुत छाले हैं...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

सत्य ईमानदारी के पथ पर चलता रहा
सीना चौड़ा कर, फुले नहीं समाता रहा
चित्रगुप्त दरबार में कर्मों का लेखा-जोखा
नेकी कर दरिया में डाल ,
स्तब्ध मझधार में उलझता रहा
थक गया,अब और नहीं
अंधेरों से जंग लड़ रहा होगा
बहुत छाले हैं उसके पैरों में
कमबख्त उसूलों पर चला होगा
चौबीसों घंटे कोल्हू बैल तरह चलता रहा
अपने ही बनाए गड्ढों में धसता रहा
छोड़ो,इधर उधर की नहीं जानता,
मन चंगा कठौती में गंगा,
अंतरात्मा से बात करता रहा
अंतिम प्रहर, खामोश पड़ा,
अपने आप से उलझ रहा होगा
जा तू मेरे वल है तां क्या मुच्छंदा
सब कुछ तैनू सोपिया , मैं तेरा बंदा
जीवन है तो आते रहेंगे व्यवधान
सबे काज सवारिए, जा तुध पावंदा
एक का समाधान दूसरा तना सामने
इम्तिहानों से घिरा होगा
बहुत छाले हैं...

## समर्पण



दीप चन्द भारद्वाज

समर्पण की तरंगें
जब उठ जाती हैं अंतस में
सम्पूर्ण अन्तःकरण को
कर देती हैं आर्द्र तब
अपने सात्विक प्रवाह से।
यह समर्पण ही तो है
जो क्षण में बदल देता है
हमारी व्यष्टि को समष्टि में।
क्षीण हो जाता है मेरा अहंत्व
शिथिल हो जाते हैं बन्धन समस्त
करके अनुभूत तेरी विराट सत्ता को।
यह समर्पण ही तो है
जो मुझे ले जाता है तेरी ओर
गहनतम अविद्या से हटाकर
विलीन हो जाती है मेरी सत्ता
तेरे अनन्त आनंद प्रवाह में।

## शराफत



हेमंत सुराना,
उदयपुर

शराफत को कमजोरी ना समझना,
खामोशी को मजबूरी ना समझना
लिहाज करने को बेवकूफी ना समझना,
नादानी को विवशता ना समझना
माफी मांग ली तो बेबसी ना समझना,
शराफत की है, साजिश ना समझना
ना खुद में रहे, ना दुनिया के हुए,
शराफत की वजह से चुप बैठे रहे
हमारी शराफत का फायदा ना उठाओ,
हमारी शराफत को बुजदिली का नाम ना दो
ऐसा नहीं कि हमें जवाब देना नहीं आता,
ऐसा नहीं कि हमें खामोशी तोड़ना नहीं आता
वक्त की नजाकत कहती है, चुप रहो,
शोर की शराफत कहती है, चुप रहो
जिस दिन रूखापन दिखा देंगे,
तो कयामत आ जाएगी
मेरी शराफत पर शक ना करना,
मेरी शराफत पर शक ना करना ।

## जलतरंग सी होली



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

एक तरंग है, एक उमंग है,
अतरंग है,सतरंग है,
होली का हुड़दंग है,
बाजे चंग- मृदंग है,
हर मन मस्त मलंग है,
चहुंओर बिखरे रंग हैं ।
जीवन भी उत्सव होली सा,
है अद्भुत सा ये जलतरंग,
शीतल जल सा शीतल स्पर्श,
कानों में घोल दे कोमल स्वर।
संगीत है ये तो सतरंगी,
सात सुरों की है सरगम।
कभी खुशियों का सैलाब है ये,
तो कभी बिन डोर की है ये पतंग।।
कहीं चटख रंगों की मार है,
तो कहीं भीने रंगों की फुहार है
कहीं प्रेम का इजहार है और कहीं इंकार है,
कहीं उतार है, कहीं चढ़ाव है,
नहीं मनमुटाव, नहीं कृत्रिमता,
चारों ओर बिखरा प्रेम और सद्भाव है।।
है मनभावन, है मनरंजन,
सौहार्द भाव से सजा हर आंगन,
हर उपवन में बहार है,
उल्लसित घर संसार है।
जलतरंग सा होली का त्योहार,
चंचल- चपल प्रकृति का उपहार है।।

## हे नारी योगदान तुम्हारा...!



संजय एम.
तराणेकर, इंदौर

हे नारी योगदान तुम्हारा स्वप्रमाणित,
दायित्वों का निर्वाह करती द्विगुणित।
हर कोई ये मानता 'महिला का हाथ',
माँ, पत्नी, बहन-बेटी जब देती साथ।
हरेक परिवार का आधार होती महिला,
सौम्य-शालीन परिपोषिका होती कला।
हे नारी योगदान तुम्हारा स्वप्रमाणित,
दायित्वों का निर्वाह करती द्विगुणित।
बहुमुखी गुणों से अलंकृत करती नारी,
सेवा-सुसृषा में जिन्दगी गुजरती सारी।
चरित्र,शील,दया,शक्ति,चातुर्य व करूणा,
परिवार को एक सूत्र में बांध देती रमणा।
हे नारी योगदान तुम्हारा स्वप्रमाणित,
दायित्वों का निर्वाह करती द्विगुणित।
अपने 'अस्तित्व' की स्व-रक्षा कर रही,
आज पुरूषों के 'समकक्ष' आ खड़ी रही।
नारी सशक्तिकरण हेतू प्रयत्नशील रहें,
सतत कृतज्ञता व सम्मान की धारा बहें।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications. Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# सबसे क्रूर मुगल बादशाह औरंगजेब !




मुगल बादशाह औरंगजेब की तारीफ कर सपा विधायक अबू आजमी घिर चुके हैं। उन्हें महाराष्ट्र विधानसभा के बजट सत्र से सस्पेंड कर दिया गया है। उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हुई। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा- 'यूपी बुलाइए, इलाज कर देंगे।' आजमी का कहना है कि मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर दिखाया गया है। मंदिर तोड़ने के लिए कुख्यात औरंगजेब ने क्या सच में मंदिर बनवाए, क्यों कहा जाता है सबसे क्रूर मुगल बादशाह, औरंगजेब की मराठा शासकों से असली दुश्मनी क्या थी; ऐसे ही सवालों की पडताल करती रिपोर्ट।

3 मार्च को अबू आजमी ने छत्रपति संभाजी महाराज पर बनी फिल्म 'छावा' के बारे में कहा था कि इसमें गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। आजमी ने कहा, 'औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए हैं। मैं उसे क्रूर शासक नहीं मानता। छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच धार्मिक नहीं, बल्कि सत्ता और संपत्ति के लिए लड़ाई थी। औरंगजेब ने मंदिरों के साथ मस्जिदों को भी नष्ट किया। अगर वह हिंदुओं के खिलाफ होता, तो 34% हिंदू उसके साथ नहीं होते।

बयान सामने आने के बाद 3 मार्च को ही ठाणे के वागले एस्टेट पुलिस स्टेशन में शिवसेना सांसद नरेश गणपत म्हस्के ने आजमी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। शिकायत में कहा गया कि आजमी ने औरंगजेब के शासन का महिमामंडन किया, जबकि उसके अत्याचारों को कम आंका। विवाद बढ़ता देख 4 मार्च को आजमी ने बयान वापस लेते हुए कहा, मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर दिखाया गया, लेकिन फिर भी मेरी बात से कोई आहत हुआ है तो मैं अपने स्टेटमेंट वापस लेता हूं। मैंने वही कहा है जो इतिहासकारों और लेखकों ने लिखा है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा,अबू आजमी ने उस औरंगजेब की तारीफ की, जिसने छत्रपति संभाजी महाराज को 40 दिनों तक प्रताड़ित किया। ऐसे व्यक्ति को अच्छा कहना महापाप है।

इतिहास गवाह है कि औरंगजेब ने पिता को कैद और भाई को मारकर सत्ता हथियाई थी। पांचवें मुगल बादशाह शाहजहां के 4 बेटे थे- दारा शिकोह, शाहशुजा, औरंगजेब और मुराद बख्श। शाहजहां हमेशा से चाहते थे कि दारा शिकोह ही उनका उत्तराधिकारी बने। इतिहासकार अवीक चंदा ने अपनी किताब 'दारा शिकोहः द मैन हू वुड बी किंग' में लिखा है, 'शाहजहां को दारा इतने प्रिय थे कि वह उन्हें सैन्य अभियानों पर नहीं भेजते थे। वहीं छोटे बेटे औरंगजेब को 16 साल की उम्र में ही सैन्य अभियान के लिए दक्षिण भारत भेज दिया था।

1657 में शाहजहां के बीमार पड़ने के बाद मुगल साम्राज्य में उत्तराधिकार की जंग छिड़ गई। दारा को सबसे बड़ी चुनौती मिली छोटे भाई औरंगजेब से। 30 मई 1658 को दारा शिकोह और औरंगजेब के बीच आगरा से 13 किलोमीटर दूर 'सामूगढ़ की जंग' हुई। इसमें दारा की हार हुई। जीत के बाद औरंगबेज ने आगरा के किले पर कब्जा जमा लिया और 8 जून 1658 को अपने पिता शाहजहां को गद्दी से हटाते हुए जेल में डाल दिया। मार्च 1659 में दारा शिकोह और औरंगजेब के बीच फिर जंग हुई। अजमेर के पास हुई 'देवराई की जंग' में दारा को फिर से शिकस्त मिली।

फ्रेंच इतिहासकार फ्रांस्वा बर्नियर ने अपनी किताब 'ट्रैवल्स इन द मुगल एंपायर' में लिखा है, 'औरंगजेब ने अपने भाई दारा को जंजीरों में जकड़कर एक हाथी पर बैठाकर दिल्ली की उन सड़कों पर घुमवाया था जहां उसकी कभी तूती बोलती थी। दुनिया के सबसे अमीर राजपरिवार का वारिस फटे कपड़ों में अपनी ही जनता के सामने बेइज्जत हो रहा था। 30 अगस्त 1659 को औरंगजेब ने दारा का सिर धड़ से अलग कर एक थाली में सजाकर आगरा में कैद शाहजहां को 'कीमती तोहफा' कहकर भिजवाया था। जब शाहजहां ने थाली से कपड़ा हटाया तो दारा का कटा सिर देखकर उनकी चीख निकल गई। औरंगजेब ने करीब 50 साल तक दिल्ली की गद्दी पर राज किया। वो सबसे लंबे समय तक शासन करने वाला मुगल बादशाह बना।

9 अप्रैल 1669 को औरंगजेब ने हिंदुओं के मंदिरों को गिराने का आदेश दिया। ये आदेश औरंगजेब शासन वाले सभी 21 सूबों में लागू हुए। यहां हिंदुओं की धार्मिक प्रथाओं और त्योहारों को मनाने पर भी रोक लगा दी गई। इसका जिक्र उनके दरबार से जुड़े लेखक साकी मुस्तैद खान ने अपनी किताब 'मआसिर-ए-आलमगीरी' के चैप्टर 12 में किया है। 1965 में प्रकाशित वाराणसी गजेटियर के पेज नंबर-57 पर भी इस आदेश का जिक्र है। इतिहासकार मानते हैं कि इसी आदेश के बाद सोमनाथ, काशी विश्वनाथ समेत दर्जनों मंदिरों को गिराया गया।

इतिहासकार इरफान हबीब का कहना है कि इसमें कोई दो राय नहीं कि औरंगजेब ने मंदिरों को तोड़ने के आदेश जारी किए थे। उस वक्त के राजा-महाराजा मंदिर और मठ बनवाते थे। ऐसे में जब कोई दूसरा राजा उस साम्राज्य को जीतता था तो वह सबसे पहले उस साम्राज्य के प्रतीक को खत्म करना चाहता था। औरंगजेब ही नहीं, बल्कि कई दूसरे राजाओं ने भी ऐसा किया। मंदिर गिराने वालों में हिंदू राजा भी थे।

मौर्य राजाओं के बाद सत्ता संभालने वाले शुंग वंश के राजा पुष्यमित्र ने दर्जनों बौद्ध मठों को नष्ट किया था। बड़ी संख्या में बौद्ध भिक्षुओं की हत्या भी की थी। सन 642 में पल्लव राजा नरसिंहवर्मन ने चालुक्यों की राजधानी वातापी में भगवान गणेश के मंदिर को लूटा और उसके बाद तोड़ दिया। ये घटनाएं इतिहास की किताबों में दर्ज हैं।

इतिहासकार राम पुनियानी का कहना है कि हिंदुओं पर जजिया टैक्स औरंगजेब ने अपने शासन के शुरुआती 20 साल में नहीं लगाए थे। जब खजाना खाली हो गया तो औरंगजेब ने मौलानाओं के आदेश के बाद इसे लगाने का फैसला लिया। औरंगजेब धर्म बदलने के लिए सिर्फ उसे मजबूर करता था, जो उसके दुश्मन थे। मराठा सम्राट संभाजी महाराज और गुरु तेग बहादुर की हत्या इसके उदाहरण हैं।

जेएनयू में इतिहास के प्रोफेसर नदीम रिजवी के मुताबिक, 'इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि औरंगजेब सबसे क्रूर मुगल बादशाह था। उसने मजहब के लिए नहीं, बल्कि अपनी ताकत दिखाने और पूरे देश में मुगल साम्राज्य का परचम लहराने के लिए लड़ाई लड़ी। दक्कन पर राज करना भी इसी उद्देश्य में शामिल था। इसीलिए छत्रपति शिवाजी और संभाजी महाराज से उसकी दुश्मनी थी।'

16वीं सदी में जब छत्रपति शिवाजी ने अहमदनगर का किला लूटा तो औरंगजेब ने शिवाजी से लड़ने के लिए जय सिंह को भेजा। जय सिंह 14 हजार सैनिकों की फौज लेकर 3 मार्च 1665 को दक्कन पहुंचे। पुरंदर के किले और उस्मानाबाद जैसी कई जगहों पर शिवाजी और जय सिंह की सेनाओं में लड़ाई हुई। इसमें शिवाजी को समझौता करना पड़ा। इसके तहत उन्हें पुरंदर सहित अपने जीते हुए 25 में से 23 किले मुगलों को देने पड़े और साथ ही यह वादा करना पड़ा कि उनके बेटे संभाजी मुगलों की सेना में सेवा देंगे। 12 मई 1666 को छत्रपति शिवाजी को बेटे संभाजी के साथ औरंगजेब के दरबार में पेश होना पड़ा। जहां उन्हें अपमानित करने के बाद नजरबंद कर दिया गया। किसी तरह 20 अगस्त 1666 को फलों की टोकरी में बैठकर शिवाजी दक्कन भाग निकले।

5 अप्रैल 1680 को छत्रपति शिवाजी के निधन के बाद उनके बेटे संभाजी ने रायगढ़ की सत्ता संभाली। औरंगजेब को दक्कन चाहिए था और इस रास्ते में संभाजी महाराज खड़े हुए थे। शिवाजी की मौत के 2 महीने बाद ही औरंगजेब ने मराठा साम्राज्य पर हमला करने के लिए 2 लाख सैनिकों की फौज भेजी। संभाजी ने छापामार युद्ध से औरंगजेब की सेना को बहुत नुकसान पहुंचाया। औरंगजेब भी दिल्ली छोड़कर दक्कन अभियान पर निकल पड़ा। फरवरी 1689 में कोंकण इलाके में एक जंग के दौरान संभाजी को पकड़ लिया गया। उन्हें अहमदनगर के बहादुरगढ़ ले जाकर औरंगजेब के सामने झुकने को कहा गया। उनकी जीभ काट दी गई और जिंदा रहने के लिए इस्लाम कबूलने की शर्त रखी गई। औरंगजेब ने 11 मार्च 1689 को पुणे के पास तुलापुर में उनका सिर कलम करवा दिया। बाद में मराठों ने उनके शरीर को सिलकर उनका अंतिम संस्कार किया।कहा जाता है औरंगजेब ने हत्या से ठीक पहले संभाजी राजे से कहा था, 'अगर मेरे चार बेटों में से एक भी तुम्हारे जैसा होता तो सारा हिंदुस्तान कब का मुगल सल्तनत में समा चुका होता।'

आम लोगों के बीच औरंगजेब की छवि हिंदुओं से नफरत करने वाले धार्मिक उन्माद से भरे कट्टरपंथी बादशाह की रही है। अमेरिकी इतिहासकार ऑडरी ट्रस्चके अपनी किताब 'औरंगजेबः द मैन एंड द मिथ' में लिखती हैं कि औरंगजेब ने 15 करोड़ लोगों पर करीब 49 साल तक राज किया। औरंगजेब के शासन के दौरान मुगल साम्राज्य इतना फैला कि पहली बार उसने करीब-करीब पूरे उपमहाद्वीप को अपने साम्राज्य का हिस्सा बना लिया। इतिहासकार प्रदीप केसरवानी का कहना है कि औरंगजेब ने मंदिर सिर्फ तोड़े नहीं, बल्कि बनवाए भी थे। उसके बनाए गए मंदिरों में बालाजी मंदिर चित्रकूट, उमानंद मंदिर गुवाहाटी शामिल हैं।

इसी तरह कई मंदिरों जैसे महाकालेश्वर और सोमेश्वर मंदिर को उसने दान दिए थे। प्रदीप कहते हैं कि औरंगजेब और दूसरे मुगल शासकों ने हिंदू और मुस्लिम के बीच भाईचारा बढ़ाने की भी कोशिश की। हालांकि इरफान हबीब का कहना है कि औरंगजेब कभी नहीं बदला। औरंगजेब को लगता था कि उसे खुदा ने चुना है। इसी वजह से वह अंत तक खुदा के प्रति हमेशा वफादार रहा। उसने अपने शासन के दौरान ही हिंदुओं के मंदिर तोड़े थे और बनवाए भी थे। इसलिए ये कहना कि बाद के दिनों में वह बदल गया, सही नहीं है।

इरफान हबीब का कहना है कि औरंगजेब ने पावर के लिए अपने पिता को बंदी बनाया था और भाई की हत्या कर दी थी। उसने हिंदुओं से नफरत की वजह से नहीं बल्कि अपनी ताकत दिखाने के लिए मंदिरों को तोड़ा।

# डिकोड होने लगी सिंधु घाटी सभ्यता की लिपि




छह हजार साल पुरानी एक पहेली क्या सुलझ चुकी है? यज्ञदेवम के नाम से प्रसिद्ध भारत राव ऐसे क्रिप्टोग्राफर हैं जिन्होंने सिंधु घाटी की लिपि को पढ़ने का दावा किया है। क्रिप्टोग्राफी मतलब गुप्त भाषाओं को समझने का विज्ञान। यज्ञदेवम इतिहासकारों, पुरातत्वविदों और भाषाविदों के बीच एक अनोखी शख्सियत हैं। वो कहते हैं कि उन्होंने सिंधु घाटी की लिपि की गुत्थी सुलझा ली है। सिंधु लिपि वाले सबसे पुराने बर्तन 4000 ईसा पूर्व के हैं। तब से, इस लिपि को समझने की कई कोशिशें हुईं, लेकिन कोई कामयाब नहीं हुआ।

कई प्राचीन लिपियों को द्विभाषी या त्रिभाषी शिलालेखों का उपयोग करके समझा गया था। मिस्र के चित्रलिपि को समझने में रोसेटा स्टोन ने मदद की थी। यह पत्थर नेपोलियन के मिस्र पर आक्रमण के दौरान मिला था। इसमें एक ही बात यूनानी और चित्रलिपि, दोनों में लिखी थी। इससे चित्रलिपि को समझने में मदद मिली।हेनरी रॉलिन्सन ने भी एक प्राचीन लिपि को समझा था। वो जाग्रोस पहाड़ों पर गए, जहां एक शिलालेख तीन भाषाओं में लिखा थाः पुरानी फारसी, एलामाइट और सुमेरियन। रॉलिन्सन अपनी जान जोखिम में डालकर उस खड़ी चट्टान पर चढ़े और शिलालेख की नकल उतारी। फारसी के अपने ज्ञान से उन्होंने एलामाइट और सुमेरियन लिपियों को भी समझ लिया।

भारत में ब्राह्मी लिपि को समझने में एक इंडो-बैक्ट्रियन राजा अगैथोक्लीज के सिक्के ने मदद की। सिक्के के एक तरफ उसका नाम यूनानी में और दूसरी तरफ ब्राह्मी में था। लेकिन, सिंधु लिपि के साथ कभी कोई दूसरी ज्ञात लिपि नहीं मिली, जिससे उसे समझने में मदद मिलती।

यज्ञदेवम ने आधुनिक सूचना सिद्धांत के जनक क्लॉड शैनन के 1945 के एक पेपर की मदद से क्रिप्टोग्राफी का इस्तेमाल किया। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान शैनन से पूछा गया था कि गुप्त कोड कैसे बनाये जाएं जिन्हें तोड़ा न जा सके। शैनन ने पाया कि अगर पर्याप्त कोडेड मेसेज पढ़े जा चुके हों तो सभी कोड तोड़े जा सकते हैं। इसके अलावा, पर्याप्त टेक्स्ट पढ़ने से यह सुनिश्चित होता है कि जो समाधान मिला है, वह अद्वितीय है। सिंधु लिपि को समझने के पिछले अधिकांश प्रयासों में बहुत छोटे शिलालेखों को मान दिया गया था। लेकिन, जब वही चिह्न लंबे शिलालेखों में आते थे, तो दिए गए मान सार्थक वाक्यांश नहीं बना पाते थे। इस वजह से लंबे शिलालेखों में आने पर लिपि को समझने वालों को उन्हीं चिन्हों को अलग अर्थ देने पड़ते थे। इस प्रकार, जैसे-जैसे और संदेश पढ़े जाते गए, संभावित समाधानों की संख्या बढ़ती गई, इसलिए सही समाधान मिलना मुश्किल था। राव का पहला काम सिंधु लिपि के लिए एक भाषा की परिकल्पना करना था। वह 'एग्लूटिनेटिव भाषाओं' को खारिज करने में सक्षम थे। इनमें द्रविड़ भाषाएं, और सुमेरियन, एलामाइट और हित्ती जैसी प्राचीन मध्य पूर्वी या निकट पूर्वी भाषाएं शामिल हैं। ऐसा इसलिए था क्योंकि इन भाषाओं के पैटर्न और सिंधु चिन्हों के पैटर्न बेमेल थे। पहला, सिंधु लिपि में ऐसे मामले थे जहां एक ही चिह्न को लगातार तीन बार दोहराया गया था। ऐसा एग्लूटिनेटिव भाषाओं में कभी नहीं हुआ। लेकिन यह पुराने वैदिक संस्कृत में हुआ (उदाहरण के लिए, जजज जिसका अर्थ है 'मैंने लड़ा')। दूसरा, एग्लूटिनेटिव भाषाओं में कभी भी दो से अधिक मूल शब्दों से बने यौगिक शब्द नहीं थे, जबकि सिंधु लिपि में ऐसे शब्द थे, जैसे संस्कृत में हैं। तीसरा, एग्लूटिनेटिव भाषाओं में उपसर्ग या प्रत्यय थे जो अलग-अलग शब्दों के रूप में मौजूद नहीं हो सकते थे और जो हमेशा एक निश्चित क्रम में मूल शब्द से जुड़े होते थे। हालांकि, सिंधु लिपि में संभावित उपसर्ग और प्रत्यय अलग-अलग शब्दों के रूप में भी होते हैं, और विभिन्न शिलालेखों में अलग-अलग स्थिति क्रम में होते हैं। यह एग्लूटिनेटिव भाषाओं के साथ असंगत था, लेकिन संस्कृत के अनुरूप था। इस प्रकार, यज्ञदेवम ने संस्कृत को सिंधु लिपि की भाषा मानकर अपना डिकोडिंग शुरू किया। कोड तोड़ने के तरीकों का उपयोग करके उन्होंने चिह्नों को मान निर्धारित किए। इसमें सबसे अधिक आवृत्ति वाले चिह्न की पहचान करना, फिर उसके साथ सबसे अधिक बार आने वाले चिह्न की पहचान करना होता है। यह एक क्रम में तब तक चलता रहता है जब तक कि सभी चिह्नों की पहचान न हो जाए। इस प्रक्रियां उन्होंने पाया कि निर्धारित मानों के परिणामस्वरूप सार्थक शब्द, व्याकरणिक रूप से सही अभिव्यक्तियां प्राप्त हुईं। वह शैनन की विशिष्टता की सीमा को पूरा करने के लिए पर्याप्त रूप से समझने में सक्षम थे।

# दुबई से भारत में कैसे होती है स्मगलिंग

**14.8 किलो सोना बेल्ट-जैकेट में छिपाया, कैसे पकड़ी गई आईपीएस की एक्ट्रेस बेटी; विदेश से कितना गोल्ड ला सकते हैं**



कन्नड़ फिल्मों की एक्ट्रेस रान्या राव दुबई से सोने की तस्करी करते हुए बेंगलुरु एयरपोर्ट पर रंगे हाथों पकड़ी गईं। उन्होंने एक खास तरह की बेल्ट के सहारे 14.8 किलो सोना छिपा रखा था, जिसकी कीमत करीब 12 करोड़ है। पिछले 15 दिनों में 4 बार दुबई जाने की वजह से रान्या एजेंसियों के राडार पर थी। वो कर्नाटक पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के महानिदेशक पद पर तैनात एक IPS अधिकारी की सौतेली बेटी हैं।

आखिर दुबई से सोने की तस्करी में IPS की एक्ट्रेस बेटी क्यों कूद गई, कितनी सजा मिलेगी और कैसे चलता है गोल्ड स्मगलिंग का काला धंधा? रिपोर्ट्स के मुताबिक 2025 में रान्या राव ने 10 से ज्यादा इंटरनेशनल फ्लाइट्स पकड़ीं। पिछले 15 दिनों में वो 4 बार दुबई जा चुकी हैं, जबकि वहां न उनका कोई बिजनेस है और न ही कोई रिश्तेदार रहता है। इससे राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) के अधिकारियों को शक हुआ और उन पर निगरानी बढ़ा दी गई। 3 मार्च 2025 को रान्या राव दुबई की एक फ्लाइट से बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचीं। वहां DRI की टीम पहले से उन्हें ट्रैक कर रही थी। रान्या बेहद कॉन्फिडेंट दिख रही थीं। उनके चेहरे पर घबराहट के कोई लक्षण नहीं दिखे।एयरपोर्ट पर उन्होंने खुद को कर्नाटक के DGP की बेटी बताया, जिससे उन्हें एस्कॉर्ट मिल जाए और बिना तलाशी के एयरपोर्ट से बाहर निकल जाएं। कॉन्स्टेबल बसवराज इसमें उनकी मदद करता था। लेकिन इस बार DRI की टीम ने रान्या को रास्ते में रोका, तो कॉन्स्टेबल बसवराज बोला- 'क्या आप जानते हैं ये कौन हैं? ये DGP रामचंद्र राव की बेटी हैं।' हालांकि, DRI पहले से तैयार थी और रान्या को बेंगलुरु के DRI हेडक्वार्टर में पूछताछ के लिए ले गई। जब उनकी तलाशी ली गई तो बेल्ट और जैकेट में चालाकी से छुपाई गई 14.8 किलो सोने की ईंटें मिलीं।

इस सोने की कीमत करीब 12.56 करोड़ रुपए है। रान्या को गिरफ्तार कर लिया गया।

DRI अधिकारियों ने बेंगलुरु में लावेल रोड पर स्थित रान्या के अपार्टमेंट की भी तलाशी ली। इसमें 2.06 करोड़ रुपए के सोने के आभूषण और 2.67 करोड़ रुपए नकद बरामद हुए। 4 मार्च यानी मंगलवार को रान्या को बेंगलुरु में आर्थिक अपराधों की विशेष अदालत में पेश किया गया। जहां से उन्हें 14 दिन की हिरासत में भेज दिया गया।

रान्या के सोने की तस्करी में कूदने की दो बड़ी वजहें हैं... । पहली वजहः रान्या को मिलने वाला सिक्योरिटी प्रोटोकॉल था। राजस्व खुफिया निदेशालय को सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल से पता लगा कि पिछली 4 फ्लाइट्स के दौरान रान्या ने एक ही प्रोटोकॉल फॉलो किया। जब रान्या एयरपोर्ट पहुंचतीं तो एक अधिकारी टर्मिनल पर मुलाकात करता और उन्हें बाहर ले जाता, जिससे रान्या का सिक्योरिटी चेक नहीं होता। जांच से बचाने के लिए रान्या को सरकारी गाड़ी में ले जाया जाता था। इस प्रोटोकॉल की वजह से रान्या एयरपोर्ट से सोना निकालने की मुफीद शख्स थीं। दूसरी वजहः सोने की एक खेप से करीब 51 लाख कमाई होती थी। आईबीजेए के मुताबिक भारत में फिलहाल एक किलो सोने की कीमत 86.4 लाख रुपए है। जबकि दुबई में एक किलो सोने का ऑफिशियल रेट करीब 83 लाख रुपए है। अगर दुबई से 1 किलो सोना खरीदकर बिना कस्टम ड्यूटी चुकाए भारत में लाकर बेच दें, तो 3.4 लाख रुपए ज्यादा मिलेंगे। रान्या एक ट्रिप में करीब 15 किलो सोना लाती थीं। यानी उनकी एक ही ट्रिप से करीब 51 लाख रुपए का फायदा। रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले 15 दिनों में रान्या ने दुबई की 4 ट्रिप मारी। रिपोर्ट्स के मुताबिक जिस रैकेट के साथ वो काम करती थीं, उसे प्रति किलो 1 लाख रुपए मिलते थे।

बता दें कि दूसरे देश से भारत में सोना खरीदकर लाने पर सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत कस्टम ड्यूटी लगती है। अगर कोई पुरुष दुबई से 20 ग्राम तक सोना ला रहा है तो कोई चार्ज नहीं लगता। 20 से 50 ग्राम सोना खरीद कर भारत ला रहा है तो 3% कस्टम ड्यूटी लगेगी। अगर वह 50 से 100 ग्राम सोना ला रहा है तो 6% और 100 ग्राम से ज्यादा सोना लाने पर 10% कस्टम ड्यूटी देनी पड़ती है। दुबई से सोना खरीद कर ला रही महिलाओं के लिए 40 ग्राम तक के सोने पर कस्टम ड्यूटी से छूट है। 40 से 100 ग्राम सोना खरीद कर भारत ला रही हैं तो 3% कस्टम ड्यूटी लगेगी। अगर 100 से 200 ग्राम सोना ला रही हैं तो 6% और 200 ग्राम से ज्यादा सोना लाने पर 10% कस्टम ड्यूटी देनी पड़ती है। 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए ड्यूटी फ्री गोल्ड की लिमिट 40 ग्राम है। हालांकि, बच्चों को अपने साथ आने वाले लोगों के साथ अपनी रिलेशनशिप का प्रूफ दिखाना पड़ता है। तय सीमा से ज्यादा सोना लाने और उस पर टैक्स न चुकाने पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है।

रान्या कथित रूप से जिस तरह से सोना ला रही थीं, वो इंडिविजुअल स्मगलिंग जैसी लग रही है। इसमें दो-चार लोग ही शामिल होते हैं। जैसे- जनवरी 2024 में शारजाह से इंदौर आने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट में एक यात्री अपने साथ सोने का पेस्ट लेकर इंदौर आ रहा था। एयरपोर्ट पर जांच में पता चला कि उसके मलाशय में दो अंडाकार कैप्सूल हैं। इन्हें डॉक्टरों की देखरेख में निकाला गया। कैप्सूल में 625 ग्राम सोना पेस्ट के रूप में भरा गया था, जिसकी कीमत 34 लाख रुपए थी। जून 2024 में मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने दो विदेशी महिलाओं के पास 32.79 किग्रा सोना जब्त किया, जिसकी कीमत करीब 19.15 करोड़ रुपए थी। आरोपी महिलाओं ने सोने को अपने अंडरगार्मेंट्स और बैगेज में छिपाकर रखा था। दिसंबर 2023 में दुबई से इंदौर आए एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान उसके पास मौजूद पेन, अंगूठी, ब्रेसलेट जैसी कई चीजों में सोना छिपाकर लाया गया था। DRI अधिकारियों को शक है कि रान्या राव तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा हो सकती हैं। जांच एजेंसियां यही पता लगाने में जुटी हैं।

कॉमर्शियल स्मगलिंग में पूरा गिरोह काम करता है। इसमें हवाई और समुद्री रास्तों का इस्तेमाल होता है। ज्यादातर तस्कर स्पेशल इकोनॉमिक जोन यानी SEZ का चतुराई से इस्तेमाल करते हैं। देश में गुजरात, तमिलनाडु और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में SEZ क्षेत्र बने हैं।इन इलाकों में व्यापार, उत्पादन और अन्य कारोबारी गतिविधियां होती हैं। इन इलाकों में इस्तेमाल करने या निर्यात के लिए बनाए गए सामानों पर सीमा शुल्क और टैक्स से छूट रहती है। तस्कर SEZ में लाए जाने वाले सोने की मात्रा को बढ़ा-चढ़ाकर बताते हैं। उदाहरण से समझें तो अगर 5 किग्रा सोने का आयात हो रहा है, तो तस्कर इसे 20 किलो बताते हैं। इसमें 5 किग्रा असली सोना होता है और बाकी 15 किग्रा नकली। इससे वे ज्यादा से ज्यादा ड्यूटी-फ्री सोने का व्यापार कर सकते हैं।

SEZ में सोना पहुंचने के बाद तस्कर सोने को 20 किग्रा होने का दिखावा करते हैं। इसके बाद वे एयरपोर्ट या बंदरगाह से हैंडबेग के जरिए निर्यात करने के लिए सोना ले जा सकते हैं। मान लीजिए एजेंट A SEZ से सोने को लेकर एयरपोर्ट पर पहुंच गया। तभी एक अन्य एजेंट B भी सेम बैग और सोना लेकर एयरपोर्ट में दाखिल होता है।

दोनों एजेंट किसी एकांत जगह या शौचालय में जाकर असली और नकली सोने के बैग एक्सचेंज करते हैं। इसके बाद एजेंट A नकली सोना विदेश ले जाते हैं और असली सोना SEZ से बाहर निकल आता है। फिर सिक्योरिटी चेक पर पहले से जुगाड़ होने की वजह से बिना रोक-टोक के घरेलू बाजार में बिकने लगता है।

मई 2017 में जेद्दा से मुंबई आ रही फ्लाइट से 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन लोगों की जांच में पता चला कि उन्होंने अपनी पानी की बॉटल के नीचे और बॉटल के ढक्कन के नीचे सोना छिपाया था। 21 यात्रियों ने लगभग 5.6 किलो सोने की तस्करी की थी, जिसकी कीमत करीब 1.70 करोड़ रुपए थी। यह सारे लोग लखनऊ के एक स्मगलिंग गुट के लिए काम करते थे।

2023 की वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय महिलाओं के पास 25 हजार टन से ज्यादा सोना गहने और अन्य रूप में मौजूद है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसके बावजूद सोने की मांग हमेशा बनी रहती है, क्योंकि भारतीय लोग पारंपरिक रूप से सोना जमा करते हैं। भारतीयों की मांग के बराबर देश में इतना सोना खनन नहीं होता। भारत में हर साल सिर्फ करीब 1 टन सोना पैदा होता है, जो हुट्टी गोल्ड माइंस से आता है। इस वजह से ज्यादातर सोना आयात करना पड़ता है।

यही वह टर्निंग पॉइंट है जो भारत को सोने के तस्करों के लिए स्वर्ग बनाता है। हर साल बड़ी मात्रा में सोना आयात करने की वजह से सरकार को बहुत ज्यादा विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। इससे भुगतान घाटा पर ज्यादा दबाव पड़ता है।



ॐ पूर्णमद पूर्णमिन्द पूर्णिया पूर्णमुदच्यते।

धर्म-दर्शन-ज्योतिष-अध्यात्म

पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।



रविवार, 9 मार्च -2025 8

स्वतंत्र वार्ता, हैदराबाद


# होली की शुरुआत का पर्व है रंगभरी एकादशी

## इस दिन आंवले के वृक्ष की पूजा करने की है परंपरा



सोमवार, 10 मार्च को फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी है, जिसे आमलकी एकादशी और रंगभरी एकादशी कहते हैं। ये हिंदी पंचांग की अंतिम एकादशी मानी जाती है। इस तिथि पर आंवले के वृक्ष की पूजा की जाती है। व्रत-पूजा के साथ ही इस दिन दान-पुण्य भी खासतौर पर किया जाता है।

व्रत-पर्व होली से ठीक चार दिन पहले मनाया जाता है। इस तिथि पर काशी में बाबा विश्वनाथ को अबीर-गुलाल चढ़ाए जाते हैं। पुराने समय इसी दिन से होली पर्व की शुरुआत हो जाती थी। आज भी काशी, मथुरा, वृंदावन, गोकुल के आसपास इस दिन से लोग होली खेलना शुरू कर देते हैं।

**आंवले के वृक्ष में लक्ष्मी-विष्णु करते हैं वास**

आमलकी एकादशी पर आंवले के वृक्ष की पूजा करनी की परंपरा है। मान्यता है कि आंवले के वृक्ष में भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी वास करते हैं। इसी वजह से आमलकी एकादशी पर आंवले की पूजा की जाती है। इस दिन कई लोग पानी में आंवले का रस मिलाकर स्नान करते हैं। आंवले का दान करते हैं।

**आमलकी एकादशी पर कौन-कौन से शुभ काम करें**

इस दिन आंवले के वृक्ष का पूजन, दान करने के साथ ही जरूरतमंद लोगों को भोजन भी कराना चाहिए।

इस दिन किए गए व्रत से भक्तों के अनजाने में किए गए पाप कर्मों का फल नष्ट होता है। इस तिथि पर आंवले का सेवन करने से हमारे कई रोगों दूर होते हैं।

भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी का विशेष अभिषेक करना चाहिए। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करें और तुलसी के साथ मिठाई का भोग लगाएं।

बाल गोपाल को माखन-मिश्री और तुलसी चढ़ाएं। कृं कृष्णाय नमः मंत्र का जप करें। मंत्र जप कम से कम 108 बार करना चाहिए।

हनुमान जी के सामने दीपक जलाएं और हनुमान चालीसा का पाठ करें।

शिवलिंग पर जल-दूध चढ़ाएं। चंदन का लेप करें। बिल्व पत्र, धतूरा, आंकड़े के फूलों से श्रृंगार करें। भगवान गणेश और देवी पार्वती के साथ विधिवत पूजा करें। भगवान को मौसमी फल और मिठाई का भोग लगाएं। ॐ नमः शिवाय मंत्र का जप करते हुए पूजा करें।

वाराणसी (काशी) में इस तिथि का विशेष महत्व है। बाबा विश्वनाथ के विवाह के बाद ये पहली एकादशी होती है, इस दिन भक्त शिव और माता पार्वती को रंग चढ़ाते हैं।

आमलकी एकादशी पर सूर्योदय से पहले जागना चाहिए। स्नान के जल में गंगाजल, तिल और आंवले का रस डालकर स्नान करना चाहिए। स्नान करते समय सभी पवित्र नदियों और तीर्थों का ध्यान करना चाहिए।

**ऐसे कर सकते हैं एकादशी व्रत**

इस दिन सुबह जल्दी उठना चाहिए और स्नान के बाद गणेश पूजा करें। गणेश पूजन के भगवान विष्णु और आंवले के वृक्ष की पूजा करें। गाय के घी का दीपक जलाएं और विष्णु सहस्रनाम का पाठ करें। भगवान के सामने व्रत करने का संकल्प लें।

इस दिन आंवले के वृक्ष के नीचे जरूरतमंदों को आंवले का दान करना चाहिए, लोगों को भोजन खिलाना चाहिए। दिनभर निराहार रहें और भगवान विष्णु का ध्यान करते रहें। शाम को भी विष्णु जी की विधिवत पूजा करें। रात में जागरण करके भगवान विष्णु की भक्ति करें। अगले दिन यानी द्वादशी तिथि पर फिर से विष्णु जी की पूजा करें और फिर जरूरतमंद लोगों को भोजन कराएं। इसके बाद स्वयं भोजन करें। इस तरह व्रत पूरा होता है।

# हमें भगवान से भौतिक सुख-सुविधाएं नहीं आत्मविश्वास, प्रसन्नता और ज्ञान मांगना चाहिए

## स्वामी विवेकानंद का प्रेरक प्रसंग

स्वामी विवेकानंद से कई ऐसे प्रसंग हैं, जो हमें जीवन में सही रास्ता चुनने में मदद करते हैं। स्वामी विवेकानंद ने प्रारंभिक जीवन में कई कठिनाइयों का सामना किया, इसके बावजूद वे सच्ची भक्ति करते रहे और अपने अध्यात्म के लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे।



स्वामी विवेकानंद के बचपन का नाम नरेंद्र था। नरेंद्र का बचपन कठिनाइयों से भरा था। पिता के निधन के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। उनकी मां ने जैसे-तैसे घर चलाने का प्रयास किया, लेकिन कई बार खाने की व्यवस्था भी करना कठिन हो जाता था। बालक नरेंद्र को कई बार भूखे पेट रहना पड़ता था।

वे अपनी मां से ये कहकर घर से बाहर निकल जाते थे कि उन्हें कहीं और भोजन के लिए जाना है, लेकिन असल में वे खाली पेट ही गलियों में घूमते रहते थे।

जब विवेकानंद को मिला परमहंस जी का सान्निध्य कठिन परिस्थितियों में भी विवेकानंद का मन आध्यात्मिकता की ओर लगा हुआ था। वे श्रीरामकृष्ण परमहंस के सान्निध्य में आ चुके थे। किसी ने परमहंसजी को बताया कि विवेकानंद कई दिनों से भूखे हैं।

तब परमहंसजी ने उन्हें माता काली की मूर्ति के समक्ष जाकर भोजन मांगने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र, तुम्हारे ऊपर काली मां की कृपा है। जाओ और उनसे भोजन मांगो। वे मां हैं, तुम्हारे भोजन की व्यवस्था जरूर करेंगी।

परमहंस जी की बात मानकर जब विवेकानंद काली माता की मूर्ति के समक्ष पहुंचे तो उन्हें भोजन मांगने का विचार आया, लेकिन जैसे ही वे मूर्ति के सामने खड़े हुए, उनके भीतर एक गहरी अनुभूति जागृत हुई। उन्हें एहसास हुआ कि जब मां स्वयं उनके सामने हैं और शांति-आनंद प्रदान कर रही हैं तो फिर भोजन जैसी तुच्छ चीज क्यों मांगनी चाहिए।

विवेकानंद ने सोचा कि जीवन में मांगने योग्य केवल आनंद और आत्मज्ञान है, न कि भौतिक सुख-सुविधाए। वे बिना किसी भौतिक वस्तु की कामना किए पूर्ण आनंद में डूब गए और अपनी भूख तक भूल गए।

बाद में जब ये बातें स्वामी विवेकानंद ने परमहंस जी को बताई तो वे बहुत भावुक हो गए और बोले कि नरेंद्र, तुम समझ गए कि जीवन में किससे क्या मांगना चाहिए।

**स्वामी विवेकानंद की सीख**

**भगवान से भौतिक सुख-सुविधाएं मांगने के बजाय आत्मविश्वास, प्रसन्नता और ज्ञान मांगना चाहिए। सुख-सुविधी की चीजें तो हम अपनी मेहनत से प्राप्त कर सकते हैं। सच्ची शांति और आनंद भगवान की कृपा से ही मिलता है।**

# होली पर टोना टोटका-तंत्र से रहेंगे दूर,बस ऐसे कर लें हनुमान जी की पूजा!



ऐसा कहा जाता है कि बजरंगबलि की पूजा करने से आप किसी भी तरह के टोने टोटके से दूर रहते हैं। लेकिन पूजा की विधि सही होगी तभी आपको इसका फायदा भी मिलेगा। आइए जानते हैं हनुमान जी की पूजा की क्या है सही विधि।

गुमला के आंजन धाम को हनुमान जी की जन्मस्थली मानी जाती है। मान्यता के अनुसार यहीं के गुफा में माता अंजनी ने हनुमान जी को जन्म दिया था। आंजन धाम चारों ओर हरे भरे पेड़ पौधे जंगल पहाड़ियों के बीच चोटी में स्थित है। यहां माता अंजनी की गोद में हनुमान जी अपने बाल स्वरूप में विराजमान हैं। जो अति दुर्लभ प्रतिमा है। बताते चलें कि मंगलवार और शनिवार का दिन हनुमान जी को समर्पित है।जानें आंजन धाम के पुजारी केदारनाथ पांडे से हनुमान जी की कैसे और किस विधि से पूजा करें ,जिससे हनुमान जी प्रसन्न होंगे और मनवांछित फल प्रदान करेंगे।

आंजन धाम के पुजारी केदारनाथ पांडे ने बताया कि सबसे पहले स्नान कर शुद्ध हो जाएं ,और फिर साफ लाल या गेरुवा वस्त्र धारण करें। या केवल लाल रंग की धोती पहने यह और भी शुभ होगा। हनुमान जी को चोला चढ़ाएं। साथ ही, चोला चढ़ाते समय चमेली के तेल का एक दीपक हनुमानजी को दिखाकर सामने रख दें।

अब हनुमान जी को एक साबुत पान के पत्ते में गुड़ व चने का भोग लगाएं। और संभव हो तो हनुमान जी का सबसे प्रिय रोट चढ़ाएं।भोग लगाने के बाद हनुमान चालीसा का पाठ व आरती करें।

बरगद के पेड़ से एक पत्ता तोड़कर इसे साफ पानी से धो लें। फिर हनुमानजी को अर्पित करें। अर्पित करने के कुछ देर बाद इस पत्ते पर केसर से श्रीराम लिखें ,और इस पत्ते को पर्स में रखें। इससे साल भर आपका पर्स पैसों से भरा रहेगा। धन की आवक बनी रहेगी। वहीं पुराने पत्ते को होली पर बहती नदी में प्रवाहित कर दें और इसी तरह से एक और पत्ता अभिमंत्रित करके अपने पर्स में रख लें।



पारद से बनी हनुमान जी की प्रतिमा की पूजा करने से बिगड़े काम भी बनने लगते हैं। इससे निर्मित हनुमान जी की प्रतिमा को घर में रखने से सभी प्रकार के वास्तु दोष दूर होते हैं, साथ ही घर का वातावरण भी शुद्ध व स्वच्छ होता है। साथ ही प्रतिदिन पूजा करने से घर में किसी प्रकार के जादू टोना या तंत्र का असर नहीं होता है और न ही साधक पर किसी तंत्र का असर पड़ता है।

# हो जाए इस ग्रह की कृपा तो राजा जैसे जीवन बिताते हैं लोग! बिगड़ा मिजाज तो उड़ा देते हैं होश!

वैदिक ज्योतिष शास्त्र में जीवन की हर चीज का संबंध नौ ग्रहों और 12 राशियों से होता है। मानव जीवन में ग्रहों का प्रभाव भी सकारात्मक और नकारात्मक रूप से देखने को मिलता है। जैसे शुक्र ग्रह को भौतिक सुख और धन-दौलत का कारक ग्रह माना जाता है। जब किसी ग्रह की महादशा चलती है तो उसका प्रभाव और अधिक बढ़ जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सबसे ज्यादा साल तक चलने वाले कौन से ग्रह हैं और उनकी महादशा का मानव जीवन पर किस प्रकार प्रभाव पड़ता है?



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार धन और वैभव के कारक ग्रह शुक्र 20 साल तक अपनी महादशा का सकारात्मक परिणाम देते हैं। शुक्र की महादशा शुभ फल भी प्रदान करती है। जिस जातक की कुंडली में शुक्र ग्रह उच्च अवस्था में होते हैं या फिर शुभ ग्रहों के साथ शुभ भाव में विराजमान होते हैं, तो ऐसी स्थिति में व्यक्ति को हमेशा भाग्य का साथ मिलता है।

शुक्र की महादशा से व्यक्ति धन-दौलत के साथ ऐशो-आराम की जिंदगी जीता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, वृषभ और तुला राशि के स्वामी शुक्र ग्रह होते हैं, जिन पर शुक्र की विशेष कृपा रहती है। सामान्य तौर पर इनका जीवन वैभव से कटता है।

**इनके लिए होती है मुश्किल**

दूसरी ओर, जिस जातक की कुंडली में शुक्र ग्रह नीच अवस्था में होते हैं, उनके लिए शुक्र की महादशा बहुत मुश्किल होती है। उन्हें भारी गरीबी का सामना करना पड़ता है, आर्थिक तंगी बनी रहती है और जीवन में अभाव महसूस होता है। ऐसी स्थिति में शुक्र की महादशा से बचने के लिए विभिन्न उपाय भी बताए गए हैं।

**कर सकते हैं ये उपाय**

शुक्र की महादशा के दौरान विभिन्न ग्रहों की अंतर्दशा भी आती है, जिससे जातक के जीवन में उतार-चढ़ाव देखने को मिलते हैं। अगर अशुभ फल मिल रहे हों तो व्यक्ति को गरीबी, दांपत्य जीवन में समस्या और संतान प्राप्ति में बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। इससे बचने के लिए माता लक्ष्मी और माता दुर्गा की आराधना करनी चाहिए और हर शुक्रवार को, 'शुं शुक्राय नमः' मंत्र का 108 बार जाप करना चाहिए।

इसके अलावा, शुक्रवार के दिन चीटियों को आटा और चीनी खिलाना चाहिए। साथ ही, सफेद चीजों जैसे दूध, दही, घी, कपूर और सफेद कपड़ों का दान करना चाहिए। ऐसा करने से शुक्र की अशुभ स्थिति से मुक्ति मिलती है।

# जिन घरों में होती हैं ये गलतियां वहां कभी नहीं आतीं मां लक्ष्मी

**इन गलतियों से बचें**

**झूठे बर्तन रातभर न रखें:** रात में झूठे बर्तन छोड़ने से नकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और धन की हानि होती है। इसलिए रात में ही बर्तन साफ करने की आदत डालें।

अगर पतियों में है ये कमजोरी तो पत्नि घर पर ही करें ये उपाय

**चूल्हे को साफ रखें:** चूल्हे पर खाली बर्तन रखना या गंदा छोड़ना अशुभ माना जाता है। इससे घर में दरिद्रता आती है और आर्थिक संकट गहराता है। ऐसे घर में धन कभी नहीं टिकता है।

**सूर्यास्त के बाद झाड़ू न लगाएं:** माना जाता है कि झाड़ू में माता लक्ष्मी का वास होता है। सूर्यास्त के बाद झाड़ू लगाने से घर की बरकत चली जाती है। इस बात का विशेष ध्यान रखें भूलकर भी सूर्यास्त के बाद झाड़ू न लगाएं।

**केवल माता लक्ष्मी की पूजा न करें:** माता लक्ष्मी की पूजा के साथ भगवान विष्णु की पूजा भी करनी चाहिए। उन्हें लक्ष्मी-नारायण कहा जाता है और विष्णु जी के बिना लक्ष्मी जी की कृपा प्राप्त नहीं होती।

**सूर्योदय और सूर्यास्त के समय न सोएं:** यह समय पूजा-पाठ के लिए श्रेष्ठ माना गया है। इस समय सोने से आलस्य बढ़ता है और माता लक्ष्मी अप्रसन्न होती हैं। ऐसे घरों में मां लक्ष्मी का वास कभी नहीं होता है।

**महिलाओं का अपमान न करें:** घर की महिलाएं "गृह लक्ष्मी" होती हैं। जहां महिलाओं का सम्मान नहीं होता, वहां धन और सुख-समृद्धि भी नहीं टिकती।

**सुबह-शाम दीपक जलाएं:** घर में सुबह और शाम दीपक जलाने से सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है और माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। इसलिए सुबह-शाम दीपक जरूर जलाएं।

# होली पर 100 साल बाद बना ग्रहों का दुर्लभ संयोग

## इन 4 राशियों की किस्मत देगी पूरा साथ

होली पर इस बार 100 साल बाद ग्रहों का दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है, दरअसल इस बार होली पर मीन राशि में सूर्य, बुध और शुक्र की युति बनने जा रही है, जिससे बुधादित्य योग, लक्ष्मी-नारायण योग, त्रिग्रही योग का शुभ संयोग बन रहा है। साथ ही इस दिन चंद्र ग्रहण भी होने वाला है, हालांकि यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा इसलिए इस ग्रहण का सूतक काल मान्य नहीं होगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, होली पर बन रहे ग्रहों के इस दुर्लभ संयोग से 4 राशियों को जबरदस्त फायदा देखने को मिल रहा है।

**शुभ योग का वृषभ राशि वालों को मिलेगा फायदा**

होली पर बन रहे ग्रहों के दुर्लभ संयोग से वृषभ राशि वालों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। अगर ससुराल पक्ष और जीवनसाथी के साथ संबंध खराब हैं तो आपकी स्थिति में बदलाव देखने को मिलेगा और सभी के साथ आपके संबंधों में सुधार आएगा, जिससे आपकी खुशियों में वृद्धि देखने को मिलेगी। अगर आप प्रफेशनल लाइफ में अपना कदम रखना चाहते हैं तो ग्रहों के शुभ प्रभाव से आपके करियर में तरक्की के अच्छे अवसर मिलेंगे। वृष राशि वालों को माता पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाने का मौका मिलेगा और आपके द्वारा लिए गए हर फैसले में उनका समर्थन होगा।

**शुभ योग का वृश्चिक राशि को मिलेगा फायदा**

होली पर बन रहे ग्रहों के शुभ संयोग का फायदा वृश्चिक राशि वालों को मिलेगा। वृश्चिक राशि वाले अगर किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से पीड़ित हैं तो सेहत में सुधार देखने को मिलेगा और रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होगी। अगर आपका कोई कोर्ट कचहरी में मामला चल रहा है तो इस विवाद से छुटकारा पाने में सफल होंगे। इस राशि वाले जातकों की आर्थिक स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा और धन कमाने के कई मामले भी चलेंगे। लव लाइफ वालों के लिए यह अवधि शानदार रहेगी और साथ मिलकर यादगार समय बिताएंगे। होली के रंगों की तरह आपके जीवन में कई रंग दिखाई देंगे, जिससे आपकी खुशियों में वृद्धि होगी।

**शुभ योग का मकर राशि को मिलेगा फायदा**

होली पर बन रहे ग्रहों के दुर्लभ संयोग से मकर राशि वालों का कठिन दौर खत्म होगा और होली के रंगों की तरह आपकी चमक हर तरफ देखने को मिलेगी। एक तरफ जहां होली की खुशियां रहेंगी, वहीं दूसरी तरफ एक के बाद एक कई शुभ समाचार सुनने को मिलेंगे। अगर परिवार में कोई कलह चल रही है या फिर धन की बचत कर पाने में परेशानी हो रही थी तो ग्रहों के दुर्लभ संयोग से आपको राहत मिलेगी और फिर धन की बचत कर पाएंगे और परिवार में चल रहे भतभेद भी खत्म होंगे। नौकरी करने वालों का करियर शानदार रहेगा और मान-सम्मान में अच्छी वृद्धि होगी। साथ ही आप जिस कंपनी में काम कर रहे हैं, उसका ब्रांड मजबूत होगा।

**शुभ योग का मीन राशि को मिलेगा फायदा**

होली पर बन रहे शुभ योग से मीन राशि वालों की शांति और खुशियों में अच्छी वृद्धि होगी। दरअसल सूर्य, बुध और शुक्र की युति आपकी ही राशि में बन रही है, जिससे कई शुभ योग बन रहे हैं। होलिका में अग्नि लगते ही आपकी सभी समस्याएं अग्नि में स्वाहा हो जाएंगी और जीवन में कई रंग देखने को मिलेंगे। अगर आप नया बिजनस शुरू करना चाहते हैं तो यह अवधि आपके लिए शानदार रहेगी और किसी निवेश से आपको अच्छा धन लाभ भी होगा। माता पिता के साथ यादगार पल व्यतित करेंगे और किसी मनपसंद जगह पर जाने की योजना भी बना सकते हैं। छात्र फिर से नई ऊर्जा के साथ पढ़ाई लिखाई में लग जाएंगे और अच्छे अंक से पास भी होंगे।

# आलोचनाओं ने बनाया जॉन अब्राहम का करियर




अभिनेता-निर्माता जॉन अब्राहम का कहना है कि दो दशक से अधिक लंबे करियर में उसे अक्सर फिल्म इंडस्ट्री में कमतर आंका गया, लेकिन उसके दर्शकों ने उसे आगे बढ़ाया है, जिनका वह सम्मान करता है और अच्छी कहानियां दिखाकर इसका बदला चुकाना चाहता है ।

जॉन ने विभिन्न शैलियों में हिट फिल्में दी हैं, चाहे वह 'धूम', 'रेस 2', 'सत्यमेव जयते', 'ढिशूम' और 'पठान' जैसी दमदार एक्शन फिल्में हों; 'गरम मसाला', 'दोस्ताना', 'हाउसफुल 2' जैसी कॉमेडी फिल्में हों या 'वाटर', 'नो स्मोकिंग', 'न्यूयॉर्क', 'मद्रास कैफे', 'परमाणु' और 'वेदा' जैसी ड्रामा फिल्में हों ।

जल्द ही सच्ची घटनाओं से प्रेरित फिल्म 'द डिप्लोमैट' में नजर आने वाले जॉन ने बताया कि उसे अपने करियर में काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन उसका मानना है कि इन्होंने ही उसका करियर बनाया है।

अब्राहम ने कहा, पहले लोग कहते थे कि 'परमाणु' मेरे 1.0 वर्शन की निशानी है, क्योंकि मैं चार साल तक गायब रहा था । यह मेरे बारे में हर दिन लिखी जाने वाली श्रद्धांजलियां हैं और यह ठीक है, मुझे इससे कोई समस्या नहीं है। मेरा करियर आलोचनाओं पर टिका है, मैं इसका आनंद लेता हूं। जिन लोगों ने मुझे आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट किया, वे हैं मेरे दर्शक । व्यापार जगत के लोग, निर्माता, आलोचक, वे सभी आपको संख्याओं के आधार पर आंकते हैं और मैं यह सब समझता हूं तथा इसका सम्मान करता हूं। यह व्यवसाय है लेकिन एकमात्र लोग जिन्होंने मुझे आगे बढ़ाया है और मुझे जीवित रखा है, वे हैं मेरे दर्शक । और मैंने 'द डिप्लोमैट' उसी दर्शक वर्ग के लिए बनाई है। बॉक्स ऑफिस के मामले में फिल्म उद्योग के लिए यह साल बहुत खराब रहा और अब्राहम का मानना है कि अब उन बुनियादी बातों पर ध्यान देना जरूरी है, जो किसी भी कहानी को दर्शकों के साथ जोड़ पाती हैं और वह है लेखन ।

उसने कहा, "एक निर्माता और एक अभिनेता के तौर पर मेरा लक्ष्य सिर्फ अच्छी कहानियां बनाना और व्यापक दर्शकों तक पहुंचना है। क्या मुझे संख्याएं चाहिएं ? मुझे 100 करोड़, 200, 300 और 400 करोड़ रुपए का बिजनैस चाहिए । हम सभी यही चाहते हैं, लेकिन हम अच्छी कहानियों के साथ ऐसा चाहते हैं । यही अंतर है । हम एक दर्शक और व्यापार के तौर पर इस बात पर बहुत जोर दे रहे हैं कि पैसे कैसे खर्च किए जा रहे हैं। हमें इस शोर को कम करना होगा, लेखन पर वापस जाना होगा, वापस वहीं जाना होगा जहां से हमने शुरुआत की थी और विचार करना होगा कि हम फिल्में क्यों बनाना चाहते थे ।

यह स्वीकार करते हुए कि वह भी बॉक्स ऑफिस को प्राथमिकता देने का 'दोषी' रहा है, जॉन ने कहा कि अब वह अच्छी कहानियों के महत्व को पहचानता है । 'द डिप्लोमैट ' का उदाहरण देते हुए, उसने कहा कि महत्वपूर्ण है कि 'नाम शबाना' और 'स्पैशल ऑप्स' के शिवम नायर द्वारा निर्देशित यह फिल्म व्यावसायिक सफलता प्राप्त करे, क्योंकि इससे उसे और उसकी टीम को ऐसी फिल्में बनाने में मदद मिलेगी।

**इस वजह से पैसा नहीं कमा पा रही फिल्म इंडस्ट्री**

जॉन ने कहा कि आजकल स्टाइलिस्ट 2 लाख रुपए प्रतिदिन चार्ज करते हैं, जो 'पागलपन ' है । स्थिति को ठीक करने का तरीका बताते हुए जॉन ने कहा, "सबसे पहले आपको अपने पर्सनल खर्चों में कटौती करनी होगी । जब कोई निर्देशक आपको बताता है कि आप इतने लायक नहीं हैं, तो आपको इस बात को ध्यान में रखना चाहिए। हमारे मन में अभी तक यह विचार नहीं आया है। हम खुद की तुलना दूसरे स्टार्स से करते हैं और हम अपनी फीस को प्रसारित करना चाहते हैं और यह सबसे खराब बात है ।

**प्रोपेगैंडा फिल्मों पर भी बात की**

जॉन ने कहा कि हिंदी सिनेमा अब उतना धर्मनिरपेक्ष नहीं रहा, जितना पहले हुआ करता था। उसने विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' का जिक्र किया, जिसे कई लोगों ने प्रोपेगैंडा फिल्म माना था लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी । एक्टर ने कहा कि यह बहुत ही प्रभावशाली फिल्म थी और वह इसे किसी प्रोपेगैंडा के रूप में नहीं आंकना चाहते।

# चुका दी है 'पाई-पाई' : प्रीति जिंटा



बीते दिनों न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में 122 करोड़ के घोटाले की घटना के सामने आते ही जहां भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक पर अगले 6 महीनों तक ऑपरेशंस पर रोक लगा दी है, वहीं नित हो रहे खुलासों के बाद खबरों का बाजार गर्म है कि बैंक ने अभिनेत्री प्रीति जिंटा का 18 करोड़ रुपए का लोन माफ कर दिया था ।

खैर, इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए प्रीति जिंटा खुलासा करते हुए बताया कि उसका अकाऊंट बंद हो चुका है और उसने अपना सारा बकाया चुका दिया है।

प्रीति ने कहा, 12 साल से अधिक समय पहले से मेरे पास न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक के साथ एक ओवरड्राफ्ट सुविधा थी। 10 साल से अधिक समय पहले ही मैंने इस ओवरड्राफ्ट सुविधा के जरिए अपनी सभी बकाया राशि पूरी तरह से चुका दी और खाता बंद हो गया था ।

कंगना की तारीफ प्रीति ने हाल ही में एक आस्क मी सैशन के दौरान सोशल मीडिया पर बढ़ती नकारात्मकता और राजनीतिक एजैंडा से प्रभावित टिप्पणियों को लेकर अपने विचार सांझा किए। इस बातचीत में उसने सोशल मीडिया की विषाक्तता पर चिंता व्यक्त की और इस बात पर जोर दिया कि हर टिप्पणी को राजनीतिक रंग देना गलत है।

इस सैशन में सबसे खास बात यह रही कि प्रीति ने अपने स्पष्ट विचारों के लिए अक्सर विवादों में रहने वाली कंगना रनौत की प्रशंसा की। प्रीति ने कहा, कंगना एक शानदार अभिनेत्री और फैशन आइकन हैं। मैंने उन्हें निर्देशन करते हुए नहीं देखा, लेकिन मुझे विश्वास है कि वह उसमें भी अच्छी होंगी। मैं उनकी नई राजनीतिक भूमिका के लिए शुभकामनाएं देती हूं और उम्मीद करती हूं कि वह हिमाचल प्रदेश के लोगों के लिए अच्छा करेंगी ।

**नहीं आएगी राजनीति में**

एक फैन ने जब उनसे राजनीति में आने की योजना के बारे में पूछा तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें कई राजनीतिक पार्टियों द्वारा लोकसभा और राज्यसभा सीटों की पेशकश की गई, लेकिन उन्होंने इसे विनम्रता से ठुकरा दिया।

प्रीति ने कहा, "मैं राजनीति में नहीं जाना चाहती। हां, मुझे 'सोल्जर' कहना गलत नहीं होगा क्योंकि मैं एक सैनिक की बेटी और बहन हूं।

# पेरिस फैशन वीक में रवीना टंडन ने बिखेरा जलवा बेटी राशा संग लगाया ग्लैमर का तड़का



90 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस रवीना टंडन का आज भी जलवा बरकरार रहता है। हाल ही में उन्होंने पेरिस फैशन वीक में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई और अपने स्टाइलिश लुक का जलवा बिखेरा। इस दौरान रवीना अपने शानदार स्टाइल से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचती दिखीं, जिसकी शानदार तस्वीरें उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की हैं। रवीना टंडन लग्जरी ब्रांड डेलवॉक्स के साथ अपने सहयोग के तहत इस पेरिस फैशन वीक में शामिल हुईं और ग्लैमर का तड़का लगाती दिखीं। वहीं, उनके साथ उनकी बेटी राशा का भी शानदार लुक देखने को मिला। कैमरे के सामने दोनों मां बेटी जबरदस्त पोज देती दिखीं। वर्कफ्रंट की बात करें तो रवीना टंडन को आखिरी बार संजय दत्त, पार्थ समथान, खुशाली कुमार और अरुणा ईरानी के साथ फिल्म 'घुड़चढ़ी' में देखा गया था, जो फिलहाल जियोसिनेमा पर स्ट्रीम हो रही है। अब रवीना अनीस बज्मी की वेलकम फ्रैंचाइज़ी के तीसरे पार्ट 'वेलकम टू द जंगल' में दिखाई देंगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार, जैकलीन फर्नांडीज, संजय दत्त, दिशा पटानी, परेश रावल, राजपाल यादव, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, फरीदा जलाल और जॉनी लीवर जैसे सितारे भी होंगे।

# अपने भरोसे को टूटने नहीं दिया : प्रियंका



बचपन में प्लास्टिक के खिलौने 'हिट- मी' से खेलने वाली प्रियंका अपने खिलौने की तरह ही अपने करियर में बार-बार गिरकर उठती और संभलती रही।

प्रियंका चोपड़ा ने न केवल बॉलीवुड में शोहरत कमाई, बल्कि हॉलीवुड में भी खूब नाम कमा रही है। 'मिस इंडिया' से 'मिस वर्ल्ड' और 'मिस वर्ल्ड' से बॉलीवुड अभिनेत्री और बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर प्रियंका ने बेहद खूबसूरती से तय किया । प्रियंका बॉलीवुड की वह अभिनेत्री है, जिसकी कामयाबी पर सबको गर्व महसूस होता है । अपने इस प्रेरणादायी सफर में प्रियंका ने मराठी के साथ पंजाबी फिल्मों का सफलतापूर्वक निर्माण भी किया है।

प्रियंका ने कभी बॉलीवुड को अपना आदर्श नहीं माना और कभी नहीं सोचा था कि वह कभी ऐसा कुछ कर पाएगी लेकिन आज वह एक बड़ी प्रेरणा बन चुकी है लेकिन जैसा कि कहते हैं, जीवन में सफलता अचानक नहीं मिलती, इसके लिए बार-बार गिरकर उठना, संभलना और चलना पड़ता है । बचपन में प्लास्टिक के खिलौने 'हिट- मी' से खेलने वाली प्रियंका अपने खिलौने की तरह ही अपने करियर में बार-बार गिरकर उठती और संभलती रही।

इस बात का खुलासा हाल ही में उसकी मां मधु चोपड़ा ने एक इंटरव्यू में किया । प्रियंका आज भले ही 'ग्लोबल स्टार' बन बॉलीवुड और हॉलीवुड में नाम और दाम कमा रही हो लेकिन एक वक्त था जब 'मिस वर्ल्ड' का खिताब जीतने के बाद प्रियंका का उसके ही गृहनगर बरेली में स्वागत नहीं हुआ।

मधु ने बताया, मिस वर्ल्ड जीतने के बाद प्रियंका का बरेली में जो स्वागत हुआ, वह बिल्कुल भी अच्छा नहीं था । स्टेट मशीनरी ने कहा कि यह नारी शोषण है और हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। हमें बरेली जाना था, लेकिन हमें सी.एम. के ऑफिस से इसके खिलाफ निर्देश मिला। उन्होंने कहा कि हम प्रियंका को यहां नहीं बुला सकते, कानून-व्यवस्था का मुद्दा है। हम बहुत दुखी थे, लेकिन प्रियंका ने खुद पर भरोसा कभी टूटने नहीं दिया।

**जब लगा दी गई पश्चिमी कपड़े पहनने पर पाबंदी**

बॉलीवुड में कदम रखने से पहले प्रियंका कुछ वक्त तक उत्तर प्रदेश के बरेली में ही रही । उस समय की प्रियंका से जुड़ी यादें ताजा करते हुए मधु चोपड़ा ने बताया कि प्रियंका अमरीका से बरेली में रहने के लिए आई थी । वह अमरीकन लड़कियों की तरह कपड़े पहनती थी । उसका दाखिला एक कान्वेंट स्कूल में हुआ था। वह कार से स्कूल जाती थी। जल्दी ही मोहल्ले को लड़कों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया ।

इसके बाद मधु ने अपने पति अशोक चोपड़ा से बात की, जो सेना में डॉक्टर थे, कि प्रियंका बरेली में रहने लायक नहीं है। हमें बड़े शहर जैसे दिल्ली में रहना चाहिए। इस पर उनके पति ने कहा कि वे उसे आर्मी स्कूल में डालेंगे, ताकि वह उनके साथ आए और जाए। मधु ने बताया, ₹एक दिन एक लड़का दीवार फांदकर हमारे घर में आ गया। यह बहुत डरावना था। इसी दिन प्रियंका के पिता ने घर के बाहर लोहे की सलाखें लगवा दीं। इसके बाद एक बंदर भी घर में नहीं आ सकता था। वह घर अभी भी वैसा ही है ।

इसके बाद प्रियंका के पिता ने उससे बात की और उसके सारे कपड़े बदल दिए । प्रियंका ने दूसरे दिन बाजार जाकर सलवार-सूट वाले कपड़े खरीदे । उसने वे कपड़े पसंद किए जो बेरंगे से थे। इसके बाद प्रियंका ने बरेली में कभी पश्चिमी कपड़े नहीं पहने। हालांकि, बरेली में रहते हुए ही प्रियंका 'मिस इंडिया' और उसके बाद 'मिस वर्ल्ड' बनी थी ।

जब मधु चोपड़ा से पूछा गया कि प्रियंका नैगेटिव परिस्थितियों को पॉजिटिविटी में कैसे बदलती है तो उसने कहा, ₹यह गुण उसे अपने पिता से मिला है । वह कभी भी नैगेटिविटी को बढ़ावा नहीं देते थे। उन्हें संगीत में सुकून मिलता था । प्रियंका भी जब किसी परेशानी में होती है तो अपने कमरे में जाकर कुछ करती है और पूरी तरह बदली हुई बाहर आती है। इस दुनिया में ऐसे बहुत से लोग हैं जो आपको पसंद नहीं करेंगे, लेकिन आपको ऐसे लोगों से दूर रहना चाहिए ।

# मानसिक सेहत से जुड़ी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं आलिया भट्ट खुलासा कर बोलीं-मैं काम पर फोकस नहीं कर पाती थी

बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस आलिया भट्ट भले ही इवेंट्स और पब्लिक प्लेस पर काफी चकाचक नजर आती हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि वो मानसिक सेहत से जुड़ी समस्याओं से जूझ रही हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी बीमारी पर खुलकर बा तकी और बताया कि उन्हें एडीएचडी और एंग्जायटी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जो उनके जीवन में कई बार कठिनाइयों का कारण बनती हैं। साथ ही आलिया ने बताया कि वह इससे कैसे निपट रही हैं।



आलिया ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में जय शेट्टी के साथ अपनी मानसिक स्थिति के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि कैसे एडीएचडी उनके रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित करता है और इसके साथ ही वह सोशल सिचुएशंस में किस तरह से अपनी चुनौतियों का सामना करती हैं।

आलिया भट्ट ने खुलासा किया कि उन्हें एडीएचडी और एंग्जायटी के बारे में तब पता चला जब उन्होंने तीन दिनों तक प्रोफेशनल टेस्ट करवाए। इन टेस्ट्स में एक रैंडम पर्सनैलिटी क्विज भी शामिल था, जिसके बाद उन्हें यह डायग्नोसिस मिला। आलिया ने बताया, मुझे खुशी हुई क्योंकि मेरे एडीएचडी डायग्नोसिस ने मुझे इन समस्याओं के बारे में जानकारी दी। मुझे सबसे ज्यादा परेशानी जानकारी की कमी से होती थी और अब जब मुझे इन समस्याओं के बारे में पता चला, तो इन्हें समझना और उनसे निपटना मेरे लिए आसान हो गया।

आलिया ने भी बताया कि वह हमेशा क्लैरिटी और आराम की तलाश में रहती थीं और बदलाव से वह अक्सर घबराती थीं, लेकिन अब जब उन्हें इन मानसिक समस्याओं के बारे में सही जानकारी मिली, तो वह इनसे निपटने में सक्षम हो गईं।

आलिया ने सोशल इवेंट्स में अपनी शारीरिक और मानसिक चुनौतियों के बारे में भी बात की और कहा, सोशल इवेंट्स में मैं शारीरिक रूप से रिएक्ट करती थी। मुझे गर्मी महसूस होने लगती थी और मैं फोकस नहीं कर पाती थी, मेरा ध्यान इधर-उधर भटकता रहता था। इन चुनौतियों का सामना करते हुए, मुझे दूसरे लोगों की कहानियां सुनने का साहस मिला, जिनमें उन्होंने अपनी मानसिक समस्याओं के बारे में बात की थी। इससे मुझे भी अपने संघर्ष के बारे में खुलकर बोलने की प्रेरणा मिली।

आलिया भट्ट ने बताया कि उन्होंने एडीएचडी और एंग्जायटी के इलाज के लिए दवाइयों का सहारा नहीं लिया। इसके बजाय, उन्होंने सेल्फ अवेयरनेस (स्वयं की जागरूकता) और कोपिंग टेक्निक्स (संघर्ष से निपटने के तरीके) के माध्यम से अपनी मानसिक सेहत को संभालने का निर्णय लिया। वह मानती हैं कि मानसिक स्वास्थ्य को प्रबंधित करने के लिए दवाओं के बजाय व्यक्तिगत जागरूकता और आत्मसमर्पण बहुत अधिक प्रभावी हो सकते हैं।

आलिया ने यह भी बताया कि जब उन्होंने बॉलीवुड और हॉलीवुड की ए-लिस्ट हस्तियों को अपनी मानसिक समस्याओं के बारे में खुलकर बात करते देखा, तो उन्हें अकेलापन महसूस हुआ। उन्होंने बताया, जब मैंने इन हस्तियों की कहानियां सुनीं, तो मुझे यह समझ में आया कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी दिक्कतें केवल मुझे ही नहीं, बल्कि कई और लोगों को भी होती



# फंडिंग रोकने से अमेरिका की सस्ती आवासीय परियोजनाएं लटकी, मिसीसिपी की परियोजना भी खतरे में



वॉशिंगटन, 8 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने सस्ते मकानों के लिए आवंटित छह करोड़ डॉलर की फंडिंग रोक दी है, इससे सैकड़ों आवासीय परियोजना अधर में लटक गए हैं। यह जानकारी द एसोसिएटेड प्रेस को मिले दस्तावेजों और सूत्रों के हवाले से सामने आई है।

आवास व शहरी विकास विभाग (एचयूडी) में की गई अनुदान कटौती, स्टाफ में कमी और अनुबंध रद्द करने जैसी कार्रवाइयों से अफोर्डेबल हाउसिंग सेक्टर में अनिश्चितता बढ़ गई है। यह फंडिंग छोटे गैर-लाभकारी संगठनों को सीड मनी (प्रारंभिक निवेश) के रूप में दी जानी थी, जिससे सस्ते मकानों की परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाता। लेकिन एचयूडी ने तीन में से दो संगठनों के अनुबंध रद्द कर दिए, जिनके जरिए यह छह करोड़ डॉलर वितरित किए जाने थे।

**स्थानीय आवासीय परियोजनाओं पर संकट**

एंटरप्राइज कम्युनिटी पार्टनर्स के सीईओ और पूर्व एचयूडी सचिव शॉन डोनोवन ने कहा, कई संगठनों ने पहले ही श्रमिकों, ठेकेदारों और गृहस्वामित्व सलाहकारों के लिए फंड आवंटित कर दिया था।

अब उन्हें तुरंत काम रोकना होगा, जिससे नौकरियां जाएंगी और सस्ते मकानों की परियोजनाएं ठप हो जाएंगी।

दूसरी ओर, एचयूडी के प्रवक्ता ने दावा किया कि सेक्शन 4 कार्यक्रम जारी रहेगा और इसमें कटौती नहीं की जा रही, लेकिन अनुदानों को फिर से व्यवस्थित किया जा रहा है। हालांकि, नए फंड कब और कैसे जारी होंगे, यह स्पष्ट नहीं है, जिससे कई संगठनों का काम अटक गया है।

मिसिसिपी में 36-यूनिट अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट पर काम कर रहे एक गैर-लाभकारी संगठन के प्रमुख जोनाथन ग्रीन ने कहा, मुझे अब यह मानकर चलना होगा कि पैसा नहीं मिलेगा, जिससे हमें अपनी योजना बदलनी होगी। ग्रीन को 20,000 डॉलर की अनुदान राशि मिलने वाली थी, जिसमें से 10,000 डॉलर पर्यावरण समीक्षा और लाइसेंसिंग के लिए थे। अब यह धनराशि अधर में लटकने से निवेशकों के साथ उनकी बातचीत भी प्रभावित हो रही है। अगर यह परियोजना अभी रुक गई, तो शायद हम इसे कभी शुरू ही नहीं कर पाएंगे, उन्होंने चिंता जताई।

**क्यों रोकी गई फंडिंग?**

एचयूडी के एक पत्र के मुताबिक, सरकार के दक्षता विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ गवर्मेंट इफिसिएंशी) के निर्देश पर अनुबंध रद्द किए गए। इसमें कहा गया कि ये संगठन ट्रंप के विविधता, समानता और समावेश कार्यक्रमों को निशाना बनाने वाले कार्यकारी आदेश के अनुरूप नहीं थे। दक्षता विभाग का कामकाज फिलहाल मस्क के पास है। हालांकि, एचयूडी ने संगठनों को अपील करने का विकल्प दिया है, लेकिन लोकल इनिशिएटिव्स सपोर्ट कॉर्पोरेशन ने चेतावनी दी कि बिना इस शुरुआती फंडिंग के, कम आय वाले परिवारों के लिए मकान बनना रुक जाएगा, जिससे वे बेघर होने की स्थिति में आ सकते हैं। हैबिटेट फॉर ह्यूमैनिटी इंटरनेशनल तीसरा संगठन है, जिसे यह अनुदान वितरित होना था, लेकिन उसने अब तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# लाइफटाइम हाई से नीचे आया सोने का भाव, घरेलू मांग में गिरावट



नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)। सोने के दामों में गिरावट आई है और ये 89000 रुपये प्रति 10 ग्राम के नीचे जा फिसली है. अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने बताया कि कमजोर घरेलू मांग के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे फिसल गयी. राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये की गिरावट के साथ 88,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा. सर्राफा बाजार में दूसरे लगातार सोने के दामों में गिरावट आई है. पिछले कारोबारी सेशन में सोना 89,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर क्लोज हुआ था. वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये की गिरावट के साथ 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा है. कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं के साथ-साथ खुदरा लिवालों की ओर से मांग में कमी के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई। हालांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई. इसके साथ इसमें लगातार चौथे दिन तेजी जारी रही. पिछले चार सत्रों में चांदी में 3,100 रुपये की तेजी आई है. एमसीएक्स के वायदा कारोबार में अप्रैल डिलीवरी वाला सोना 50 रुपये गिरकर 85,983 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया. वैश्विक मोर्चे पर, सोना वायदा 2,929.30 डॉलर प्रति औंस पर रहा ह इस बीच, हाजिर सोना 10.14 डॉलर बढ़कर 2,921.94 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है. हालांकि, एशियाई बाजार में चांदी वायदा 0.17 प्रतिशत गिरकर 33.28 डॉलर प्रति औंस रहा है. एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, सोने की कीमतों में गिराव आई, क्योंकि निवेशकों ने नए टैरिफ घटनाक्रमों और उनके प्रभावों पर विचार किया है. ऐसी चर्चा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मेक्सिको और कनाडा पर टैरिफ में कमी पर विचार कर सकते हैं जिसके चलते सोने के दामों में नरमी आई है. साथ ही अमेरिकी एडीपी गैरकृषि रोजगार, गैरकृषि पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों सहित प्रमुख आर्थिक आंकड़ों के आने के साथ ही, सर्राफा कीमतों में अस्थिरता जारी रहने की उम्मीद है.

# मुकेश अंबानी को लगा 57,500 करोड़ का जैकपॉट, चीन से लेकर अमेरिका तक सब हैरान

नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)। मुकेश अंबानी ने बीते 48 घंटों में कुछ ऐसा किया है, जिसकी वजह से चीन से लेकर अमेरिका तक सब हैरान हो गए हैं।दुनिया की जुबां पर बस एक बात है कि ऐसा सिर्फ मुकेश अंबानी ही कर सकते हैं और कोई नहीं।वास्तव में गुरुवार और शुक्रवार को मुकेश अंबानी की दौलत में जबरदस्त इजाफा देखने को मिला है।दो दिनों में मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 6.6 बिलियन डॉलर यानी 57,500 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हो गई है।जिसके बाद उनकी कुल नेटवर्थ 88 अरब डॉलर के पार पहुंच गई है।शुक्रवार को भी उनकी नेथवर्थ में करीब 3 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी देखने को मिली है।आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स में मुकेश अंबानी की दौलत को लेकर किस तरह के आंकड़े देखने को मिल रहे हैं.

**मुकेश अंबानी की दौलत में इजाफा**

दुनिया के 17वें सबसे अमीर कारोबारी मुकेश अबानी की दौलत में शुक्रवार को 2.92 अरब डॉलर यानी 25,400 करोड़ रुपए से ज्यादा का इजाफा देखने को मिला है।जिसके बाद मुकेश अंबानी की कुल दौलत 88.1 अरब डॉलर हो गई है।67 बरस के मुकेश अंबानी की मौजूदा साल में नेटवर्थ में 2.49 अरब डॉलर की गिरावट देखने को मिल चुकी है।वास्तव में मुकेश अंबानी की दौलत में बीते दो दिनों से इजाफा देखने को मिल रहा है।आंकड़ों को देखें तो मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 6.6 अरब डॉलर यानी 57,400 करोड़ रुपए का इजाफा देखने को मिल चुका है।गुरुवार को मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 3.7 अरब डॉलर का इजाफा देखने को मिला था.

**रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेजी**

मुकेश अंबानी की दौलत में इजाफे का प्रमुख कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेजी है।बीते दो दिनों से मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में 6.24 फीसदी का इजाफा देखने को मिल चुका है।बीएसई के आंकड़ों के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 5 मार्च को 1,175.75 रुपए पर थे।जो 7 मार्च को बढ़कर 1,249.10 रुपए पर पर आ गए।इसका मतलब है कि दो दिनों में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 73.35 रुपए का इजाफा देखने को मिल चुका है।जानकारों की मानें तो आने वाले दिनों में मुकेश अंबानी की कंपनी के शेयरों में और भी तेजी देखने को मिल सकती है.खास बात तो ये है मुकेश अंबानी की दौलत में इजाफा देख चीन से लेकर अमेरिका तक के अरबपति हैरान रह गए हैं।गुरुवार को मुकेश अंबानी दौलत में इजाफे के मामले में तीसरे नंबर पर मौजूद हैं।शुक्रवार को भी दौलत में इजाफे मामले में दुनिया में दूसरे नंबर पर मौजूद हैं।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायण • ऋतु • बसंत
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन -1444
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 06-32 सूर्यास्त - 18-21
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत-1955885125

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | कुंभ मे | कुंभ.... | 05-11 बजे |
| चंद्र- | मिथुन मे | मीन.... | 06-50 बजे |
| मंगल | मिथुन मे | मेष--- | 08-26 बजे |
| बुध- | मीन मे | वृष--- | 10-10 बजे |
| गुरु- | वृष मे | मिथुन.. | 12-10 बजे |
| शुक्र- | मीन मे | कर्क.... | 14-23 बजे |
| शनि- | कुंभ मे | सिंह--- | 16-36 बजे |
| राहु- | मीन मे | कन्या... | 18-42 बजे |
| केतु- | कन्या मे | तुला.... | 20-48 बजे |
| | | वृश्चिक.. | 22-57 बजे |
| | | धनु...... | 01-11 बजे |
| | | मकर... | 03-16 बजे |

दिशाशूल -- पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- दशमी 07-45 तक उपरान्त एकादशी
मास • फाल्गुन शुक्ल , रविवार 09 March
नक्षत्र • पुनर्वसु 23-55 तक उपरान्त पुष्य
योग • सौभाग्य 14-58 तक उप शोभन
करण- गर 07-45 तक उप वणिज
विशेष:- व्रत -त्योहार • रवि पुष्य रात मे

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

राहुकाल 16:54 से 18:23 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:32 - 07:59 | अशुभ | शुभ | 18:21 - 19:54 | शुभ |
| चंचल | 07:59 - 09:28 | शुभ | अमृत. | 19:54 - 21:25 | शुभ |
| लाभ | 09:28 - 10:57 | शुभ | चंचल | 21:25 - 22:56 | शुभ |
| अमृत | 10:57 - 12:27 | शुभ | रोग | 22:56 - 00:26 | अशुभ |
| काल. | 12:27 - 13:56 | अशुभ | काल. | 00:26 - 01:57 | अशुभ |
| शुभ | 13:56 - 15:25 | शुभ | लाभ. | 01:57 - 03:28 | शुभ |
| रोग | 15:25 - 16:54 | अशुभ | उत्पात | 03:28 - 04:58 | अशुभ |
| उत्पात | 16:54 - 18:21 | अशुभ | शुभ | 04:58 - 06:32 | शुभ |

# पांच माह बाद खुदरा महंगाई दर 4% से कम रहने के आसार, फरवरी में खाद्य महंगाई दर में गिरावट की उम्मीद



नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)। लगातार आरबीआई के दायरे से ऊपर बनी रहने वाली खुदरा महंगाई दर पांच महीने में पहली बार चार फीसदी से नीचे आ सकती है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के मुताबिक, फरवरी 2025 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) गिरकर 3.81 प्रतिशत पर आने की संभावना है। जनवरी में यह 4.31 और पिछले साल अगस्त में 3.65 फीसदी पर रही थी। सीएमआईई के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में अब तक औसत खुदरा महंगाई 4.87 प्रतिशत रही है। इस बार खाद्य कीमतों में गिरावट का कारण कीमतों में प्रभावी रूप से कमी आना है। सब्जियों की कीमतों में सर्दियों में सुधार और दालों की कीमतों में लगातार नरमी से मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने में मदद मिली है। लेकिन, सोने की कीमतों में मजबूती के कारण मुख्य महंगाई में बढ़ोतरी का अनुमान है। फरवरी 2025 में खाद्य मुद्रास्फीति जनवरी के छह प्रतिशत से घटकर 4.3 प्रतिशत पर आने की संभावना है। यह मई, 2023 के बाद से सबसे कम होगी। मुद्रास्फीति की चिंता बढ़ाने वाली सब्जियों की कीमतें तेजी से गिरी हैं। इससे खाद्य मुद्रास्फीति को बहुत राहत मिली है। अनुमान है कि फरवरी में सब्जियों की महंगाई दर घटकर 1.4 प्रतिशत रह गई है, जो जनवरी के 11.4 प्रतिशत से काफी कम है। अप्रैल, 2024 से जनवरी, 2025 के बीच सब्जियों की औसत महंगाई दर 24 प्रतिशत तक रही।

**मासिक आधार पर सब्जियां 9% सस्ती**

आंकड़ों में कहा गया है कि सब्जियों की कीमतें मासिक आधार पर नौ प्रतिशत घट सकती है, जो लगातार चौथे महीने कीमतों में गिरावट का संकेत है। फरवरी में टमाटर की औसत कीमत 23 रुपये प्रति किलोग्राम थी। इसके दाम में 30 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आने की संभावना है। फरवरी में प्याज और आलू की कीमतें क्रमशः 36 रुपये प्रति किलोग्राम और 26 रुपये प्रति किलोग्राम थीं। हालांकि ये कीमतें अभी भी एक साल पहले के स्तर से ऊपर हैं।

**लहसुन, अदरक की कीमतें भी गिरीं**

लहसुन, अदरक, गोभी, फूलगोभी, बैंगन और भिंडी जैसी अन्य सब्जियों की कीमतों में भी कमी आई है। दालों ने भी खाद्य मुद्रास्फीति को कम करने में मदद की। फरवरी में अरहर में 7.2% की मासिक गिरावट देखी गई। अनाज और उत्पादों में मुद्रास्फीति फरवरी में घटकर 5.9% रही। जनवरी में 6.2% थी। गेहूं की कीमतों में वृद्धि जारी रही, हालांकि यह कमजोर रही।

# होली में भी लोग जा रहे हैं घूमने

## होटल के कमरे का टैरिफ पहुंचा 45000 के पार

नई दिल्ली,8 मार्च (एजेंसियां)। इस साल होली 14 मार्च, शुक्रवार को है। इसके बाद दो दिन का अवकाश है। यह लंबा वीकेंड लोगों को घर से बाहर निकल कर होली मनाने के लिए खूब उकसा रहा है। तभी तो पिछले कुछ हफ़्तों में होटलों के सर्च और उनके टैरिफ या किराये में काफी बढ़ोतरी देखी गई है। ख़ास तौर पर मार्च के महीने में, जो कि वित्तीय वर्ष का आखिरी महीना भी होता है, इसमें तेजी देखने को मिल रही है।

**एक रात का किराया 45 हजार**

वेस्टिन रिजॉर्ट एंड स्पा हिमालय और लीला पैलेस उदयपुर जैसे होटलों में आगामी 14 मार्च को एक कमरे की कीमत 45,000 से भी ज्यादा हो सकती है। यह जानकारी रेटगेन से मिली है। रेटगेन एक ऐसी कंपनी है जो एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से यात्रा और होटल से जुड़े सॉफ्टवेयर बनाती है। रेटगेन के अनुसार, पिछले साल के मुकाबले इस साल होली पर होटलों की बुकिंग में 105% की बढ़ोतरी हुई है। लोग होली के मौके पर लंबी छुट्टी का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं।

**ऑनलाइन सर्च 30 फीसदी बढ़े**

एसओटीसी यात्रा के प्रेसिडेंट और कंट्री हेड (हॉलीडे और कॉरपोरेट टूर्स) एसडी नंदकुमार कहते हैं, पिछले साल के मुकाबले इस साल होली और उसके लंबे वीकेंड के लिए ऑनलाइन सर्च 30% बढ़ गए हैं। वे आगे बताते हैं, एक दिलचस्प बात यह है कि वृंदावन, राजस्थान, गुजरात और पश्चिम बंगाल जैसे मशहूर होली डेस्टिनेशन के लिए हवाई किराए में 5-8% की मामूली बढ़ोतरी के बावजूद, लोग क्षेत्रीय उत्सवों में काफी दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

**स्थानीय रीति-रिवाज देखना चाहते हैं**

जानकारों का कहना है कि महानगरों में रहने वाले लोग स्थानीय रीति-रिवाजों के साथ होली का त्यौहार मनाना चाहते हैं। वे जयपुर में होली एलिफेंट फेस्टिवल, केरल में मंजल कुली और पंजाब में होला मोहल्ला देखने के लिए उत्सुक हैं। होला मोहल्ला सिख योद्धाओं की बहादुरी का जश्न है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में डोलयात्रा (बसंत उत्सव) भी लोगों को आकर्षित कर रहा है।

**दिल्ली वाले कहां जा रहे हैं?**

थॉमस कुक (इंडिया) के प्रेसिडेंट और कंट्री हेड (हॉलीडे, चूहों और वीजा) राजीव काले ने बताया कि नजदीकी जगहों पर कार से जाने वालों की संख्या भी बढ़ रही है।

# 'आपका सफर मायने रखता है', अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गौतम अडानी ने लिखा दिल छू लेने वाली पोस्ट



नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)। आज 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर देश के जाने-माने बिजनेस टायकून गौतम अडानी ने उन सभी महिलाओं को याद किया, जिनका उनकी जिंदगी के अलग-अलग पड़ाव में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।लिंक्डइन पर एक पोस्ट के जरिए उन्होंने अपनी बात रखी।अडानी ग्रुप के चेयरमैन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सिर्फ एक तारीख नहीं है, यह हमारे अब तक के और आगे के सफर के बारे में है।उन्होंने बताया कि युवावस्था में उन्हें अपनी मां से प्रेरणा मिली।एक बिजनेस लीडर के रूप में उन्होंने महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों को करीब से देखा, एक पति के रूप में वह अडानी फाउंडेशन के प्रति अपनी पत्नी प्रीति के समर्पण से प्रेरित हुए।एक दादा के रूप में उन्होंने बच्चियों के लिए एक ऐसी दुनिया का सपना देखा, जिसकी कोई सीमा न हो।

गौतम अडानी ने अपने इस पोस्ट में लिखा कि जब उन्होंने पहली बार अपनी पोती की नाजुक उंगलियों को सहलाया था, तभी उन्होंने सोच लिया कि एक ऐसी दुनिया बनाने में उसकी मदद करेंगे, जहां आकांक्षाओं की कोई सीमा न हो।जहां उसकी भी आवाज किसी पुरुष के समान गूंजे।जहां उसका मूल्यांकन उसके चरित्र और उसके दिए गए योगदान से हो।उन्होंने यह भी कहा कि लैंगिक समानता की सीख उन्हें अपने घर से मिली, किसी बोर्डरूम या पॉलिसी डिबेट से नहीं।अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए वह कहते हैं कि बनारसकांठा के रेगिस्तानी इलाकों में वह बड़े हुए।उन्होंने देखा कि किस तरह से आर्थिक संघर्षों से होते हुए उनकी मां ने किस सहजता से चुनौतियों का सामना किया।अडानी फाउंडेशन में काम करते हुए उन्होंने देश के दूरदराज के ग्रामीण इलाकों की महिलाओं के साथ जुड़ते हुए देखा और उनके संघर्षों को भी करीब से देखने का मौका मिला।

# 120 लाख करोड की जरूरत...! भारतीय कंपनियों को क्यों चाहिए इतना सारा कर्ज? रिपोर्ट में सामने आई जानकारी

नई दिल्ली,8 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय कंपनियों को अगले कुछ वर्षों में करीब 120 लाख करोड़ रुपये के कर्ज की जरूरत पड़ेगी। यह जानकारी क्रिसिल की रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय कंपनियों को पूंजीगत व्यय (कैपेक्स), कार्यशील पूंजी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए वित्त वर्ष 2026 से 2030 के बीच करीब 115-125 लाख करोड़ रुपये का कर्ज जुटाना होगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि इसमें से लगभग 45-50 लाख करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लिए यानी नई मशीनें, फैक्ट्रियां, इमारतें बनाने के लिए जरूरी होंगे। बाकी के 70-75 लाख करोड़ रुपये एनबीएफसी (जो बैंकों की तरह लोन देती हैं) और रोजमर्रा के कामकाज के खर्च यानी वर्किंग कैपिटल के लिए इस्तेमाल किए जाएंगे। मतलब, सरकारी और प्राइवेट कंपनियों को अपने नए प्रोजेक्ट्स के लिए इतना पैसा कर्ज के रूप में लेना होगा। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र, जैसे सड़कें, पुल, बिजली, की इस पूंजीगत व्यय में अहम भूमिका होने की उम्मीद है। इस क्षेत्र में कुल निवेश का करीब तीन-चौथाई हिस्सा होने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2030 तक कुल कर्ज की जरूरत का करीब 55 फीसदी भी इसी क्षेत्र से आने का अनुमान है। यानी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सबसे ज्यादा पैसा लगेगा। क्रिसिल ने कहा कि कंपनियों का कर्ज का बोझ पिछले एक दशक में सबसे कम स्तर पर है। बुनियादी ढांचे वाली परियोजनाओं की क्रेडिट प्रोफाइल यानी कर्ज चुकाने की क्षमता बेहतर हुई है। ये बातें बुनियादी ढांचे और अन्य क्षेत्रों में निवेश के लिए अच्छा माहौल बनाती हैं।

# 2025 में अधिकतम क्रेडिट कार्ड रिवार्ड्स प्राप्त करने के 5 स्मार्ट तरीके, मिलेंगे ढेरों फायदे




नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)। क्रेडिट कार्ड केवल एक सुविधाजनक भुगतान के तरीके से कहीं अधिक है. यह समझदारी से खर्च करने वालों के लिए एक शक्तिशाली उपकरण हैं जो जानते हैं कि इनका प्रभावी ढंग से उपयोग कैसे किया जाए. सही रणनीति के साथ, आप रोजमर्रा के खर्चों को कैशबैक, यात्रा लाभ और विशेष छूट जैसे मूल्यवान रिवाड्र्स में बदल सकते हैं. 2025 में स्मार्ट खर्च करने वाला बनने और क्रेडिट कार्ड रिवाड्र्स को अधिकतम करने के लिए एसबीआई कार्ड की ओर से यहां पांच टिप्स दिए गए हैं:

रिवाड्र्स को अधिकतम करने की कुंजी आपके खर्च करने की आदतों के अनुरूप क्रेडिट कार्ड चुनना है. अगर आप ट्रैवल करने के शौकीन हैं, तो सिंगापुर एयरलाइंस के साथ साझेदारी में क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड जैसे ट्रैवल माइल्स की पेशकश करने वाले को-ब्रांडेड एयरलाइन या होटल कार्ड चुनें. अगर आपको अक्सर कहीं न कहीं जाना पड़ता है, तो बीपीसीएल एसबीआई कार्ड ऑक्टेन जैसे ईंधन सरचार्ज छूट या यात्रा खर्चों पर कैशबैक वाले क्रेडिट कार्ड देखें जो 4000 रुपये तक के लेनदेन पर 7.25 परसेंट वैल्यू बैक और 6.25 परसेंट के बराबर त्वरित रिवाड्र्स प्वाइंट्स + 1 परसेंट ईंधन सरचार्ज छूट देता है. यदि आप खरीदारी के शौकीन हैं, तो ऑनलाइन खरीदारी पर उच्च कैशबैक या प्वाइंट्स वाले क्रेडिट कार्ड आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प होगा. अधिकांश क्रेडिट कार्ड विशिष्ट श्रेणियों जैसे कि भोजन, किराने का सामान या मनोरंजन के लिए उच्च रिवाड्र्स रेट्स प्रदान करते हैं इसलिए चिन्हित करें कि आप सबसे अधिक कहां खर्च करते हैं और उस क्रेडिट कार्ड का उपयोग करें जो उन श्रेणियों में अधिकतम प्वाइंट्स अंक या कैशबैक प्रदान करता है. सिंपलीक्लिक एसबीआई कार्ड जैसे कुछ क्रेडिट कार्ड विशेष पार्टनर्स के साथ ऑनलाइन खर्च पर 10 गुना अधिक रिवाड्र्स प्रदान करते हैं.

**गिफ्ट वाउचर का लाभ उठाएं**

कई प्रीमियम क्रेडिट कार्ड पहले कुछ महीनों के भीतर विशिष्ट खर्च सीमा को पूरा करने पर वेलकम गिफ्ट्स के रूप में रिवार्ड प्वाइंट्स प्रदान करते हैं. उदाहरण के लिए, सुपर प्रीमियम क्रेडिट कार्ड ऑरम कार्डधारकों को वेलकम गिफ्ट के रूप में 40,000 रिवार्डस प्वाइंट्स प्रदान करता है. इन रिवाड्र्स की पूरी संभावना को अनलॉक करने के लिए शुरुआती अवधि के आसपास अपनी बड़ी खरीदारी, जैसे कि घरेलू उपकरण, गैजेट या यात्रा बुकिंग की योजना बनाएं. प्रीमियम क्रेडिट कार्ड एसबीआई कार्ड एलीट 5,000 रिवार्ड प्वाइंट्स प्रदान करता है, जबकि एसबीआई कार्ड माइल्स एलीट 5,000 रुपये की यात्रा क्रेडिट प्रदान करता है.

## आपका राशिफल

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,)
आप अपने समकक्षों के साथ भागीदारी प्राप्त करने के लिए कठिन प्रयास कर रहे है और आज आपकी यात्रा एक संतोषजनक स्थिति पर समाप्त होगी ! आप उस पुरस्कार राशि के लाभार्थी हो सकते है जो इस साझेदारी का नतीजा है । आपका एक करीबी सहयोगी आपको अपना समर्थन देने के लिए विशेष शब्दों के साथ आपका धन्यवाद कर आपको सम्मानित कर सकता है ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आप अपने कार्यो को करते हुए धैर्य रखते है , पर आज आप में अधिकार की भावना रहेगी । आपको ये एहसास करने की जरूरत है की चीजे अपनी गति से आगे चलेंगी और ज्यादा पाने की चाह आपको पीछे की और धकेल सकती है । आपमें हमेशा धैर्य की भावना रही है और हमेशा से निर्धारित मार्ग की तरफ आप अग्रसर रहे है , आपको ये याद करने की जरूरत है की क्यों आ

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
आप अच्छे स्वभाव के व्यक्ति हैं और सामाजिक कार्यो में भी भाग लेते रहे है । आज आपके इन गुणों की बहुत सराहना की जाएगी और उनके लिए पुरस्कार भी दिया जाएगा । आपको अपने आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए अदभुत सलाह भी मिल सकती है और आप वो सब पा सकते है जो अपने बलबूते पर पाना इतना आसान नहीं था ।

**कर्क** (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,)
आप समस्या पैदा नहीं करते , लेकिन आज आप अपने को घिरा हुआ पाएंगे । आप अपना आपा खो सकते है। आप अपने को शांत बनाए रखे और समस्याओं को एक एक करके निपटे । आपको देर तक अपने कार्यालय में कार्य करना पड़ सकता है । शाम तक की अपनी प्रतिबद्धताओं को रद्द कर दे । अपने कार्य को ढंग से समाप्त करने की और ध्यान लगाएं ।

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे,)
आप लंबे समय से एक ही परियोजना पर काम कर रहे है , इसलिए आपका दिन आज आपको नीरस लग सकता है। ये आपकी प्रगति के लिए हानिकारक है , इसलिए जितनी जल्दी हो सके बदलाव लाने के लिए आप कोशिश करे । हालांकि तब तक अपने सहकर्मियों के साथ सौहार्दपूर्ण रिश्ते का आनंद लें क्योकि उनमें से एक बहुत सुरक्षित रूप से आपको संगठन से बाहर का रास्ता खोजने में मदद कर सकता है!

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आज आपके कार्यालय में आपके और औरो के विचारो में भिन्नता रहेगी चाहे वह आपका सहकर्मी , उच्च अधिकारी या आपका मालिक हो चाहे वो कोई भी हो पर निष्चय ही ये आपके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा इसलिए आपको शांत मस्तिष्क से काम लेना है ताकि आप वाद विवाद से बचे रहे । अगर आप प्रातकालः में दौड़ लगाने जैसा हल्का व्यायाम करे तो आप काफी हद तक अपने तनाव को दूर कर सकते है ।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,)
आज आपको महसूस होगा की अपनी नौकरी में आपको वह संतुष्टि नहीं मिली जो आप चाहते थे और आज आप अपनी नौकरी छोड़ने के लिए अंतिम कदम भी उठा सकते हैं , हालांकि यह एक बुरी बात नहीं है क्यों की बहुत जल्द ढेर सारे सुनहरे अवसर आपके पास आ सकते है और आप जो चाहते थे , वो हो सकता है , हालाँकि प्रारंभिक वेतन कम हो सकता है, लेकिन यहाँ आपको प्रसन्नता मिलेगी ।

**वृश्चिक** (तो, ना, नी, ने, नू, नो, या, यी, यू,)
आज आपको अपने कार्यस्थल पर सावधानी बरतनी आवश्यक है। आप ये भूल रहे है , की आज के आधुनिक कार्यालयों में कुछ भी छुपा हुआ नहीं है , इसलिए आपको स्थितियों के मुताबिक खुद को ढालना पड़ सकता है । आज आपको विवेक की जरुरत है और अगर आप उसे अनदेखा करते है , तो आपको अपने करियर के संदर्भ में कीमत चुकानी पड़ सकती है , इसलिए चौकन्ना रहने की जरुरत है ।

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)
चीजें आपके अनुसार कार्य नहीं कर रही है जैसे की अपने योजना बनाई थी , लेकिन आपको इस कारण से आक्रामक नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे आपके सारे प्रयास बर्बाद हो सकते हैं। कार्य में प्रगति के लिए आपको धैर्य की आवश्यकता होगी लेकिन ये इतनी आसानी से आपको नहीं मिलेगा । आप से कम प्रतिभाशाली व्यक्ति आपके समक्ष आ सकता है।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आज आप काफी मेहनत के साथ भागदौड़ करेंगे परन्तु उतना संतोषजनक परिणाम मिलना मुश्किल होगा । दिल छोटा न करे । हर दिन एक जैसा नहीं होता और किसी किसी दिन मेहनत काम नहीं आती । आज की घटनायें आपके लिए सबक का काम करेंगी जो आपको कुछ करने के लिए प्रेरित करेंगी जिससे की आप योजना और संधि बनाकर आगे बढ़ सकते है । नया क्रय कार्ड न बनवाए ।

**कुंभ** (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आज आपको अपने कार्यालय पर संचार और बातचीत कौशल का विशेष उपयोग करने की जरूरत है। आपको सावधान रहना होगा की जोर से शिकायत या किसी के पैरो में गिरने की जरुरत नहीं है , इसके बजाय आपको कूटनीति और कुशलता से दबाव के समय में कार्य करने की आवश्यकता होगी । आपकी सफल बातचीत भी काफी हद तक आपके करियर को आगे बढ़ा सकती है ।

**मीन** (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)
आप सक्रिय हैं और आज आपकी सक्रिय प्रकृति आपको शीर्ष पर रखेगी । आप सभी गतिविधियों के केंद्र पर हैं । आप बहुत अच्छा कर रहे हैं। बस अपनी गति को बनाए रखने और आगे बढ़ते रहे । अब भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए बहुत कुछ है। आप अपने कार्य क्षेत्र को व्यवस्थित रखें और समय-समय पर अपने दस्तावेजों को देखते रहे ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# छह महीने में पुरुष बन जाते हैं महिला

## बॉडी पार्ट बदल दिए जाते हैं, आवाज भी, रायपुर में 120 ऐसी सर्जरी, मां भी बने

रायपुर, 8 मार्च (एक्सक्लूसिव डेस्क)। आज के दौर में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं, ये कहावत भी अब पुरानी हो चुकी है। ऐसा इसलिए क्योंकि, अब कई पुरुष ही जेंडर चेंज सर्जरी कराकर महिलाएं बन रहे हैं। सिर्फ रायपुर के ही एक्सपर्ट सर्जन ऐसी 1-2 नहीं बल्कि 120 सर्जरी कर चुके हैं।

विमेंस डे के खास मौके पर आपको बताते हैं कि, आखिर क्यों कोई पुरुष जेंडर चेंज कराता है, आखिर वो क्या मनोदशा होती है, इसके साथ ही आपको बताएंगे इसकी पूरी प्रोसेस। एक्सपर्ट सर्जन डॉ सुनील कालड़ा और इसी तरह महिला बन चुकी विद्या राजपूत के अनुभव से-



"महिला बन जाने के बाद ऐसे लोग मां भी बन सकते हैं। बल्कि कुछ बने भी हैं। सेरोगेसी की पद्धति से बच्चे का जन्म होता है। इसमें दूसरी महिला के गर्भ में बच्चे का विकास होता है, फिर वो बच्चा सेरोगेसी करवाने वाले कपल को दे दिया जाता है।"

**सुनील कालड़ा**
कॉस्मेटिक या प्लास्टिक सर्जन



"हमारा बचपन सुसाइड के ख्यालों, दूसरे बच्चों की छेड़छाड़, परिवार और समाज के तानों के बीच बीतता है।फिर सर्जरी की प्रक्रिया में जाना एक और दर्द से भरा सफर होता है, मगर ये दर्द खुशी से भरा होता है। सर्जरी के बाद नए शरीर के साथ जन्म ली और वो पहचान मिली जिसे मैं दशकों से पाना चाह रही थी।"

**विद्या राजपूत**

डॉक्टर बताते हैं कि जेंडर डिस्फोरिया होने पर एक लड़के को लड़की बनने की चाहत होती है। ये एक तरह की मनोदशा है, वो खुद को मानसिक रूप से लड़की ही मानता है, वो अगर लड़की की तरह न रह पाए तो उसके लिए ये घुटन भरा जीवन होता है। इसे ऐसे समझिए कि कोई सामान्य लड़का है अगर उसे जबरन लड़की की तरह रहने को कहा जाए तो उसे क्या फील होगा। इसी तरह जेंडर डिस्फोरिया में लड़का भले ही शारीरिक रूप से लड़का दिखे मगर वो दिलो-दिमाग से लड़की होता है। ऐसी स्थिति में इन लोगों को सेक्स चेंज करना होता है।

डॉक्टर कालड़ा के अनुसार ऐसे ऑपरेशन के लिए अन्य राज्यों और विदेशों में लगभग 15 से 20 लाख का खर्च आता है। इसके अलावा मेकओवर सर्जरी भी लाखों में होती है लेकिन, छत्तीसगढ़ में इसका खर्च 3 लाख रुपए आता है। इसमें केवल दवाओं का शुल्क है। कम खर्च की वजह से बिहार, कलकत्ता, ओडिशा, दिल्ली, मुंबई और दुबई से भी पेशेंट उनके पास आ रहे हैं।

रायपुर की रानी (बदला हुआ नाम) वो जन्म से महिला नहीं थी, लेकिन उसे अपने महिला होने पर गर्व है। रानी रायपुर की रहने वाली है। वह थोड़ी बड़ी हुई, तो उसे पता चल गया था कि वो ट्रांसजेंडर है। उसने अपने परिवार के सदस्यों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। रानी जब बालिग हुई, तो डॉक्टरों के साथ काउंसलिंग की और सर्जरी कराई। रानी अब शहर के नामी ब्यूटी सैलून की संचालिका है। उसने कई ट्रांसजेंडर्स को अपने पास काम पर रखा है और खुद के साथ उनको भी नई जिंदगी जीने का मौका दिया है। हाल ही में रानी और उसके पार्टनर को सेरोगेसी से बच्चा भी हुआ है।

सेक्स चेंज करवाने या सर्जरी कराने वालों को पहले लोग हीन भावना से देखते है, लेकिन आधुनिकता के साथ इसका सोशल एडॉप्शन हो रहा है। छत्तीसगढ़ में अब सरकारी विभागों में नौकरी भी दी जा रही है। यह एडॉप्शन की दिशा में एक बड़ा कदम है। सर्जरी के बाद अब पूरी तरह से महिला बन चुकीं विद्या अपने अनुभवों के बारे में बताती हैं। उन्होंने उस मेंटल स्टेटस और शारीरिक दिक्कतों के बारे में बात की, जिसमें एक शख्स खुद को महिला की तरह साइंटिफिकली ट्रांसफॉर्म कर लेता है।

**हाथ-पैर चेहरा औरतों की तरह होने लगते हैं-**

विद्या राजपूत ने बताया कि, सर्जरी से पहले करीब 1 साल पहले काउंसिलिंग होती है। एक्सपर्ट्स ये समझते हैं कि हमारा शरीर किस जेंडर के लिए है। काउंसिलिंग वर्ल्ड प्रोफेशनल एसोसिएशन फॉर ट्रांसजेंडर हेल्थ (डब्ल्यूपीएटीएच) की गाइडलाइंस के मुताबिक की जाती है। इसमें आगे का जीवन, आय के साधन, परिवार की स्थिति वगैरह सब कुछ समझा जाता है।

इसके बाद शुरू होता है हार्मोंस लेने का प्रोसेस। इसमें शरीर फीमेल हार्मोंस से हाथ-पैर गोल होने लगते हैं, फेस महिलाओं की तरह होता है। आवाज बदलने लगती है, औरतों की तरह शरीर बदलने लगता है। हेयर ग्रोथ कम हो जाती है। लेजर गर्म तवे की तरह चेहरे पर लगाया जाता है, जो गाल पर लगाकर जड़ों तक जाता है, एक से डेढ़ साल कराया जाता है, बाल आने बंद हो जाते हैं। इसके बाद बॉडी पार्ट्स की सर्जरी होती है। सर्जरी पेनफुल होती है।

# 2,897 बर्खास्त बीएड शिक्षक फिर से अनिश्चितकालीन धरने पर

## नवा रायपुर में बोरिया-बिस्तर लेकर बैठे कहा- परिवार चलाना मुश्किल, लोग देते हैं ताने

रायपुर, 8 मार्च (एजेंसियां)। न नौकरी बची, न सुनवाई हो रही, आखिर जाएं तो जाएं कहां? यही सवाल लिए छत्तीसगढ़ के 2,897 बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक एक बार फिर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। नौकरी से निकाले गए ये शिक्षक अपना बोरिया-बिस्तर लेकर नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर जमे हुए हैं। गुस्सा उबल रहा है और नारेबाजी तेज हो चुकी है। इससे पहले भी 45 से ज्यादा दिनों तक ये शिक्षक प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन नगरीय निकाय चुनाव की आचार संहिता के कारण उन्हें अपना आंदोलन स्थगित करना पड़ा था। अब दोबारा मैदान में उतरने की वजह साफ है, सरकार ने कमेटी तो बना दी, लेकिन फैसला सुनाने में सुस्ती दिखा रही है। यही वजह है कि शिक्षक अब कमेटी की समय सीमा तय करने की मांग कर रहे हैं, ताकि फैसला लटकता न रहे।

धरने पर बैठे एक शिक्षक ने कहा - सरकार ने हमें खुद भर्ती किया, अब कोर्ट के फैसले की आड़ में बाहर कर रही है। आखिर गलती हमारी है या उनकी?

हाईपावर कमेटी बनाई गई तो फैसला भी जल्दी आना था लेकिन हम अब भी इंतजार ही कर रहे हैं। शिक्षकों ने साफ कर दिया है कि अब वे आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होतीं, तब तक धरना खत्म नहीं होगा। सरकार ने शिक्षकों की मांगों पर विचार करने के लिए एक कमेटी बना दी थी, लेकिन महीनों बाद भी कोई फैसला नहीं आया। यही कारण है कि अब शिक्षक कमेटी की सुस्ती को लेकर भी नाराज हैं। वे चाहते हैं कि सरकार इस पर जल्द फैसला ले, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो। गुरुवार को भी कई शिक्षकों ने विधानसभा जाने वाली सड़क में तख्ती लेकर प्रदर्शन किया और वहां से गुजरने वाले नेताओं का ध्यान अपनी मांगों की तरफ आकर्षित किया।

# किराना व्यवसायी के घर से 20 लाख की लूट

## 6 नकाबपोश बदमाश शटर तोड़कर दुकान में घुसे, परिवार को बनाया बंधक, पिटाई भी की



गिरिडीह, 8 मार्च (एजेंसियां)। गिरिडीह में 6 नकाबपोश बदमाशों ने शुक्रवार की रात लूट की घटना को अंजाम दिया। घटना जमुआ थाना क्षेत्र की है। बदमाश शटर तोड़कर दुकान में घुसे और किराना व्यवसायी व उनकी पत्नी को बंधक बना लिया। उनकी जमकर पिटाई की और फिर लूटपाट कर चलते बने। 8 लाख कैश समेत करीब 20 लाख रुपए की संपत्ति की लूट हुई है। बदमाशों की पिटाई से किराना व्यवसायी का सिर भी फट गया। जमुआ निवासी किराना व्यवसायी मनोज साव के घर पर यह वारदात हुई। मनोज साव के बेटे शुभम कुमार साव ने बताया कि करीब 30 मिनट तक लूटपाट करने के बाद अपराधी 8 लाख रुपए नकद और 12 लाख रुपए के जेवरात लूटकर फरार हो गए। दुकान के पीछे ही मनोज साव का घर है। शुभम कुमार साव के अनुसार, रात करीब 2 बजे सबसे पहले बदमाशों ने दुकान का शटर तोड़ा और अंदर आ गए। दुकान से होते ही वो घर में पहुंचे और मां-पिता को बंधक बना लिया। दोनों की जमकर पिटाई भी की। इससे पिता के सिर पर तीन टांके लगे हैं।

वहीं, लूटपाट करने के बाद बदमाश शुभम के कमरे में आए और डीवीआर के बारे में पूछा। इसके बाद बदमाश डीवीआर अपने साथ लेकर निकल गए।

# महिलाओं ने चलाई रांची-टोरी मेमू ट्रेन

## महिला दिवस पर रांची रेल मंडल की पहल पायलट से सुरक्षा तक महिलाओं के हवाले

रांची, 8 मार्च (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची रेल मंडल ने अनूठी पहल की। आज रांची से टोरी तक चलने वाली मेमू पैसेंजर ट्रेन के परिचालन की जिम्मेदारी महिलाओं के जिम्मे रही। इस ट्रेन के पायलट से लेकर टीटीई, आरपीएफ से लेकर गार्ड तक सभी कर्मी महिलाएं रहीं।

इस महिला स्पेशल ट्रेन को रांची रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक से रवाना किया गया। ट्रेन को वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्रेया सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस ट्रेन में लगभग 15 कर्मी थे। जिन्होंने ट्रेन के परिचालन की जिम्मेदारी को बखूबी निभाया।

ट्रेन को रवाना करने से पहले सभी कर्मचारियों का स्वागत गुलाब के फूल के साथ किया गया। इस दौरान महिला कर्मियों के चेहरे पर गजब का उत्साह देखने को मिला। ट्रेन की रवानगी के साथ ही उन्होंने विक्ट्री साइन दिखा कर यात्रा की शुरुआत की।





आज रांची रेलवे स्टेशन से महिलाओं ने न केवल रांची-टोरी मेमू ट्रेन चलाया बल्कि स्टेशन पर ट्रेन परिचालन, बुकिंग, यांत्रिक विभाग, चिकित्सा विभाग, सफाई कर्मी और फाटक मैनेजमेंट सहित विभिन्न कार्यों का संचालन महिलाओं द्वारा किया जा रहा है।

मौके पर वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्रेया सिंह ने कहा कि केवल आज का दिन मत मनाएं। आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है, लेकिन हर दिन महिला दिवस है। हर दिन महिला दिवस होगा तभी इस देश की महिलाएं आगे बढ़ पाएंगी। महिलाओं को हर दिन मनाने की जरूरत है। जो कामकाजी महिलाएं हैं, गृहणियां हैं उनके लिए संदेश है कि अन्य काम करते समय अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करें। महिलाएं कुछ भी कर सकती हैं, वे किसी से कम नहीं हैं, वे यह साबित करती रही हैं और भविष्य में भी करती रहेंगी।



# नारायणपुर में नक्सली के बिछाए आईईडी में विस्फोट

## आयरन माइन में काम कर रहे एक मजदूर की मौत एक गंभीर घायल

नारायणपुर, 8 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में बड़ा हादसा हो गया। जिले के छोटेडोंगर थाना इलाके में संचालित अमदई खदान क्षेत्र में शुक्रवार को आईईडी ब्लास्ट हो गया। आयरन ओर माइन में प्रेशर बम ब्लास्ट की चपेट में आने से एक मजदूर की मृत्यु हो गई। वहीं, एक अन्य मजदूर घायल हो गया। घायल का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं, ब्लास्ट के बाद पुलिस ने इलाके में सर्चिंग अभियान चलाया।

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना नारायणपुर के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आमदई घाटी लौह अयस्क खदान में ब्लास्ट हुआ। हादसा उस वक्त हुआ जब मजदूर खदान में काम कर रहे थे। तभी दो मजदूर दिलीप कुमार बघेल और हरेंद्र नाग अनजाने में नक्सलियों के लगाए गए प्रेशर बम की जद में आ गए। जिससे बम में विस्फोट हो गया और वे घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद दोनों घायल मजदूरों को तत्काल छोटेडोंगर गांव के एक अस्पताल ले जाया गया। यहां प्राथमिक इलाज कर उन्हें नारायणपुर जिला अस्पताल भेज दिया गया। हालांकि रास्ते में ही दिलीप कुमार बघेल ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। नक्सलियों ने आमदई लौह माइंस के पास सुरक्षाबल को जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए प्रेशर आईईडी प्लांट करके रखी थी। हालांकि इसकी चपेट में खदान में काम कर रहे मजदूर आ गए। नक्सलियों के बिछाए आईईडी में मजदूर का पैर पड़ते ही ब्लास्ट हो गया।

# झारखंड में 5 डिग्री तक बढ़ेगा अधिकतम तापमान

रांची, 8 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड के सभी जिलों में धीरे-धीरे तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। मौसम केंद्र रांची के मुताबिक अगले 5 दिनों के दौरान प्रदेश के तापमान में 4 से 5 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है। इससे गर्मी बढ़ेगी। इस बढ़ती गर्मी का जन जीवन पर असर पड़ सकता है। इस तरह मार्च का महीना गर्म रहने वाला है। हालांकि कुछ दिनों तक सुबह में ठंड रहेगी।

मौसम विभाग ने बताया है कि 9 से लेकर 11 मार्च तक आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। 9 मार्च को राज्य के दक्षिणी भाग तथा 10 मार्च को दक्षिणी सहित मध्य और उत्तर-पूर्वी भाग में बादल छाए रहेंगे।

जबकि अन्य इलाकों में आसमान और मौसम साफ रहेगा।

बीते 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक तापमान सरायकेला का रिकॉर्ड किया गया है। यहां का अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं राजधानी रांची का अधिकतम तापमान शुक्रवार को 28.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस कम था।

पिछले 24 घंटे के मौसम से इस तापमान की तुलना करें तो इसमें 1.8 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी रही है। इसी तरह न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 2.7 डिग्री सेल्सियस कम रहा, लेकिन 24 घंटे में 2.1 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

मौसम विभाग की ओर से जारी किए गए मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 9 मार्च को राज्य के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में बादल छाए रहने की संभावना है। जबकि अन्य जिलों में मौसम साफ रहेगा। 10 मार्च को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां के साथ-साथ रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़ में बादल छाए रह सकते हैं। इसी दिन संथाल परगना के देवघर सहित धनबाद, दुमका, गिरिडीह जैसे जिलों में आसमान मुख्यतः साफ रहेगा। मौसम शुष्क रहेगा। 11 मार्च को कोल्हान के चार जिले पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां में बादल छाए रह सकते हैं। मौसम शुष्क रहेगा। इन जिलों के अतिरिक्त अन्य जिलों का मौसम साफ रहने वाला है।

# चाईबासा बस स्टैंड पर दिनदहाड़े लूट

## बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र से बदमाशों ने डेढ़ लाख रुपए लूटे, सीसीटीवी भी ले गए

चाईबासा, 8 मार्च (एजेंसियां)। चाईबासा के बस स्टैंड स्थित बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र में दिनदहाड़े लूट की वारदात हुई। तीन बदमाशों ने बाइक से आकर डेढ़ लाख रुपए लूट लिए। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक तरुण कुमार विश्वकर्मा सुबह केंद्र खोल रहे थे। इसी दौरान तीन बदमाश ग्राहक बनकर आए। उन्होंने पैसे निकालने का बहाना बनाया। फिर पिस्टल दिखाकर काउंटर में रखे डेढ़ लाख रुपए लूट लिए। बदमाश भागते समय सीसीटीवी कैमरा भी अपने साथ ले गए।

## होली से पहले गन्ना किसानों को बड़ी सौगात

कवर्धा, 8 मार्च (एजेंसियां)। होली त्योहार के पहले गन्ना किसानों को बड़ी सौगात मिली है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर होली के त्योहार से पहले गन्ना किसानों के चेहरे पर खुशी लाने के लिए भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना ने किसानों को 5.22 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। पेराई सत्र 2024-25 के दौरान गन्ना किसानों को 315.10 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया गया है। अब तक कारखाने द्वारा कुल 50.21 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जिससे क्षेत्र के हजारों किसानों को सीधा लाभ मिला है।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने यह सुनिश्चित किया है कि गन्ना किसानों को भुगतान समय पर मिले। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा इस सत्र में कुल 2.78 लाख मीट्रिक टन गन्ने की पेराई की गई, जिससे 2.59 लाख क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ।

# महिला दिवस पर पलामू एसपी का खास तोहफा

## कार्यालय में बना ब्रेस्टफीडिंग रूम और किड जोन बच्चों के साथ आने वाली महिलाएं होंगी लाभान्वित

पलामू, 8 मार्च (एजेंसियां)। पलामू में महिला दिवस के अवसर पर एसपी रीष्मा रमेशन ने महिलाओं को खास तोहफा दिया है। एसपी कार्यालय में ब्रेस्टफीडिंग रूम और किड जोन बनाया गया है। शनिवार को एसपी की मौजूदगी में मेदिनीनगर, छतरपुर और हुसैनाबाद की महिला थाना प्रभारियों ने इस सुविधा का उद्घाटन किया। एसपी रमेशन ने बताया कि जिले के दूर-दराज से आने वाली फरियादी महिलाओं को अधिकारियों के फील्ड या मीटिंग में होने पर अक्सर बच्चों के साथ कई घंटे इंतजार करना पड़ता है। अब वे ब्रेस्टफीडिंग रूम में अपने शिशुओं की देखभाल सुरक्षित तरीके से कर सकेंगी।



किड जोन में बच्चों के लिए झूले और खिलौने की व्यवस्था की गई है

किड जोन में बच्चों के लिए झूले और खिलौने की व्यवस्था की गई है। एसपी ने कहा कि यह सुविधा सफल रही तो जल्द ही जिले के सभी थानों में भी इसे शुरू किया जाएगा। इस पहल से महिलाएं बिना किसी परेशानी के अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगी।

पलामू पुलिस महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह कदम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# रेलवे ओवरब्रिज पर हाईवा दुर्घटनाग्रस्त

## रेलिंग टूटकर ट्रैक पर गिरा चालक को हल्की चोट लगी

कोडरमा, 8 मार्च (एजेंसियां)। झुमरीतिलैया में एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते बचा। तिलैया थाना क्षेत्र के एनएच 20 पर रामगढ़ से झुमरीतिलैया जा रही एक हाईवा दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा तब हुआ जब एक कार ने हाईवा को ओवरटेक करने की कोशिश की।

कार को बचाने के प्रयास में हाईवा असंतुलित होकर रेलवे ओवरब्रिज के डिवाइडर से टकरा गई। हाईवा का अगला हिस्सा ब्रिज से नीचे लटक गया। चालक संजय पटेल ने किसी तरह केबिन से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।

जानकारी के मुताबिक यूपी की रजिस्टर्ड हाईवा रामगढ़ से झुमरीतिलैया की एक निजी फैक्ट्री में कोयले का डस्ट लोड करने जा रही थी। हादसे में पूल की रेलिंग का एक बड़ा हिस्सा नई दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन पर जा गिरा।

सौभाग्य से ओएचई तार सुरक्षित रहा, वरना रेल परिचालन प्रभावित हो सकता था। तिलैया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल चालक को अस्पताल भेजा।

एनएच 20 पर लगे जाम को हटाने के लिए यातायात को डायवर्ट किया गया। पुलिस क्रेन की मदद से हाईवा को हटाने का प्रयास कर रही है।

# कुलदीप जुनेजा पर हो सकती है कार्रवाई

## पीसीसी चीफ दीपक बैज दिल्ली में हाईकमान को देंगे रिपोर्ट, पूर्व विधायक पर एक्शन की सिफारिश

रायपुर, 8 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक दीपक बैज दिल्ली दौरे पर हैं। वे पार्टी के खिलाफ काम करने वाले नेताओं की सूची आलाकमान को सौंपेंगे। साथ ही, प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए फैसलों पर अंतिम मुहर भी लगेगी।

बैठक में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा पर कार्रवाई की भी अनुशंसा की गई है। इसके अलावा बैज हाल ही में हुई चुनावी हार के कारणों पर रिपोर्ट भी देंगे। नई नियुक्तियों को लेकर भी चर्चा होगी। जिससे यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है।

रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा के खिलाफ कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से कार्रवाई करने का फैसला लिया है। अब इस पर अंतिम निर्णय पार्टी हाईकमान लेगा। यह विवाद तब शुरू हुआ, जब जुनेजा ने सार्वजनिक रूप से दीपक बैज के खिलाफ बयान दिया था।

कुलदीप जुनेजा लगातार बागियों की वापसी का विरोध कर रहे थे। खासकर अजीत कुकरेजा की। इसके अलावा, उन्होंने दीपक बैज की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाए। आरोप लगाया कि, दीपक बैज प्रदेश में संगठन पर पकड़ नहीं बना पाए और उनकी कार्यशैली से कोई संतुष्ट नहीं है। उन्होंने पार्टी में टिकट वितरण में गड़बड़ी की भी जांच की मांग की। हालांकि इस बयान से वे बाद में पलट भी गए थे।

पीसीसी ने कुलदीप जुनेजा को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, क्योंकि वे पार्टी के आंतरिक मामलों को सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर उठाते रहे। मुख्य तौर पर इस बात का जिक्र था कि जुनेजा के बयानों से पार्टी की छवि को नुकसान हुआ।

पार्टी के पास आंतरिक चर्चा के लिए मंच उपलब्ध हैं, लेकिन उन्होंने सार्वजनिक रूप से बयानबाजी की। 3 दिनों के भीतर जवाब नहीं देने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

# झारखंड में एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या

## घर से ऑफिस के लिए निकले थे, ओवरटेक कर मारी गोली, नालंदा के रहने वाले थे

हजारीबाग, 8 मार्च (एजेंसियां)। एनटीपीसी कोल परियोजना के केरेडारी में डिस्पैच डिपार्टमेंट के डीजीएम पद पर कार्यरत कुमार गौरव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह वे अपने घर हजारीबाग से ऑफिस के लिए थे। गाड़ी जैसे ही हजारीबाग के फतहा चौक के पास पहुंची बाइक सवार अपराधियों ने गाड़ी ओवरटेक कर उन्हें गोली मार दी। उन्हें 2 गोलियां लगी थीं।

आनन-फानन में उन्हें पास के ही आरोग्यम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक कुमार गौरव बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले थे।



घटना की जानकारी मिलते ही एनटीपीसी के बड़े पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। अस्पताल में जिले के तमाम बड़े पदाधिकारी मौजूद हैं। मामले को लेकर जांच तेज कर दी गई है। चर्चा इस बात भी हो रही है इलाके में लेवी को लेकर आए दिन माइनिंग कंपनियां और उसके कर्मी अपराधियों की रडार पर आते रहते हैं।

इससे पहले भी लेवी के लिए आउटसोर्सिंग कंपनी के जीएम की हत्या कर दी गई थी। कुमार गौरव की हत्या के तार भी लेवी से ही जोड़कर देखे जा रहे हैं। क्योंकि उनके ऊपर ही कोयला डिस्पैच की जिम्मेदारी थी। कुमार गौरव 6 महीने पहले ही यहां आए थे। उनकी 10 साल की एक बेटी है जो हजारीबाग में एक प्राइवेट स्कूल में रहकर पढ़ाई करती है। बचपन में ही कुमार गौरव के पिता की मौत हो गई थी। अपनी मेहनत से उन्होंने एनटीपीसी में नौकरी हासिल की थी। एनटीपीसी एसोसिएशन के सदस्य कमला राम रजक ने कहा- 'एनटीपीसी को पूरे परिवार की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। अगर हमारी मांग नहीं मानी तो बड़ा प्रदर्शन करेंगे।'

# व्हाइट हाउस में ट्रम्प के सामने ही भिड़ गए मस्क-रुबियो

## विदेश मंत्री ने नौकरी में कटौती नहीं की, इससे नाराज थे टेस्ला चीफ



वॉशिंगटन, 8 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मौजूदगी में डागी चीफ इलॉन मस्क और विदेश मंत्री के बीच गुरुवार को कैबिनेट मीटिंग के दौरान बहसबाजी हुई। यह दावा न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में किया गया है। इस मौके पर 20 से ज्यादा लोग थे। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों के बीच स्टाफ कटौती के मुद्दे पर बहस हुई। मस्क ने बैठक में विदेश मंत्री पर आरोप लगाया कि वे अपने विभाग में स्टाफ की संख्या में कटौती नहीं कर पाए हैं। इस पर रुबियो ने कहा कि मस्क झूठ बोल रहे हैं।

रुबियो ने मस्क को झूठा ठहराते हुए कहा- 1,500 स्टेट डिपार्टमेंट कर्मचारियों ने समय से पहले रिटायरमेंट ले लिया है। क्या उन्हें छंटनी में नहीं गिना जाएगा? क्या मस्क ये चाहते हैं कि वे उन सभी स्टाफ को फिर से काम पर रखें, ताकि वे उन्हें फिर से नौकरी से निकालने का दिखावा कर सकें। विदेश मंत्री की इस दलील से मस्क को कोई फर्क नहीं पड़ा। उन्होंने रुबियो से कहा कि आप सिर्फ टीवी पर अच्छे लगते हैं। मस्क और रुबियो की बहस के दौरान शुरुआत में राष्ट्रपति ट्रम्प अपनी कुर्सी पर हाथ जोड़कर बैठे रहे। जब दोनों के बीच बहस तेज हो गई तो ट्रम्प ने रुबियो का बचाव किया और कहा कि वे बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।

ट्रम्प ने कहा- रुबियो के पास काम करने के लिए बहुत चीजें हैं। वे बहुत बिजी रहते हैं। हमेशा यात्राएं करते हैं और टीवी पर भी उन्हें समय देना होता है। इसलिए सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है।

# कनाडा के टोरंटो में गोलीबारी

### पब में फायरिंग से 11 लोग घायल फरार हमलावर की तलाश जारी



टोरंटो, 8 मार्च (एजेंसियां)। पूर्वी टोरंटो के एक पब में गोलीबारी की घटना हुई है। इस गोलीबारी में 12 लोग घायल हुए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात को टोरंटो के स्कारब्रो टाउन सेंटर मॉल के नजदीक स्थित पब में गोलीबारी हुई। घायलों में कई की हालत गंभीर है। हमलावर फरार है, जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार रात करीब 10.40 बजे हुई। उल्लेखनीय है कि साल 2022 में भी कनाडा के नोवा स्कोटिया में गोलीबारी की घटना हुई थी, जिसमें 22 लोगों की मौत हुई थी। उसे कनाडा के इतिहास की सबसे खतरनाक गोलीबारी की घटना माना जाता है।

# हार्वर्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक ने किया भगवान को खोजने का दावा

## पहली बार गणित के सूत्र का खुलासा, क्या हर किसी से मिलेंगे ईश्वर?

वॉशिंगटन, 8 मार्च (एजेंसियां)। दुनिया में दर्जनों धर्म हैं और हर धर्म में अलग अलग भगवान हैं। लेकिन अब हार्वर्ड विश्वविद्यालय के एक वैज्ञानिक, जो एक खगोलशास्त्री और एयरोस्पेस इंजीनियर हैं, उन्होंने भगवान को खोजने वाला फॉर्मूला बनाने का दावा किया है। डॉ. विली सून ने एक अभूतपूर्व खुलासा करते हुए दावा किया है कि एक गणितीय सूत्र ईश्वर के अस्तित्व का प्रमाण सामने लाता है। उन्होंने दावा किया है कि भगवान वास्तव में हैं और एक सूत्र से उनके होने की पुष्टि होती है। टकर कार्लसन नेटवर्क से बात करते हुए प्रसिद्ध वैज्ञानिक ने अपना सूत्र दुनिया के सामने पेश किया है। इस दौरान उन्होंने सुझाव दिया है कि ब्रह्मांड के रहस्य सिर्फ सितारों में ही नहीं लिखे जा सकते हैं, बल्कि वो गणित की थ्योरी में भी लिखी जा सकती है।

डॉ. विली सून के सिद्धांत के केन्द्र में फाइन ट्यूनिंग तर्क है।



इसे अगर सरल शब्दों में समझें तो यह सुझाव देता है कि ब्रह्मांड के भौतिक नियम जीवन को सहारा देने के लिए इतने सटीक रूप से कैलिब्रेट किए गए हैं, कि यह सिर्फ संयोग से नहीं हो सकता। रिपोर्ट के मुताबिक भगवान को खोजने वाले इस सूत्र को सबसे पहले कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के गणितज्ञ पॉल डिराक ने प्रस्तावित किया था। जिसमें उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला था, कि कैसे कुछ ब्रह्मांडीय स्थिरांक आश्चर्यजनक सटीकता के साथ एक दूसरे के साथ मिले होते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी घटना है, जिसने दशकों से वैज्ञानिकों को हैरान कर रखा है।

गणितज्ञ पॉल डिराक ने अनुमान लगाया है कि ब्रह्मांड के भौतिक नियमों का सही संतुलन गणितीय सिद्धांत को आधार बनाकर उसका विश्लेषण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ये बहुत सुंदर और शक्तिशाली है, लेकिन इसे समझना अत्यंत मुश्किल है और इसे समझने के लिए किसी के पास काफी ज्यादा बुद्धि और सोचने समझने की ताकत होनी चाहिए। पॉल डिराक ने साल 1963 में अपनी किताब में लिखा था कि शायद इस स्थिति का वर्णन यह कहकर किया जा सकता है कि ईश्वर एक बहुत बड़े गणितज्ञ हैं। उन्होंने ब्रह्मांड के निर्माण में बहुत एडवांस गणित का उपयोग किया है। आपको बता दें कि डिराक को 'एंटीमैटर का जनक' माना जाता है। उन्होंने 1932 में वास्तव में इसकी पुष्टि होने से पहले ही एक गलती से इसका अस्तित्व खोज लिया था।

डॉ. सून ने भी पॉडकास्ट में भगवान के अस्तित्व के बारे में अपनी बात समझाने के लिए डिराक की थ्योरी का हवाला दिया है। उन्होंने कहा कि हमेशा मौजूद रहने वाली शक्तियों के बहुत सारे उदाहरण हैं जो हमें अपने जीवन को रोशन करने लायक बनाते हैं। हालांकि कई वैज्ञानिक धर्म को विज्ञान से जोड़ने की बात से कतराते हैं, लेकिन डॉ. सून ने तर्क दिया है कि गणित और ब्रह्मांड के बीच के संबंध को जानने से पता चलता है कि इसे एक निश्चित पैटर्न पर जानबूझकर डिजाइन किया गया है। जो ईश्वर ने ही किया होगा।

# पाकिस्तान में गहराया जल संकट

## जल प्राधिकरण ने किसानों को दी चेतावनी- 35 फीसदी तक हो सकती है कमी

इस्लामाबाद, 8 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान इन दिनों पानी की कमी से जूझ रहा है। अब पाकिस्तान के जल प्राधिकरण ने देश के किसानों से अपील की है कि इस साल 35 प्रतिशत तक पानी कम उपलब्ध रहेगा, ऐसे में वे हालात के लिए तैयार रहें। दरअसल पाकिस्तान के दो प्रमुख जलाशयों में पानी की भारी कमी है। पाकिस्तान के जल प्राधिकरण की यह चेतावनी ऐसे समय आई है, जब पाकिस्तान में गेंहू की फसल का मौसम चरम पर है, लेकिन इस फसल के लिए ज्यादा पानी की जरूरत है।

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, इंडस रिवर सिस्टम अथॉरिटी (इरसा) ने शुक्रवार को पंजाब और सिंध के किसानों को 35 फीसदी पानी की कमी के लिए तैयार रहने को कहा है। पाकिस्तान के तरबेला और मंगला बांधों में तेजी से पानी तय मानकों से कम हो रहा है। प्राधिकरण ने सिंचाई सचिवों को पत्र लिखकर यह जानकारी दी है। इंडस रिवर सिस्टम अथॉरिटी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, तरबेला बांध में पानी का स्तर 1409 फीट है, जो तय न्यूनतम मानकों से सिर्फ नौ फीट ज्यादा है। तरबेला बांध में 17 हजार क्यूसेक पानी आता है, वहीं बांध से 20 हजार क्यूसेक पानी निकाला जाता है।

पाकिस्तान के दोनों प्रमुख जलाशयों में पानी की भारी कमी

इसी तरह से मंगला बांध में अपने न्यूनतम जल स्तर से महज 28 फीट ज्यादा ही पानी मौजूद है। मंगला बांध में हर रोज 16,400 क्यूसेक पानी आता है और बांध से रोजाना 18 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है। यही वजह है कि दोनों जलाशयों में तेजी से पानी कम हो रहा है। इसरा ने आशंका जताई है कि कुछ ही दिनों में दोनों जलाशयों में पानी अपने न्यूनतम स्तर को छू सकता है। पाकिस्तान में अभी गेहूं की फसल की बुवाई चल रही है, ऐसे में पानी की कमी का व्यापक असर पड़ सकता है।

# अमेरिका ने आर्थिक मदद रोकी नेपाल की अर्थव्यवस्था चरमराई

## देश पर कर्ज का बोझ बढ़ा, खर्च चलाने को जनता से लेना पड़ रहा लोन

काठमांडू, 8 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के वित्तीय मदद रोकने से नेपाल की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। सरकार मौजूदा खर्चों को पूरा करने में असमर्थ है, जिससे सरकार को देश के लोगों से लोन लेना पड़ रहा है। नेपाल पर सार्वजनिक कर्ज तेजी से बढ़ रहा है। अब यह बोझ दोगुना हो गया है। चालू वित्त वर्ष के पहले 7 महीनों में सार्वजनिक कर्ज में लगभग 2 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है। कर्ज प्रबंधन कार्यालय के अनुसार, पिछले साल के जुलाई में सार्वजनिक कर्ज 24.034 लाख करोड़ रुपए था, जो फरवरी तक बढ़कर 26.011 लाख करोड़ रुपए हो गया। नेपाल में सरकारी कर्ज बढ़कर देश के जीडीपी का 45.77% है। एक दशक पहले तक यह आंकड़ा जीडीपी का 22% था। वहीं, कुल कर्ज में विदेशी कर्ज 50.87% है, घरेलू कर्ज 49.13% है। अमेरिकी एजेंसी यूएसएआईडी के 95 अरब रुपए के कार्यक्रमों के



स्थगित होने से स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि प्रभावित हुई है। मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन (एमसीसी) परियोजना भी अमेरिकी सहयोग बंद होने के बाद रुक गई है। इस साल सरकार 18.063 लाख करोड़ रुपए का बजट लागू कर रही है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण बजट में लगभग दस प्रतिशत की कटौती की गई है। पिछले सप्ताह सरकार ने नागरिक बचत बांड के माध्यम से 3.5 अरब रुपए का कर्ज जारी किया। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 5 खरब 47 अरब रुपए का सार्वजनिक ऋण जुटाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन चुकौती के लिए केवल 4 खरब 2 अरब रुपए आवंटित किए हैं। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि देश में सरकारी लोन चेतावनी के स्तर पर पहुंच गया है। सुशासन विशेषज्ञ डॉ. ठाकुर प्रसाद भट्ट ने कहा कि सार्वजनिक ऋण में वृद्धि से नेपाल की अर्थव्यवस्था को खतरा हो सकता है। ऋण का सही क्षेत्रों में प्रभावी उपयोग नहीं हो रहा है, जिससे समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति केपी शर्मा ओली की सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। बिगड़ती आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए सरकार ने एक आर्थिक सुधार सुझाव आयोग का गठन किया है, लेकिन सुधार के कोई संकेत नहीं मिले हैं।

राजस्व संग्रह में कमी और मंद आर्थिक गतिविधियों के कारण सरकार अपने लक्ष्यों को पूरा नहीं कर पा रही है। चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में सरकार ने लक्ष्य से लगभग 1.5 ट्रिलियन रुपए कम संग्रह किया।

# ट्रम्प बोले- भारत टैरिफ में कटौती पर सहमत

## अब हमारे देश को लूटना बंद हुआ, दो दिन पहले भारत पर 100% टैरिफ की बात कही थी

वॉशिंगटन, 8 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार देर रात कहा, 'भारत हमसे बहुत ज्यादा टैरिफ वसूलता है। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। हालांकि भारत अब अपने टैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है, क्योंकि हम उनके किए की पोल खोल रहे हैं।' ट्रम्प ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा- हमारे देश को हर किसी ने लूटा है। लेकिन अब यह बंद हो गया है। मैंने अपने पहले कार्यकाल में इसे बंद करवाया था। अब हम इसे पूरी तरह से बंद करने जा रहे हैं, क्योंकि यह बहुत गलत है। अमेरिका को आर्थिक, वित्तीय और व्यापार की नजर से दुनिया के लगभग हर देश ने लूटा है। ट्रम्प के इस बयान पर भारत सरकार ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ट्रम्प 2 अप्रैल से भारत समेत दुनियाभर के देशों पर जैसा को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि भारत हमसे 100% से ज्यादा टैरिफ वसूलता है, हम भी अगले महीने से ऐसा ही करने जा रहे हैं। ट्रम्प ने 5 मार्च को संसद के जॉइंट सेशन में रिकॉर्ड 1 घंटा 44 मिनट का भाषण दिया था। भाषण की शुरुआत अमेरिका इज बैक, यानी 'अमेरिका का दौर लौट आया है' से की थी। उन्होंने कहा था कि उन्होंने 43 दिन में जो किया है वह कई सरकारें अपने 4 या 8 साल के कार्यकाल में नहीं कर पाईं। उन्होंने कहा था- 2 अप्रैल से अमेरिका में 'रेसिप्रोकल टैरिफ' लागू होगा। यानी वे हम पर जितना टैरिफ लगाएंगे, हम भी उन पर उतना ही लगाएंगे। वे हम पर जितना टैक्स लगाएंगे, हम भी उन पर उतना ही टैक्स लगाएंगे। ट्रम्प ने हंसते हुए कहा कि मैं इसे 1 अप्रैल को लागू करना चाहता था, लेकिन फिर लोग इसे 'अप्रैल फूल' समझते।

ट्रम्प ने कहा था कि उनके प्रशासन के तहत, अगर कोई कंपनी अमेरिका में अपना प्रोडक्ट नहीं बनाएगी, तो उसे टैरिफ देना होगा। कुछ मामलों में, यह टैरिफ बहुत बड़ा होगा। दूसरे देश अमेरिका पर भारी टैक्स और टैरिफ लगाते हैं, जबकि अमेरिका उन पर बहुत कम लगाता है। यह बहुत अन्यायपूर्ण है। दूसरे देश दशकों से हम पर टैरिफ लगाते आ रहे हैं, अब हमारी बारी है।

ट्रम्प ने शुक्रवार को ये भी कहा कि जब तक रूस, यूक्रेन के साथ युद्ध रोकने और शांति का समझौता करने के लिए राजी नहीं हो जाता है, तब तक हम रूस के ऊपर भी टैरिफ और बैंकिंग प्रतिबंध लागू करने के बारे में सोच रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि हम रूस के साथ बहुत अच्छा कर रहे हैं, लेकिन अभी वे यूक्रेन पर बमबारी कर रहे हैं। अंतिम समझौते के लिए रूस से निपटना आसान हो सकता है, क्योंकि उनके पास सभी कार्ड हैं।

वहीं, मुझे यूक्रेन से निपटना बहुत कठिन लग रहा है। उनके पास कोई कार्ड नहीं है। युद्ध रोकने के लिए सभी लोग सहमत हों, इसके लिए यूक्रेन को बोर्ड में शामिल होना होगा।

# दक्षिण कैरोलिना में 15 साल बाद फायरिंग स्क्वाड ने पहली बार कैदी को दी मौत की सजा

वॉशिंगटन, 8 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका के दक्षिण कैरोलिना में हत्या के दोषी ब्रैड सिगमॉन (67) को शुक्रवार को फायरिंग स्क्वाड के जरिए मौत की सजा दी गई। यह अमेरिका में पिछले 15 वर्षों में पहली बार हुआ है जब किसी कैदी को इस तरीके से फांसी दी गई।

तीन स्वयंसेवी जेल कर्मियों ने राइफलों से सिगमॉन को गोली मारी, जिसे शाम 6:08 बजे मृत घोषित किया गया। सिगमॉन ने 2001 में अपनी पूर्व प्रेमिका के माता-पिता की हत्या कर दी थी। उसने पुलिस को बताया था कि वह अपनी प्रेमिका को रोमांटिक वीकेंड पर ले जाने और फिर उसे और खुद को मारने की योजना बना रहा था।

सिगमॉन ने 2001 में अपनी पूर्व प्रेमिका के माता-पिता को




ग्रीनविल काउंटी स्थित उनके घर में बेसबॉल बैट से मार डाला था ताकि उनकी बेटी का अपहरण किया जा सके। उसने पुलिस को बताया कि वह उसे एक रोमांटिक वीकेंड पर ले जाने की योजना बना रहा था, फिर उसे और खुद को मार देने का प्लान था।

सिगमॉन के वकीलों ने कहा कि उसने फायरिंग स्क्वाड को इसलिए चुना क्योंकि बिजली की कुर्सी उसे जिंदा पका देगी, और उसे डर था कि उसकी नसों में पेंटोबार्बिटल का घातक इंजेक्शन लगाने से उसके फेफड़ों में तरल पदार्थ और रक्त का प्रवाह बढ़ जाएगा। दक्षिण कैरोलिना में घातक इंजेक्शन विधि का विवरण गुप्त रखा जाता है, और सिगमॉन ने गुरुवार को राज्य के सर्वोच्च न्यायालय से इस कारण से अपनी सजा को रोकने का अनुरोध किया। लेकिन उसकी याचिका खारिज कर दी गई।

सजा के दौरान सिगमॉन को काले जंपसूट में एक कुर्सी पर बैठाया गया। उसके सिर पर हुड और छाती पर सफेद रंग का एक लाल निशान लगा था। तीन बंदूकधारी जेल कर्मी 15 फीट की दूरी से एक साथ गोली चलाई। गोली लगने के बाद सिगमॉन ने कुछ गहरी सांसें लीं, और उसके सीने पर लाल धब्बे दिखाई देने लगे। लगभग 90 सेकंड बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया।

फांसी के गवाहों में पीड़ित परिवार के तीन सदस्य, सिगमॉन का वकील, आध्यात्मिक सलाहकार और मीडिया के तीन सदस्य शामिल थे। सिगमॉन ने अपनी अंतिम बयान में ईसाई समुदाय से मौत की सजा खत्म करने की अपील की।

# हरियाणा के युवक को ऑस्ट्रेलिया में 40 साल कैद

## 30 साल पैरोल नहीं, जज बोले-सिडनी की सबसे कठोर सजा, 5 कोरियन महिलाओं से किया रेप

रेवाड़ी, 8 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा में रेवाड़ी के रहने वाले एक युवक को ऑस्ट्रेलिया में रेप करने के मामले में 40 साल कैद की सजा सुनाई गई है। सिडनी की एक कोर्ट ने रेवाड़ी के बालेश धनखड़ को कोरियन महिलाओं के साथ रेप करने के मामले में यह सजा सुनाई है। धनखड़ ऑस्ट्रेलिया में भारतीय जनता पार्टी के समर्थक संगठन 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' का अध्यक्ष रह चुका है।

आरोपी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कई कार्यक्रमों की फोटो भी अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। बालेश बतौर छात्र 2006 में ऑस्ट्रेलिया गया था, जहां उसने पढ़ाई के बाद कई बड़ी कंपनियों में डेटा विजुलाइजेशन सलाहकार के रूप में काम किया। इसी दौरान उसने कोरियन मूल की 5 महिलाओं का रेप किया। 2018 में बालेश धनखड़ को गिरफ्तार किया गया था। सिडनी सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट यूनिट में पुलिस की छापेमारी में डेट-रेप ड्रग्स और घड़ी रेडियो के रूप में एक वीडियो रिकॉर्डर बरामद किया गया था। बालेश धनखड़ पर आरोप थे कि उसने 2017 में 5 कोरियाई महिलाओं को नौकरी का झांसा देकर इंटरव्यू लेने के बहाने मिलने को बुलाया और फिर नशीली दवा देकर उनके साथ रेप किया।

पुलिस ने अक्टूबर 2018 में जब धनखड़ के अपार्टमेंट पर छापा मारा था तो उसके पास महिलाओं से संबंध बनाने के दर्जनों ऐसे वीडियो मिले थे, जिन्हें हिडन कैमरे से बनाया गया था। 2018 में पुलिस ने बालेश को गिरफ्तार तो कर लिया लेकिन



अचानक बालेश धनखड़ लापता हो गया। उसके बारे में मीडिया में भी कोई खबर नहीं आई क्योंकि धनखड़ ने मुकदमा शुरू होते ही कोर्ट से सप्रेशन ऑर्डर ले लिया, जिसके कारण उसके बारे में समाचार प्रकाशित करने पर प्रतिबंध लग गया। इस मामले की खबर मीडिया में फिर 2023 में आई जब इस मुकदमे की सुनवाई शुरू हुई और सप्रेशन ऑर्डर हटा लिया गया। तब यह बात सामने आई कि पुलिस ने धनखड़ पर 5 कोरियाई महिलाओं से बलात्कार के मामले में यौन उत्पीड़न के 39 आरोप लगाए थे। धनखड़ ने अपना अपराध कबूल नहीं किया और सिडनी की एक बहुत महंगी और प्रतिष्ठित वकील ने उसका मुकदमा लड़ा। मुकदमे के दौरान धनखड़ के अपराधों की पूरी फेहरिस्त सामने आई। जूरी को कई घंटों की ऐसी वीडियो फुटेज दिखाई गई, जिनमें धनखड़ को महिलाओं के साथ यौन संबंध बनाते देखा जा सकता था, जबकि कुछ महिलाएं बेहोश प्रतीत हो रही थीं। 2023 में ही सरकारी वकील ने इस मामले की जानकारी देते हुए कहा था कि धनखड़ कोरियाई महिलाओं को ही शिकार बना रहा था।

# पाकिस्तान में व्हॉट्सअप ग्रुप से हटाने पर एडमिन की हत्या

## गुस्से में गोली मारी, हमलावर अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर

पेशावर, 8 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा राज्य की राजधानी पेशावर में व्हाट्सअप ग्रुप से निकाले जाने से नाराज एक व्यक्ति ने ग्रुप एडमिन की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह घटना पेशावर के बाहरी इलाके रेगी में हुई। अभी तक आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस के मुताबिक मुश्ताक अहमद नाम के व्हाट्सअप एडमिन ने अशफाक खान को ग्रुप से बाहर कर दिया था। इसके बाद दोनों के बीच विवाद हो गया था।

गुरुवार को दोनों मिलकर विवाद खत्म करने के लिए राजी हो गए थे, लेकिन अशफाक ने मिलते ही मुश्ताक की गोली मारकर हत्या कर दी। अभी तक यह नहीं पता नहीं चल पाया है कि अशफाक को ग्रुप से क्यों हटाया था। मृतक के भाई हुमायूं खान ने मीडिया से कहा- मैं मौके पर मौजूद था, लेकिन मुझे दोनों की लड़ाई के बारे में कुछ भी नहीं पता था। मेरे भाई और अशफाक के बीच एक व्हाट्सअप ग्रुप में कुछ विवाद हो गया था, जिसकी वजह से उसने अशफाक को ग्रुप से रिमूव कर दिया था। इसके बाद अशफाक गुस्से में आ गया और उसने मेरे भाई को गोली मार दी। हमारे परिवार में किसी को भी दोनों के आपसी विवाद के बारे में कुछ पता नहीं था। पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा पर मौजूद खैबर पख्तूनख्वा काफी संवेदनशील इलाका माना जाता है। यह इलाका पाकिस्तान ही नहीं बल्कि दुनिया के सबसे ज्यादा हिंसा प्रभावित इलाकों में से एक है। यहां मौजूद पाकिस्तान तालिबान लगातार हिंसक घटनाओं को अंजाम देता रहता है। सिडनी स्थित इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस की तरफ से जारी वैश्विक आतंकवाद सूचकांक (जीटीआई) रिपोर्ट 2025 में पाकिस्तान को दुनिया में दूसरा सबसे ज्यादा आतंक प्रभावित देश बताया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सबसे ज्यादा आंतक प्रभावित इलाके हैं। देश भर की कुल आतंकी घटनाओं में से 90% इसी इलाके में हुईं।

रिपोर्ट में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को लगातार दूसरे साल पाकिस्तान का सबसे खतरनाक आतंकवादी संगठन बताया गया। 2024 में इस ग्रुप ने 482 हमले किए, जिसकी वजह से 558 मौतें हुई थीं, जो 2023 के मुकाबले 91% ज्यादा हैं।

# उत्तर कोरिया ने पहली बार दिखाई परमाणु पनडुब्बी की झलक

प्योंगयांग, 8 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाली निर्माणाधीन पनडुब्बी को पहली बार दुनिया के सामने पेश किया है। यह घातक हथियार दक्षिण कोरिया और अमेरिका के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। शनिवार को उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस पनडुब्बी की तस्वीरें जारी की। इस दौरान किम जोंग उन ने उस शिपयार्ड का दौरा किया जहां यह युद्धपोत का निर्माण किया जाता है। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंस या केसीएनए ने पनडुब्बी से जुड़ी ज्यादा जानकारी साझा नहीं की लेकिन कहा कि किम जोंग उन को इसके निर्माण के बारे में जानकारी दी गई। दक्षिण कोरियाई परमाणु पनडुब्बी विशेषज्ञ मून केउन-सिक सियोल के हानयांग विश्वविद्यालय में पढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पनडुब्बी 6 या 7 हजार टन क्लास की हो सकती है और यह 10 मिसाइलों को ले जाने में सक्षम है। आसान भाषा में कहें तो यह परमाणु संपन्न हथियारों को ले जाने में सक्षम पनडुब्बी है।

किम जोंग उन ने 2021 में एक बड़े राजनीतिक आयोजन के दौरान घातक और एडवांस हथियार विकसित करने की कसम खाई थी ताकि अमेरिका की अगुवाई में मिलने वाली सैन्य चुनौती का सामना किया जा सके। इसी के तहत परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा कई अन्य हथियार भी विकसित किए जा रहे हैं जिनमें अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें, हाइपरसोनिक हथियार, जासूसी उपग्रह और मल्टी-वॉरहेड मिसाइलें शामिल हैं।

# सीरिया में दो महीने की शांति के बाद फिर गृहयुद्ध शुरू

दमिश्क, 8 मार्च (एजेंसियां)। सीरिया में फिर अशांति लौट आई है। करीब दो महीने तक अमन चैन का माहौल रहा। इन दो महीनों में ऐसा लगा कि सालों से गृहयुद्ध की आग में जलते इस देश में शायद अब सामान्य जीवन शुरू होगा। लेकिन देश में फिर से युद्ध शुरू हो चुका है। हिंसक झड़पें शुरू हो गई हैं। राष्ट्रपति बशर अल-असद सत्ता से बेदखल होने के करीब 2 महीने के बाद फिर से लड़ने के मूड में आ गये हैं। रूस में बैठा इस तानाशाह ने सीरिया में बुझ रही आग को फिर धधका दिया है। सीरिया में ताजा हिंसा देश के उत्तर-पश्चिम में अलावी समुदाय के लोगों के गढ़ में भड़की है, जहां सुरक्षा बलों ने राष्ट्रपति असद समर्थकों को खोजने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है।

## सैकड़ों लोगों की मौत

मॉनिटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक अभी तक आधिकारिक तौर पर 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों की संख्या और भी ज्यादा होने की आशंका है। जान गंवाने वालों में सीरिया की नई सरकार के दर्जनों अधिकारी और सैनिक शामिल हैं। अलावी समुदाय, सीरिया का अल्पसंख्यक समुदाय है, जिसकी आबादी देश की कुल आबादी का सिर्फ 10 प्रतिशत है। राष्ट्रपति बशर अल-असद इसी समुदाय से आते हैं, जिनके परिवार ने सीरिया पर 50 सालों से ज्यादा राज किया। सीरियाई सिक्योरिटी फोर्स और पूर्व राष्ट्रपति असद के समर्थकों के बीच गुरुवार से ही लताकिया और टारटस प्रांतों में लड़ाई चल रही है। लताकिया के दक्षिण में तटीय शहर जाबलेह में सबसे भीषण लड़ाई जारी है। अरब मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कई और क्षेत्रों में भी हिंसक लड़ाई हो रही है।

सीरियाई सरकारी बलों के खिलाफ असद समर्थकों ने कई जगहों पर घात लगाकर हमले किए हैं। जिसके बाद सीरिया की नई सरकार के आदेश पर हेलीकॉप्टर के जरिए बेत अनन गांव में विद्रोहियों के ठिकानों पर भीषण हमले किए गये हैं। असद की सरकार के दौरान क्रूर कमांडर माने जाने वाला सुहैल अल-हसन, जिसका इस विद्रोह के पीछे हाथ होने का शक है, उसके गांव पर भीषण हमले किए गये हैं। वहीं असद के गृहनगर कर्दाहा में कम से कम 10 सुरक्षा बलों के सदस्यों का अपहरण कर लिया गया है। हिंसा को रोकने के लिए सीरियाई सरकार ने प्रांत में 24 घंटों का कर्फ्यू लगाने का आदेश दिया है।



# लोकतंत्र के सशक्तिकरण का मंच होगा कांस्टीट्यूशन क्लब : ओम बिरला




जयपुर, 8 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा में शनिवार को देश के पहले कांस्टीट्यूशन क्लब का शुभारंभ किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में इस क्लब का उद्घाटन वैदिक रीति-रिवाज से संपन्न हुआ। इस मौके पर हवन और पूर्ण आहुति के बाद विधिवत रूप से क्लब की शुरुआत की गई। उद्घाटन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, कैबिनेट मंत्री, विधायक और पूर्व जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि यह सिर्फ एक क्लब नहीं, बल्कि संविधान से जुड़े विचार-विमर्श और संवाद का एक महत्वपूर्ण मंच होगा। उन्होंने कहा, ₹यह क्लब विधायकों, जनप्रतिनिधियों और लोकतांत्रिक संस्थाओं के सदस्यों के लिए एक ऐसा स्थान बनेगा, जहां वे अनौपचारिक रूप से संवैधानिक विषयों पर चर्चा कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में संवाद और विमर्श की परंपरा को बनाए रखना आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि आजकल संसद और विधानसभाओं में योजनाबद्ध गतिरोध बढ़ रहा है, जिससे लोकतंत्र की मूल भावना प्रभावित हो रही है। उन्होंने इस क्लब को लोकतंत्र को मजबूत करने का एक नया प्रयास बताया।

**लोकतंत्र की मजबूती के लिए संवाद जरूरी**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को याद करते हुए हमें लोकतंत्र को और मजबूत करने की दिशा में कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र और संविधान पूरी दुनिया के लिए एक मार्गदर्शक हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विधानसभा, संसद, नगर निकाय और पंचायत सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं में चर्चा और संवाद की परंपरा को बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने आशा जताई कि नया कांस्टीट्यूशन क्लब इसी दिशा में एक प्रेरणा स्रोत बनेगा और लोकतंत्र को नई मजबूती प्रदान करेगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि उनके दो बजट सत्रों में राज्य के विकास की स्पष्ट रूपरेखा दिखाई दी है। उन्होंने कहा कि आधारभूत ढांचे से लेकर सामाजिक विकास तक सरकार ने ठोस प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि, राजस्थान की ऐतिहासिक विरासत को सहेजते हुए इसे एक आधुनिक राज्य के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

**संविधान क्लब लोकतांत्रिक परंपराओं का केंद्र बनेगा**

अंत में, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि यह क्लब लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे इस क्लब का सार्थक उपयोग करें और इसे एक विचार-विमर्श और संवाद का केंद्र बनाएं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह क्लब आने वाले समय में राजस्थान की लोकतांत्रिक परंपराओं को और मजबूत करेगा और राजनीतिक, सामाजिक एवं संवैधानिक विमर्श के लिए एक प्रभावी मंच साबित होगा।

**राजस्थान की लोकतांत्रिक परंपरा का सम्मान**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान की विधानसभा का लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने में ऐतिहासिक योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा से कई ऐसे विधायक और मुख्यमंत्री निकले हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर लोकतंत्र को नई दिशा दी। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान उपराष्ट्रपति ने भी अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत राजस्थान विधानसभा से की थी।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विधानसभा ने कई नवाचारों को अपनाया है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि कांस्टीट्यूशन क्लब का निर्माण इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

**देश की पहली विधानसभा जहां बना कांस्टीट्यूशन क्लब**

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि राजस्थान देश की पहली विधानसभा बनी है, जहां कांस्टीट्यूशन क्लब की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि यह क्लब नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया की तर्ज पर बनाया गया है, लेकिन इसकी अपनी विशिष्ट पहचान होगी। उन्होंने बताया कि क्लब के उद्देश्य को स्पष्ट करने के लिए एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई गई, जिसमें इसके निर्माण, सुविधाओं और उद्देश्यों को विस्तार से दर्शाया गया। इसके साथ ही, क्लब की आधिकारिक वेबसाइट भी लॉन्च की गई है, ताकि इससे जुड़ी जानकारियां आसानी से उपलब्ध हो सकें।

**80 करोड़ रुपये की लागत से बना अत्याधुनिक क्लब**

करीब 80 करोड़ रुपये की लागत से बने इस क्लब का कुल क्षेत्रफल 1 लाख 95 हजार वर्ग फीट है। यह पांच मंजिला इमारत 4,948 वर्गमीटर भूखंड पर बनी है और इसमें अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

क्लब की प्रमुख सुविधाएं : रेस्टोरेंट और कॉफी हाउस, स्विमिंग पूल और जिम, ऑडिटोरियम और कॉन्फ्रेंस हॉल, वीआईपी लाउंज और मीटिंग हॉल, बैडमिंटन और टेनिस कोर्ट, सैलून और लाइब्रेरी, अतिथियों के ठहरने के लिए विशेष कमरे।

**वैदिक परंपराओं के साथ हुआ शुभारंभ**

शुभारंभ समारोह भारतीय सनातन परंपराओं और वैदिक विधियों के अनुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आगाज भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण, फीता काटने और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार और हवन के साथ क्लब का उद्घाटन किया गया।

# विधानसभा में गूंजा पाकिस्तानी-पाकिस्तानी
## बीजेपी विधायक ने रफीक खान पर किया कमेंट; विपक्ष ने जताई आपत्ति



जयपुर, 8 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा में नगरीय विकास और स्वायत्त शासन की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कांग्रेस सचेतक रफीक खान की सत्ता पक्ष के विधायकों से नोंक-झोक हो गई। इसी बीच भाजपा विधायक गोपाल शर्मा ने 'पाकिस्तानी-पाकिस्तानी' शब्द कहा, जिसको लेकर सदन में हंगामा हुआ। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कांग्रेस के अन्य विधायकों ने आपत्ति दर्ज कराई।

भाजपा विधायक गोपाल शर्मा ने सदन में कहा कि पूर्ववर्ती सरकार भ्रष्टाचार में डूबी रही, अब काम हो रहे हैं। पिछली सरकार के मंत्री एकल पट्टा, जल जीवन मिशन, मादक पदार्थ, पट्टा विवाद और पेपरलीक कांड में फंसे हैं। गोपाल शर्मा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जिक्र करते हुए तंज कसा। इस पर कांग्रेस विधायकों ने आपत्ति दर्ज की तो उन्होंने माफी मांगी। एक पूर्व राज्यपाल पर जमीन हड़पने का आरोप लगाने पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आपत्ति की, जिस पर शर्मा ने माफी मांगी।

**गोपाल शर्मा ने कहा- 'पाकिस्तान-पाकिस्तान'**

कांग्रेस विधायक रफीक खान ने अनुदान मांगों पर बोलते हुए गोपाल शर्मा पर तंज कसा था कि एक विधायक अभी थोड़ी देर पहले बोल रहे थे, वह भैरोंसिंह जी से शुरू होते हैं और किसी पर कुछ भी आरोप लगा देते हैं और फिर माफी माफी माफी करने लग जाते हैं। रफीक खान के तंज के बाद गोपाल शर्मा ने खड़े होकर उन पर कमेंट शुरू कर दिए और बाद में कई बार पाकिस्तानी-पाकिस्तानी कहा।

**जूली ने जताई आपत्ति**

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी भी विधायक के मान-सम्मान पर इस तरह से चोट करने का किसी को अधिकार नहीं है। इस मुद्दे पर काफी देर तक शोरगुल होता रहा। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि जब सिविल लाइन के विधायक बोल रहे थे, तब कांग्रेस की तरफ से भी उनको भी खूब डिस्टर्ब किया गया था।

रफीक खान ने इस दौरान कुछ शेरो-शायरी के जरिए माहौल को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन गोपाल शर्मा लगातार बोलते रहे। हंगामा बढ़ता देख संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल को गोपाल शर्मा की सीट पर जाकर उन्हें रोकना पड़ा, तब मामला शांत हुआ।

**ईदगाह का काम अटकाया**

विपक्ष के अमीन कागजी ने धार्मिक स्थलों पर खर्च का मुद्दा उठाते हुए कहा कि विधायक कोष से मैंने मंदिरों में कई करोड़ के कार्य कराए, लेकिन सरकार ने ईदगाह में कार्य रुकवा दिया।

# अजमेर बंद के दौरान फूटा वकीलों का गुस्सा
## मॉल-दुकानों में जमकर तोड़फोड़; कई जगह दुकानों का सामान फेंका

अजमेर, 8 मार्च (एजेंसियां)। अजमेर। अजमेर के पुष्कर में वरिष्ठ अधिवक्ता पुरूषोत्तम जाखेटिया की मौत के बाद वकीलों में आक्रोश व्याप्त है। जिला बार एसोसिएशन के आह्वान पर आज अजमेर, पुष्कर, नसीराबाद व ब्यावर में बाजार पूरी तरह बंद है। वहीं, बंद के दौरान अजमेर में वकीलों ने मॉल-दुकानों में जमकर तोड़फोड़ की। इसके अलावा कई जगह दुकानों से सामान निकालकर बाहर फेंक दिया। वकीलों ने कई जगह जबरन दुकानें बंद करवाई। इस दौरान पुलिस भी मूक दर्शक बनी रही।




बता दें कि पुष्कर में पिछले दिनों देर रात डीजे बजाने का विरोध करने पर जानलेवा हमले में जख्मी हुए वरिष्ठ अधिवक्ता पुरूषोत्तम जाखेटिया की शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई थी। जिससे वकीलों में रोष व्याप्त है। जिस पर वकीलों की ओर से आज अजमेर, पुष्कर, नसीराबाद व ब्यावर में बंद रखा गया है।

**शराब के ठेकों पर भी हंगामा, युवक की पिटाई**

अजमेर में सुबह-सुबह बड़ी संख्या में वकील कोर्ट के बाहर इकट्ठे हुए। इसके बाद हाथों में लाठी-डंडे लेकर निकले वकीलों ने जबरन बाजार बंद कराए। अजमेर बार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक सिंह रावत ने शांतिपूर्ण बंद का आह्वान किया था, लेकिन गुस्साएं वकीलों ने शहर में कई जगह मॉल और दुकानों में तोड़फोड़ की।

वकीलों ने अजमेर के पुष्कर रोड और सिने वर्ल्ड स्थित शराब के ठेकों पर भी हंगामा किया। एक ठेका संचालक और एक युवक की पिटाई कर दी। शहर में रिक्शों में सवार लोगों को जबरन नीचे उतारा गया।

# तस्करों का पीछा करते हुए पलटी पुलिस की गाड़ी
## हादसे में हेड कांस्टेबल की मौत

नागौर, 8 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के नागौर जिले में देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जायल पुलिस थाने की टीम रात को तस्करों की गाडी का पीछा कर रही थी। तभी पुलिस की गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई और दीवार से जा टकराई। हादसे में एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई, जबकि दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। थानाधिकारी ने बताया कि जायल थाने के ड्यूटी ऑफिसर प्रहलाद राम हेड कांस्टेबल टीम के साथ रात को थाने की गाड़ी से एक गाड़ी का पीछा कर रहे थे। इस दौरान पुलिस की गाड़ी पलटी मार कर दीवार से टकरा गई। हादसे में गाड़ी में बैठे प्रहलाद राम, कांस्टेबल महेश व चालक के गंभीर चोटें आई। घायलों को जायल हॉस्पिटल से नागौर रेफर कर दिया। जहां हेड कांस्टेबल प्रहलाद राम की मौत हो गई। मृतक हेड कांस्टेबल का आज जोधपुर में पोस्टमार्टम होगा।

# आईफा से 2000 करोड़ की कमाई राज्य सरकार ने क्यों दिए 100 करोड ?
## कांग्रेस नेता खाचरियावास का तंज

जयपुर, 8 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने इंडिया इंटरनेशनल फिल्म एकेडमी ) अवार्ड्स के आयोजन में 100 करोड़ रुपये गैरकानूनी तरीके से दिए हैं। उन्होंने कहा कि 50 करोड़ रुपये राज्य सरकार, 30 करोड़ पर्यटन विभाग और 20 करोड़ रुपये रीको के माध्यम से इस कार्यक्रम के लिए आवंटित किए गए हैं।

खाचरियावास ने कहा, ₹यह राशि राज्य की जनता की खून-पसीने की कमाई से मिली टैक्स की रकम है, जिसे इस तरह से बर्बाद करना राजस्थान का अपमान है।₹ उन्होंने दावा किया कि आईफा संस्थान जयपुर में आयोजित इस कार्यक्रम से 2000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करेगा।




उन्होंने बताया कि आईफा अवॉर्ड्स के लिए 5 लाख, 2.5 लाख और 1.5 लाख रुपये के महंगे टिकट बेचे जा रहे हैं। साथ ही, विज्ञापन और स्पॉन्सरशिप के जरिए हजारों करोड़ रुपये की कमाई की जा रही है।

खाचरियावास ने कहा कि शाहरुख खान, करीना कपूर सहित अन्य बॉलीवुड सितारों के लिए लाखों रुपये के होटल के कमरे बुक कराए गए हैं। फिल्मी सितारों और मेहमानों के लिए दो लाख रुपये से ज्यादा की कीमत वाले कमरे बुक किए गए हैं, जहां उन्हें महंगे शाकाहारी और मांसाहारी व्यंजन तथा शराब परोसी जाएगी।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब आईफा संस्थान खुद 2000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर रहा है, तो राज्य सरकार 100 करोड़ रुपये क्यों दे रही है? उन्होंने इसे राज्य की जनता के साथ धोखा बताते हुए सरकार से जवाब मांगा।

राज्य में आम आदमी महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहा है, गरीबों को दो वक्त की रोटी नसीब नहीं हो रही, दवाइयां तक महंगी हो गई हैं।

ऐसे में सरकार द्वारा 100 करोड़ रुपये आईफा समारोह पर खर्च करना एक बड़ा घोटाला है। सरकार को जनता को स्पष्ट करना चाहिए कि यह राशि क्यों और किस आधार पर दी गई है, खाचरियावास ने कहा। उन्होंने इस खर्च को अनुचित बताते हुए इसे जनता के साथ विश्वासघात करार दिया और सरकार से इस पर स्पष्टीकरण देने की मांग की।

# मशहूर अभिनेता शाहरुख खान, अजय देवगन व टाइगर श्राफ को नोटिस
## 19 मार्च तक मांगा जवाब



जयपुर, 8 मार्च (एजेंसियां)। जिला उपभोक्ता आयोग-जयपुर द्वितीय ने गुटखे में केसर का दम बताने संबंधी विज्ञापन को लेकर फिल्म अभिनेता शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ तथा गुटखा कंपनी के चेयरमैन को नोटिस जारी कर 19 मार्च तक जवाब मांगा है। आयोग अध्यक्ष ग्यारसीलाल मीणा और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने योगेन्द्र सिंह बडियाल के परिवाद पर यह आदेश दिया।

**विज्ञापन में गुटखे के दाने-दाने में केसर के मिश्रण होने का दावा**

परिवाद में कहा कि जेबी इंडस्ट्रीज गुटखे का निर्माण कर उसे बाजार में सप्लाई करती है। तीनों अभिनेता इसकी बिक्री बढ़ाने के लिए विज्ञापन करते हैं। विज्ञापन में गुटखे के दाने-दाने में केसर का मिश्रण होने का दावा किया जाता है, जबकि केसर की कीमत करीब चार लाख रुपए प्रति किलो है और गुटखा पांच रुपए में बिकता है। ऐसे में इसमें केसर मिलाना तो दूर उसकी खुशबू भी नहीं होती। भ्रामक विज्ञापन दिखाकर गुटखे की बिक्री बढ़ाकर निर्माता को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

**परिवाद में विज्ञापन पर रोक लगाने का आग्रह**

अभिनेताओं की ओर से इस पान मसाले में दाने-दाने में केसर का दम दिखाकर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है।

इससे कंपनी करोड़ों का व्यापार कर रही है, वहीं आमजन को गुटखे के सेवन से बीमारी की चुनौती मिल रही है। परिवाद में विज्ञापन पर रोक लगाने का आग्रह किया है।

# न्यू टीडीआर पॉलिसी 3 माह में होगी लागू
## बिल्डिंग बायलॉज पर मंत्री झाबर सिंह खर्रा का बड़ा एलान

जयपुर, 8 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार ट्रांसफर ऑफ डवलपमेंट राइट्स (टीडीआर) पॉलिसी अगले तीन माह में लागू कर देगी। यह बात शुक्रवार को विधानसभा में नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कही। वे नगरीय विकास एवं आवासन और स्वायत्त शासन विभाग की अनुदान मांगों पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस पॉलिसी को वर्ष 2012 में लेकर आई थी। लेकिन इस पर काम नहीं किया। हमारी सरकार न्यू टीडीआर पालिसी तीन माह में जारी करेगी।



इसके अलावा मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने न्यू टाउनशिप पॉलिसी-2024 को लेकर कहा कि इसे तैयार कर लिया गया है। इसे एक माह में लागू कर दिया जाएगा। सदन में मंत्री ने नए बिल्डिंग बायलॉज भी एक माह में जारी करने की बात कही। मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि साथ ही पहाड़ों के लिए अगले एक माह में भवन विनियम लागू किए जाएंगे। जयपुर, जोधपुर और अजमेर विकास प्राधिकरण की ओर से सरकार के कार्यकाल में कराए विकास कार्यों का भी मंत्री ने जिक्र किया। भारत सरकार से सहमति प्राप्त करने के बाद जयपुर मेट्रो के लिए कम्पनी का गठन कर लिया गया है। 50-50 फीसदी की भागीदारी होगी।

मेट्रो के फेज-1सी (बड़ी चौपड़ से

# घर से 100 मीटर दूर काल बनकर आया डंपर
## एक ही परिवार के 5 लोगों को कुचला, 3 की मौत; मच गया कोहराम

बाड़मेर, 8 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के बाड़मेर जिले में पत्थरों से भरे डंपर ने सड़क किनारे चल रहे 5 लोगों को कुचल दिया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो गंभीर घायल हो गए, जिन्हें बाड़मेर रैफर किया। मृतक दादा-दादी व पोता है। वहीं घायल दम्पती मृतक नाथाराम के बेटा-बहू है।

गुड़ामालानी उप अधीक्षक ने सुखराम विश्नोई ने बताया कि धोरीमन्ना थाना क्षेत्र के लुखु भाखरी गांव के पास नाथाराम का खेत है। रात में नाथाराम्र, पत्नी टीमूदेवी व पोते नरेश के साथ खेत से घर की तरफ जा रहा था। इस दौरान थे पत्थर से भरे डंपर ने उनको कुचल दिया।

**हादसे के बाद मच गई चीख पुकार**

हादसे में नाथाराम (65) पुत्र कानाराम, टीमूदेवी (60) पत्नी नाथाराम व नरेश (10) की मौके पर मौत हो गई। विश्नोई ने बताया कि हादसा नाथाराम के घर से 100 मीटर की दूरी पर हुआ। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। नेशनल हाईवे पर जाम लग गया। वहीं शव सड़क पर बिखर गए थे।

**आक्रोशित लोगों ने हाइवे किया जाम**

हादसे के बाद गांव के लोग मौके पर पहुंचे। आक्रोशित लोगों ने हाइवे पर जाम लगा दिया। पुलिस उप अधीक्षक सुखराम विश्नोई और थानाधिकारी बगडुराम लोगों से समझाइश की। हादसे के बाद डंपर ड्राइवर पास के पेट्रोल पंप पहुंचा और वहां डंपर खड़ा कर फरार हो गया।

# परीक्षा पेपर लीक गिरोह का भंडाफोड
## पांच आरोपी गिरफ्तार; ऐसे हुआ खुलासा

अलवर, 8 मार्च (एजेंसियां)। अलवर के राजऋषि भर्तृहरि विश्वविद्यालय में सक्रिय परीक्षा पेपर लीक गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। जिले की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. प्रियंका के नेतृत्व में मालाखेड़ा थाना पुलिस ने इस गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

राजस्थान पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार अपराधियों की धरपकड़ के अभियान के तहत जयपुर रेंज के महानिरीक्षक और अलवर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। 25 फरवरी 2025 को विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक आशुतोष शर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी कि कंप्यूटर साइंस प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा का पेपर लीक हो गया है। जांच के बाद 4 मार्च को मालाखेड़ा थाने में एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और जांच के आधार पर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. प्रियंका ने बताया कि टीम ने पूरी मेहनत से जांच कर आरोपियों को पकड़ा। पुलिस अब पूरे गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भी पड़ताल कर रही है। इस मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।



# मुझे 1 लाख की जरूरत है', ड्रीमगर्ल मूवी की तरह निकाली लड़की की आवाज, फिर बुजुर्ग को ब्लैकमेल कर लाखों की वसूली

बाड़मेर, 8 मार्च (एजेंसियां)। बालोतरा पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत सेक्सटॉर्शन मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने लड़की बनकर बुजुर्ग से वित्तीय ठगी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया।



पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने बताया कि 4 फरवरी 2024 को एक बुजुर्ग ने साइबर सेल में उपस्थित होकर रिपोर्ट दी। बताया कि उसके सोशल मीडिया एकाउंट पर लड़की का फोटो लगी प्रोफाइल से कॉल आया। उसने उससे बात की। उसके बाद उसके इमरजेंसी होना बताते पर मैंने उसके खाते में रुपए भेजे। उसके बाद उसने ब्लैकमेल कर रुपए मांगने शुरू किए। फिर नए नम्बर से दिल्ली पुलिस का अधिकारी होना व कानूनी कार्यवाही करना बता और रुपए मांगे। इस प्रकार उसने उससे 1 लाख 60 हजार 300 रुपए ठग लिए। इसके बाद उसने उससे और मांग की। इससे परेशान होकर रिपोर्ट दी। प्रार्थी ने बताया कि वह हृदय रोगी है व दवाइयों के सहारे जीवन यापन कर रहा हैं। पुलिस थाना सिणधरी में अज्ञात साइबर अपराधी के खिलाफ सोशल मीडिया पर मैसेज व कॉल के माध्यम से फ्रॉड कर व धमकियां देकर कुल 1 लाख 60 हजार 300 रुपए हड़पने का मामला दर्ज किया। साइबर सेल बालोतरा ने तकनीकी दक्षता से मामले का पर्दाफाश कर अज्ञात आरोपी को नामजद किया। संदिग्ध बाबूराम पुत्र जुंजाराम जाट उम्र 21 वर्ष निवासी मेवानगर को गिरफ्तार किया।

# सरकार महिलाओं को भविष्य की उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित कर रही है : रेवंत रेड्डी

## सीएम ने वीरनारी चकाली एलाम्मा महिला विश्वविद्यालय परिसर की आधारशिला रखी



हैदराबाद, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार महिला स्वयं सहायता समूहों को अदाणी और अंबानी जैसे उद्योगपतियों के साथ व्यापार में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से कार्य योजनाएं विकसित करके महिला उद्यमिता को बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को हैदराबाद में वीरनारी चकाली एलाम्मा महिला विश्वविद्यालय परिसर की आधारशिला रखी। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए, रेवंत रेड्डी ने कहा कि महिलाओं में नेतृत्व की क्षमता है और उन्होंने पहले ही एक रोल मॉडल के रूप में खड़े होकर अपनी ईमानदारी साबित कर दी है। उन्होंने कहा कि वीरनारी चकाली एलाम्मा के नाम पर महिला विश्वविद्यालय का नामकरण तेलंगाना के प्रति एक बड़ी श्रद्धांजलि है और उम्मीद है कि महिला विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा।

रेवंत रेड्डी ने महिला विश्वविद्यालय की सभी छात्राओं से सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सपने को पूरा करने की अपील की। लड़कियों को रसोई तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। जल्द ही चुनावों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत कोटा प्रदान किया जाएगा। मुझे उम्मीद है कि महिला विश्वविद्यालय की छात्राएं भी 33 प्रतिशत महिला कोटे का उपयोग करके प्रतिनिधित्व करेंगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नए विश्वविद्यालय भवन का निर्माण ढाई साल में पूरा करने का निर्देश दिया। मैं सुनिश्चित करूंगा कि कार्यों को पूरा करने में धन की कोई कमी न हो। छात्रों को अपनी पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए और राज्य के साथ-साथ देश का भी नाम रोशन करना चाहिए।

# आदिलाबाद में बैल के हमले से बुजुर्ग की मौत

आदिलाबाद, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। उत्नूर मंडल के श्यामपुर गांव के अंतर्गत बुद्गमदेवनगर गांव में शनिवार को एक बैल के हमले में गंभीर अंदरूनी चोटों के कारण एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। गांव के मक्काला सैलू (70) को उस समय गंभीर आंतरिक चोटें आईं जब बैल ने उन पर हमला किया, जब वे सड़क पर चल रहे थे। उन्हें तुरंत उटनूर मंडल केंद्र के एक सरकारी अस्पताल में ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क के पास एक शेड में मौजूद बैल ने अचानक अपने सिर से सैलू को उठा लिया और उसे जमीन पर पटक दिया। सैलू के परिवार में उनकी पत्नी और बेटी हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत कुछ किया : किशन रेड्डी

हैदराबाद, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने आज हैदराबाद में भाजपा नगर कार्यालय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दुनिया इस मुद्दे पर आगे बढ़ रही है कि महिलाओं के मुद्दों को कैसे दूर किया जाए और महिला समुदाय को कैसे बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आह्वान पर देश के सभी शहरों, कस्बों और गांवों में महिला दिवस मनाया जा रहा है। महिलाएं जिस तरह से चुनौतियों का सामना कर रही हैं और आगे बढ़ रही हैं, उससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। भारत एक ऐसा देश है जो महिलाओं को सबसे अधिक सम्मान देता है। लड़ाकू विमान उड़ाने, पायलट के रूप में और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को डिजाइन करने में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बैंकों में, पुलिस और राजस्व विभागों में, शिक्षकों के रूप में, आईटी क्षेत्र में, किसी भी क्षेत्र में, महिलाएं बहुत विश्वास, साहस और समर्पण के साथ काम कर रही हैं। हैदराबाद में लाखों महिलाएं आईटी क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना में महिलाओं को अवसर दिया है क्योंकि किसी भी क्षेत्र में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। रेड्डी ने कहा कि चिलचिलाती धूप और हाड़ कंपाने वाली ठंड में भी महिला जवान एके-47



बंदूकों के साथ देश की सीमाओं की रक्षा कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में भी सबसे आगे रहने की जरूरत है और उन्होंने वार्ड सदस्य पद से लेकर संसद सदस्य पद तक आरक्षण प्रदान करने की पहल की है। किसी भी कांग्रेस के प्रधानमंत्री ने महिलाओं के लिए आरक्षण प्रदान करने की हिम्मत नहीं की। पीएम मोदी सभी पहलुओं में महिलाओं को प्रोत्साहित कर रहे हैं। कृषि क्षेत्र में महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ड्रोन दीदी योजना के तहत ड्रोन प्रदान किए गए हैं। उन्होंने यह दावा करते हुए कि अतीत में राजनेताओं की वोट बैंक की राजनीति के कारण मुस्लिम महिलाओं के पास कई अधिकार नहीं थे। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को छोड़कर किसी भी सरकार ने ट्रिपल तलाक को खत्म करने की हिम्मत नहीं की। पीएम साहसपूर्वक आगे आए, ट्रिपल तलाक कानून को खत्म किया और मुस्लिम महिलाओं की आंखों में खुशी देखी। भाजपा को देश के गौरवशाली वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम को भारत का राष्ट्रपति बनाने का श्रेय दिया जाता है।

# रेल मंत्री से मंत्रियों ने काजीपेट डिवीजन की स्थापना की मांग की

## केंद्रीय मंत्री के सकारात्मक जवाब पर मंत्रियों और सांसदों ने जताई खुशी

हैदराबाद, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। नई रेलवे लाइनों की मंजूरी और तेलंगाना में काजीपेट रेलवे डिवीजन की स्थापना पर राज्य सड़क और भवन सिनेमैटोग्राफी मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी के नेतृत्व में, मंत्री कोंडा सुरेखा, धनसारी अनसूया (सीतक्का) भुवनगिरी के सांसद चमाला किरण कुमार रेड्डी, वारंगल के सांसद काडियम काव्या ने शनिवार सुबह शमशाबाद हवाई अड्डे पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। बाद में मीडिया से बात करते हुए मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने बताया कि मुख्यमंत्री एनुमुला रेवंत रेड्डी के आदेश पर हमारे मंत्रियों और सांसदों की एक टीम ने आज केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। उन्होंने कहा, राज्य में नई रेलवे लाइनों को मंजूरी देने के अलावा, उन्हें पूरी तरह से रेलवे फंड से बनाने, काजीपेट में एक नया रेलवे डिवीजन स्थापित करने और काजीपेट में वर्तमान में चल रही रेलवे मैन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के काम को तेज करने और शुरू करने में सहयोग करने के लिए कहा गया है। राज्य में महत्वपूर्ण काजीपेट रेलवे डिवीजन, तेलंगाना के दूसरे सबसे बड़े शहर वारंगल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, हाल ही में केंद्र सरकार ने विशाखापट्टनम को अपना केंद्र बनाकर साउथ कोस्ट रेलवे जोन की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव का ध्यान इस ओर दिलाया कि दक्षिण मध्य रेलवे के अंतर्गत केवल 3 जोन हैं, सिकंदराबाद, हैदराबाद और नांदेड़। उन्होंने पत्र में बताया कि यात्रियों और माल के लिए कुशल रेलवे नेटवर्क संचालन और रखरखाव करने के लिए काजीपेट में एक नया रेलवे डिवीजन स्थापित करने की आवश्यकता है और अगर सबसे अधिक यात्री यातायात वाले काजीपेट को एक डिवीजन बनाया जाता है, तो यह गुंटूर और हैदराबाद डिवीजनों की तुलना में अधिक राजस्व उत्पन्न करेगा। इसके अलावा, मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि उन्होंने खुद अपनी सकारात्मक राय व्यक्त की है कि वे वारंगल के चारों ओर रिंग रोड के निर्माण के आसपास रिंग रेल का निर्माण करेंगे। इसके अलावा, विकाराबाद-कृष्णा लाइन.. जो दक्षिण तेलंगाना के पारिगी, कोडंगल, टेकल कोडे, नारायणपेट और मकतल के पिछड़े शहरों के साथ-साथ तंडूर शहर के आसपास के सीमेंट उद्योगों को जोड़ेगी। भविष्य के उद्योगों के लिए बहुत उपयोगी होगी। गदवाल-दोर्नाकल रेलवे लाइन के अंतिम स्थान सर्वेक्षण पर स्थानीय लोगों की राय को केंद्रीय मंत्री के ध्यान में लाया गया है। खम्मम संसदीय क्षेत्र के किसान कुसुमंची से गुजरने वाली गदवाल-दोर्नाकल रेलवे लाइन के अंतिम स्थान सर्वेक्षण को लेकर काफी चिंतित हैं, जहां एससी, एसटी, बीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के छोटे किसान रहते हैं। यह विकास प्राधिकरण (एसयूडीए) के तहत अधिसूचित शहरी क्षेत्र से जाता है, उसी रेलवे लाइन क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा बुद्ध स्तूप, साइबेरियाई पक्षी प्रवास निवास स्थान और पलेरू जलाशय बहाली क्षेत्र भी है, मंत्री कोमटी रेड्डी वेंकट रेड्डी ने कहा कि जहां भूमि अधिग्रहण की लागत 1 करोड़ रुपये से 4 करोड़ रुपये के भुगतान के कारण परियोजना किसानों के लिए वित्तीय बोझ बन जाएगी, कुसुमंची के बजाय, दोर्नाकल से वेन्नारम, मन्नेगुडेम, अभिपलेम, मारिपेडा और मोथे के माध्यम से गडवाल तक वैकल्पिक मार्ग का अनुरोध किया गया है।

# ईसीआईएल में महिला दिवस समारोह आयोजित




हैदराबाद, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। होमी जहांगीर भाभा कन्वेंशन सेंटर ईसीआईएल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम का नेतृत्व ईसीआईएल की महिला कर्मचारियों ने किया।

इस अवसर पर ईसीआईएल अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अनुराग कुमार ने कहा कि ईसीआईएल महिलाओं के लिए कार्य करने के लिए सबसे अच्छे स्थानों में से एक है, जो उन्हें अपने करियर को गति देने और संगठन के भीतर महत्वपूर्ण परियोजनाओं का नेतृत्व करने के सुअवसर प्रदान करता है।

इस समारोह के दौरान, कई कर्मचारियों, सेवानिवृत्त महिला कर्मचारियों को भी कंपनी में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में शामिल विशिष्ट अतिथियों में इसरो वैज्ञानिक-एसजी डॉ. वंदिता श्रीवास्तव, जीएसटी संयुक्त आयुक्त सुश्री शांता कुमारी सग्गम, जयप्रकाश नंबारू और एनएफसी उत्कृष्ट वैज्ञानिक सुश्री मारा राजश्री आदि हैं।

इस समारोह में निदेशक (वित्त) राजेंद्र कुमार पारख, आईटीएस, सीवीओ पी. कृष्ण कुमार, कार्यकारी निदेशक, जीएम, एचओडी, ईसीओए और ईसीएमएस के पदाधिकारियों के सहित कर्मचारीऔर उनके परिवारिक सदस्यगण शामिल हुए।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लव फार काऊ फाउंडेशन के चेयरमैन जसमत पटेल, ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार एवं कमलेश महाराज की ओर से पूजा गुप्ता, विद्या देवी श्रीमाली, के. नागरानी को नारी शक्ती एवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।

# कुमावत समाज उप्पल का गैर नृत्य आज से

हैदराबाद, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। उप्पल काचवानी सिंगारम स्थित समाज भवन में कुमावत समाज बन्धुओं के सानिध्य में होली महोत्सव के पावन अवसर पर गैर नृत्य का आयोजन रविवार 9 मार्च से 13 मार्च तक रात्रि 8.15 बजे से आयोजित किया जाएगा।

प्रेस विज्ञप्ति में संरक्षक अमरचन्द अडाणीया ने बताया कि हर वर्ष के भांति समाज बन्धुओं के सानिध्य में होली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। गुरुवार 13 मार्च रात्रि 8.15 बजे होली दहन एवं शुक्रवार 14 मार्च को प्रात: वेला में पूजा-अर्चनाकर 9.15 बजे से बच्चों की ढूंढ का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

पधारे समाज बन्धुओं के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था प्रतिदिन कार्यक्रम स्थल पर रहेगी। समाज बन्धुओं को बच्चों की ढूंढ करानी हो वे अपना नाम सचिव लिकमाराम मनावत व कोषाध्यक्ष नोरतमल एकलिया, भीयाराम मंगलोड़ा के पास सम्पर्क कर दे सकते है। अध्यक्ष

श्रवणकुमार मालीवाड़ ने समाज बन्धुओं से निवेदन किया है उपरोक्त कार्यक्रम में राजस्थानी वेष-भूषा में सपरिवार समय पर पधारकर कार्यक्रम का लाभ लेवे।

# भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव

## 8 से 10 अप्रैल तक मनाया जायेगा




हैदराबाद, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। श्री जैन सेवा संघ के प्रचार संयोजक प्रवीण पांड्या द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि श्री जैन सेवा संघ भवन रामकोट के सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2025 के प्रधान संयोजक, संयोजकमंडल की सभा का आयोजन कल्याणक महोत्सव के संदर्भ में रखा गया। बैठक संघ के अध्यक्ष योगेश सिंघि की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक का संचालन संघ के महामंत्री अशोक कुमार मुथा ने किया।

संघ के अध्यक्ष योगेश सिंघि ने सभा की अध्यक्षता करते हुए सभी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। महोत्सव के प्रधान संयोजक विमल मुथा, मोहनलाल बागरेचा, अमित मुणोत ने महोत्सव की संपूर्ण जानकारी सभा के समक्ष रखी। श्री जैन सेवा संघ के तत्वाधान में आयोजित भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव त्रि-दिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक मनाया जायेगा। 8 अप्रैल को उदघाटन कार्यक्रम नवकार मंत्र के जाप द्वारा संघ भवन में होगा जिसके आयोजक ओसवाल जैन संघ रहेगे। संयोजक मंडल के सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव सभा के समक्ष रखें। इस अवसर पर महोत्सव कार्यक्रम बैनर का विमोचन किया गया जो के नगर के सभी मंदिर स्थानक एवं धार्मिक स्थलो पर लगाए जाएंगे एवं आर्थिक सहयोग हेतु कूपंस का भी विमोचन किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष योगेश सिंघी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष पिरोदिया, महामंत्री अशोक कुमार मुथा, सह मंत्री भरत भंसाली, राजेश गुगलिया, प्रधान संयोजक विमलचंद मुथा, मोहनलाल बागरेचा, अमित मुणोत कार्यकारिणी सदस्य गण राजेश साभद्रा योगेश सोनी मानक चंद पोकरणा, प्रचार संयोजक प्रवीण पांड्या, संयोजक मंडल में अंकित बडेरा, निखिल सुराणा, पारसमल चनोदिया, संजय संचेती, संतोष मरलेचा, विकास चानोदिया, विक्की डक, सुमित मुनोत, मनोज, महावीर डक, अमित जैन, रोहित मुथा, नवीन गांधी, दिलीप भंसाली, आकाश बागरेचा, उमेश नाहर, प्रवीण हिंगड़ उपस्थित थे।



हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद के प्रधान मंत्री एस गैबुवली, संयोजक श्रुतिकांत भारती के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। संस्था के ओर से विशिष्ट महिला प्रतिभा पुरस्कार प्रदान किया गया।



बालाजीनगर स्थित श्री आईमाताजी बडेर में होली महोत्सव के पावन अवसर पर देव चौधरी के ढूंढोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित कमलादेवी-हीरालाल चोयल, मंजू-उपेन्द्र चौधरी, नेमाराम, नारायणलाल, भुराराम चोयल, सीरवी समाज सलाहकार जसवन्त देवड़ा, पूर्व सचिव किशनसिंह राठौड़, महिला मंडल अध्यक्षा सुशीला देवड़ा, सचिव निर्मला देवड़ा, सलाहकार गवरी देवी परिवार व अन्य।

# रजिस्ट्रार तेलंगाना को-आप. सोसाइटी द्वारा मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



हैदराबाद, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। रजिस्ट्रार तेलंगाना को-आप. सोसाइटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सहकारिता आयुक्त और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार सुरेंद्र मोहन आईएएस द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया, जो इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 की थीम : कार्रवाई में तेजी (एक्सीलरेट एक्शन) विषय पर सभा को संबोधित किया, जिसमें लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए त्वरित और निर्णायक उपायों के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान, वर्धमान बैंक (महिला) सहकारी शहरी बैंक लिमिटेड ने सक्रिय रूप से भाग लिया। जिसमें बैंक की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती निर्मला डागा, बैंक की निदेशक डॉ. आशा सतीश खिंवसरा और श्रीमती निर्मला बरमेचा जैन ने श्रोताओं को संबोधित किया और बैंक की उपलब्धियों और प्रगति पर जानकारी साझा की। इस अवसर पर प्रबंधन बोर्ड की सदस्य श्रीमती अलका चौधरी भी उपस्थित होकर तत्संबंधित चर्चा में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा बैंक की सभी महिला निदेशकों को सम्मानित किया गया। इस महिला दिवस का समापन केक कटिंग और महिलाओं को स्मृति चिन्ह वितरित करने के साथ हुआ।

# ट्रक ने खड़ी वैन को मारी टक्कर, ड्राइवर की मौत

आदिलाबाद, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। एनएच 44 पर गुडीहाथनूर मंडल केंद्र में शनिवार को एक ट्रक ने खड़ी वैन को टक्कर मार दी, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि क्लीनर को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने बताया कि तमिलनाडु के मुरुगेसन मुट्टू (50) की मौके पर ही मौत हो गई, जब ट्रक ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़ी वैन को टक्कर मार दी। हादसे के समय वह महाराष्ट्र से तमिलनाडु की ओर ट्रक चला रहा था। शाम तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। इस बीच, एक अलग घटना में, राजीवनगर की 60 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर चित्याला नरसम्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जब एक अज्ञात वाहन ने उन्हें उस समय कुचल दिया जब वह मंचेरियल मंडल के अमरावाड़ी गांव में एनएच 324 पार कर रही थीं।

# श्री श्याम मित्र मंडल अतापुर की सूरजगढ़ श्री श्याम निशान यात्रा कल

हैदराबाद, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। श्री श्याम मित्र मंडल अतापुर की तेहरवीं श्री श्याम निशान यात्रा 10 मार्च को प्रातः 6:00 बजे से रामबाग राम मंदिर से काचीगुड़ा श्याम मंदिर के लिए निकाली जाएगी। प्रेस विज्ञप्ति में श्री श्याम मित्र मंडल के संरक्षक एवं यात्रा संयोजक पवन नालपुरिया ने बताया कि राजस्थान में झुझुनू जिले के सूरजगढ़ से हैदराबाद पहुंचा सूरजगढ़ का चमत्कारी श्री श्याम निशान पांचवीं बार यात्रा का मुख्य आकर्षण होगा। जिसकी 9 मार्च को रामबाग राम मंदिर में चार बजे से विधिवत स्थापना कर ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। उसके पश्चात श्याम भक्त निशान को मौली बांधने का तथा मोरछड़ी का आशीर्वाद ले सकेंगे। यात्रा 10 मार्च को प्रातः 6:00 बजे से निशान पूजन के पश्चात रामबाग राम मंदिर अतापुर से प्रारंभ होकर किशन बाग, बहादुरपुरा, पुराना पुल, जुम्मे रात बाजार, मुस्लिमगंज पुल, अफजालगंज, इमलीबन, चादरघाट, निमोली अड्डा से होते हुए श्री श्याम मंदिर काचीगुडा पहुंचेगी। निशान यात्रा को भव्यता



प्रदान करने के लिए आज मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में राजेंद्र नगर विधायक टी प्रकाश गॉड, एसीपी श्रीनिवास, इंस्पेक्टर ज्ञानेश्वर राव, राजेंद्र बालू सुब्रमण्यम, अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, सरवन व्यास, अग्रवाल समाज अट्टापुर के अध्यक्ष बद्री प्रसाद, बजरंग भाटी, मनीष भाटी, आशीष देवड़ा, समाजसेवी अमृत कुमार जैन, गोपाल बल्दवा, राजस्थानी जागृति मंच के अध्यक्ष सुरेश कुमार मोदी, श्रीकांत जोशी, छत्रपति शिवाजी युवा समिति के दत्तात्रेय, जाट समाज धनराज चौधरी, माली समाज के अध्यक्ष ईस्ता अपार्टमेंट श्याम समिति के दीपक अग्रवाल, टोकला श्रीनिवास, भाजपा नेता ओमप्रकाश शर्मा, मणिकांत भक्त समाज के सुरेश रेड्डी सुरेंद्र रेड्डी, एन मल्ला रेड्डी, एम कॉमरैया, अतापुर पार्षद संगीता गौरी शंकर, समाजसेवी वनम श्री राम रेड्डी, ज्योति शर्मा, पन्नालाल शर्मा, योगेश पित्ती, प्रकाश भाटी मनीष अग्रवाल सहित अन्य मंडल के पदाधिकारी एवं श्याम प्रेमी कार्यकर्ता मौजूद थे।

मंडल के महामंत्री अशोक कुमार शर्मा ने बताया की 9 मार्च को 11:00 से रामबाग राम मंदिर प्रांगण में श्री श्याम निशान की तैयारी की जाएगी तथा पूर्व की बैठकों में जिन-जिन श्याम प्रेमी कार्यकर्ताओं को काम की जिम्मेदारी दी गई थी वे श्याम प्रेमी कार्यकर्ता अपने काम की पूर्णता देंगे। तथा 10 मार्च की निशान यात्रा मैं श्याम प्रेमी कार्यकर्ताओं की अलग-अलग टीम बनाकर यात्रा व्यवस्था की जिम्मेदारी दी जाएगी।

# कैंटोनमेंट बोर्ड में भावना नर्मदा का मनोनयन




हैदराबाद, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। रक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सिकंदराबाद कैंटोनमेंट बोर्ड में श्रीमती भावना नर्मदा का मनोनयन किया गया। उनकी नियुक्ति पर स्थानीय लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। इसी कडी में उनके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा है। एएमसी बोइनपल्ली के सरकारी सलाहकार मेंबर गौतम जैन एवं लोढ़ा भाइपा संघ के प्रचार-प्रसार मंत्री विनय सिंह जैन, बीजेपी नेता भानुका मल्लिकार्जुन, राखी लोढ़ा आदि ने बधाई दे कर उम्मीद जताई कि वे क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण में अपना भरपूर योगदान देंगी।

# श्री आईमाता जी मंदिर बडेर कोरेमुला में होली पर गैर नृत्य का आयोजन

हैदराबाद, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। कोरेमुला स्थित श्री आईमाता मंदिर में सीरवी समाज बन्धुओं द्वारा होली महोत्सव पर 2 दिवसीय होली महोत्सव का कार्यक्रम 13 व 14 मार्च पूजा-अर्चनाकर, होली दहन, बच्चों की ढूंढ, रंगारंग गैर नृत्य कार्यक्रम के साथ आयोजित किया जाएगा।

प्रेस विज्ञप्ति में संरक्षक प्रभुराम परिहारिया, अध्यक्ष कालुराम काग, सचिव डायाराम लचेटा ने बताया कि आज से 13 मार्च तक प्रतिदिन रात्रि 7.15 बजे भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। गुरुवार 13 मार्च रात्रि 7.15 बजे पूजा-अर्चनाकर, आईमाता जी की आरती के पश्चात 11.5 बजे होली दहन एवं शुक्रवार 14 मार्च को प्रातः वेला में पूजा-अर्चनाकर 9.15 बजे से बच्चों की ढूंढ का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

समाज बन्धुओं को बच्चों की ढूंढ करानी हो वे अपना नाम अध्यक्ष कालूराम काग सचिव डायाराम लचेटा के पास सम्पर्क कर दे सकते है। गैर कप्तान ओमप्रकाश हाम्बड़, प्रकाश खण्डाला से संपर्क कर सकते हैं। मध्याह्न 12.15 बजे से समाज बन्धुओं के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था मंदिर प्रांगण में रहेगी।

# सीरवी समाज वडेर जीडिमेटला में ढूंढोत्सव 14 को

हैदराबाद, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। जीडीमेटला स्थित श्री आईमाता मंदिर में सीरवी समाज बन्धुओं के सानिध्य में 2 दिवसीय होली महोत्सव का कार्यक्रम 13 व 14 मार्च को पूजा-अर्चनाकर, होली दहन, बच्चों की ढूंढ, रंगारंग गैर नृत्य कार्यक्रम के साथ आयोजित किया जाएगा।

प्रेस विज्ञप्ति में मांगीलाल काग, अर्जुनलाल बर्फा ने बताया कि हर वर्ष के भांति समाज बन्धुओं के सानिध्य में 2 दिवसीय होली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 13 मार्च रात्रि 7.15 बजे पुजा-अर्चनाकर, आईमाता जी की आरती के पश्चात रात्रि 11.05 बजे होली दहन एवं शुक्रवार 14 मार्च को प्रातः वेला में पूजा-अर्चनाकर 9.15 बजे से बच्चों की ढूंढ का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समाज बन्धुओं को बच्चों की ढूंढ करानी हो वे अपना नाम मांगीलाल काग व अर्जुनलाल बर्फा, जीडिमेटला गैर कप्तान सोहनलाल काग, गैर कप्तान कानाराम बर्फा से सम्पर्क कर सकते हैं। मध्यान 12.15 बजे से समाज बन्धुओं के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था मंदिर प्रांगण में रहेगी।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# रोहित की कप्तानी में लगातार चौथा आईसीसी फाइनल खेलेगा भारत

## 2 टाइटल गंवाए, 1 खिताब जीता; क्या 12 साल बाद जिता पाएंगे चैंपियंस ट्रॉफी?

खेल डेस्क, 8 मार्च (एजेंसियां)। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया आईसीसी टूर्नामेंट में लगातार चौथा फाइनल खेलेगी। चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में 9 मार्च को भारत का सामना दुबई में न्यूजीलैंड से होगा। रोहित टी-20 वर्ल्ड कप के रूप में एक ही खिताब जिता सके, उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में हार मिली।

टीम इंडिया लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। टीम ने 2013 में खिताब जीता, लेकिन 2017 में पाकिस्तान के खिलाफ हार मिली। अब रोहित की कप्तानी में टीम के पास 12 साल बाद इस आईसीसी खिताब को जीतने का मौका है।

**कप्तान रोहित ने 87फीसद आईसीसी मैच जिताए**

रोहित शर्मा ने 2 टी-20 वर्ल्ड कप, 1 वनडे वर्ल्ड कप, 1 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और 1 चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की कप्तानी की। इन 5 आईसीसी टूर्नामेंट में भारत ने 30 मैच खेले, 26 जीते और महज 4 में टीम को हार मिली।

हालांकि, रोहित ने जो 4 मैच गंवाए, उनमें से 3 मुकाबले नॉकआउट स्टेज में रहे। इनमें भी 2 हार फाइनल में मिलीं। केवल 1 बार उन्हें एक ही टूर्नामेंट में 2 हार मिली, यह टूर्नामेंट 2022 का टी-20 वर्ल्ड कप था। तब टीम को ग्रुप स्टेज में साउथ अफ्रीका और सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने हरा दिया था।




**आईसीसी टूर्नामेंट में भारत के दूसरे सफल कप्तान**

आईसीसी के 4 टूर्नामेंट होते हैं, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप, वनडे वर्ल्ड कप, टी-20 वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी। इनमें भारत के सबसे सफल कप्तान एमएस धोनी हैं।

जिन्होंने टीम को 69% मैच जिताए। उनके नाम आईसीसी के 3 टाइटल भी रहे। रोहित मैच जीतने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। हालांकि, उनकी कप्तानी में टीम 1 ही टाइटल जीत सकी है।

**आईसीसी वनडे टूर्नामेंट में रोहित को 93% सफलता**

आईसीसी के 2 वनडे टूर्नामेंट में रोहित ने 15 बार भारत की कप्तानी की। 14 में टीम को जीत और महज 1 में हार मिली। हालांकि, यह हार 2023 के वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली। जिसने भारत से घर में हुए वर्ल्ड कप को जीतने का सपना छीन लिया था।

**रोहित की कप्तानी में 75% वनडे जीता भारत**

रोहित ने 2017 में पहली बार भारत की वनडे कप्तानी की थी। उन्होंने तब से अब तक 55 मैचों में कप्तानी की और 41 में टीम को जीत दिलाई। टीम ने महज 12 मैच गंवाए। 1 मैच बेनतीजा और 1 टाई भी रहा। यानी सक्सेस रेट 75% का रहा।

रोहित ने भारत को करीब 75% वनडे जिताए। 50 से ज्यादा वनडे में भारत को लीड करने वाले कप्तानों में यह बेस्ट जीत प्रतिशत है। 68% जीत के साथ विराट कोहली दूसरे और 55% जीत के साथ एमएस धोनी तीसरे नंबर पर हैं। हालांकि, धोनी इकलौते भारतीय कप्तान रहे, जिन्होंने भारत को 100 से ज्यादा वनडे जिताए।

**चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित ने सभी मैच जिताए**

चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित पहली बार कप्तानी कर रहे हैं। टीम ने अब तक 4 मुकाबले खेले और सभी में जीत हासिल की। इंडिया ने पहले दोनों मैच में बांग्लादेश और पाकिस्तान को 6-6 विकेट से हराया।

तीसरे मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ रोहित ने 4 स्पिनर्स खिलाए और मुकाबला 44 रन से जीता। सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुआ, यहां टीम ने अच्छी बैटिंग के दम पर 4 विकेट से मुकाबला जीता। चारों मैच दुबई में हुए, अब फाइनल भी दुबई में ही खेला जाएगा।

# बुमराह शुरुआती आईपीएल मैच नहीं खेलेंगे

## एलएसजी पेसर मयंक के साथ बेंगलुरू में रिकवरी

## अप्रैल के पहले हफ्ते तक फिट होने की उम्मीद

मुंबई, 8 मार्च (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और लखनऊ सुपर जायंट के पेसर मयंक यादव इस सीजन शुरुआती आईपीएल मैच मिस सकते हैं। दोनों तेज गेंदबाज बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि बुमराह की मेडिकल रिपोर्ट ठीक है। उन्होंने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी फिर से शुरू कर दी है। हालांकि, आईपीएल की शुरुआत में उनके गेंदबाजी करने पर अभी संदेह है। वह अप्रैल के पहले सप्ताह में वापसी कर सकते हैं।

बुमराह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी टेस्ट मैच में चोटिल हो गए थे। लोअर बैक इंजरी के चलते बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी से भी वह बाहर हो गए थे। मयंक यादव पिछले आईपीएल में चोटिल हो गए थे। उसके बाद से वह केवल 3 ही घरेलू और इंटरनेशनल मैच खेले हैं। वह मांसपेशियों के खिंचाव से परेशान हैं। मयंक ने पिछले साल लखनऊ सुपर जायंट्स से आईपीएल में डेब्यू। मयंक ने 4 ओवर में 27 रन देकर 3 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। वे डेब्यू पर प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले पहले पेसर बने। हालांकि, मयंक के नाम की चर्चा इस वजह से नहीं हुई कि उन्होंने 3 विकेट लिए या प्लेयर ऑफ द मैच बने। 155.8 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार की गेंद ने उनका नाम क्रिकेट प्रेमियों की जुबान पर लाया।

उन्होंने पंजाब किंग्स खिलाफ अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद 155.8 केएमपीएस की रफ्तार से गेंद फेंकी। उन्होंने अपनी 24 में से 6 गेंदें 150 केएमपीएस की रफ्तार से ऊपर की फेंकी। उनकी सभी 24 गेंदों की स्पीड 140 केएमपीएस से ऊपर रही। रिपोर्ट में कहा गया है कि बुमराह मुंबई इंडियंस के लिए शुरुआती 3-4 मैच नहीं खेल पाएंगे। उन्होंने गेंदबाजी शुरू कर दी है, लेकिन अभी पूरी ताकत से गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। धीरे-धीरे वर्कलोड बढ़ाया जाएगा। जब तक वह बिना किसी परेशानी के पूरी ताकत से गेंदबाजी नहीं करते हैं, तब तक मेडिकल टीम उन्हें खेलने की मंजूरी नहीं देगी।




आईपीएल के ठीक बाद टीम इंडिया को इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने के लिए जाना है। ऐसे में टीम मैनेजमेंट और मेडिकल टीम उनके फिटनेस पर नजर बनाए हुए हैं। उनके पूरी तरह ठीक होने पर ही उन्हें आईपीएल खेलने के लिए उन्हें मंजूरी मिलेगी। शमी और बुमराह की फिटनेस समस्या को देखते हुए इंग्लैंड दौरे पर टीम मैनेजमेंट पूरी तरह इन पर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। इसलिए अन्य गेंदबाजों पर भी टीम की नजरें हैं। मोहम्मद सिराज के साथ ही हर्षित राणा, आकाशदीप, मुकेश कुमार और अर्शदीप पर भी चयनकर्ताओं की नजरें होंगी।

# चैंपियंस ट्रॉफी के बाद कौन बनेगा टीम इंडिया का कप्तान?

## गिल के साथ केएल राहुल भी रेस में शामिल

नई दिल्ली,, 8 मार्च (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मैच 9 मार्च को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा. इस मुकाबले में टीम इंडिया की टक्कर न्यूजीलैंड से होगी. ये मैच भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के करियर के लिए काफी अहम रहने वाला है. कई दिग्गजों का मानना है कि 37 साल के रोहित शर्मा के लिए ये आखिरी आईसीसी इवेंट हो सकता है. वहीं, ये भी खबरें आ रही हैं कि फाइनल मुकाबले के बाद वह कप्तानी छोड़ सकते हैं और बतौर खिलाड़ी खेलना जारी रखेंगे. ऐसे में रोहित की जगह वनडे का कप्तान बनने की रेस में दो खिलाड़ियों की बीच कड़ी टक्कर है.



रोहित शर्मा चैंपियंस ट्रॉफी के बाद संन्यास लेंगे या नहीं इसका फैसला उन पर ही निर्भर करता है. लेकिन माना जा रहा है कि 2027 वनडे वर्ल्ड कप को देखते हुए भारतीय वनडे टीम का कप्तान बदलना तय है. वहीं, रोहित जब तक खेलना चाहते हैं तब तक खेल सकते हैं. ऐसे में सबसे बड़ा सवाल ये है कि रोहित की जगह वनडे टीम का कप्तान कौन होगा. फिलहाल भारतीय वनडे टीम के उपकप्तान शुभमन गिल हैं, लेकिन वह सीधा कप्तान नहीं बन पाएंगे, क्योंकि कप्तानी की रेस में एक और बड़ा दावेदार है. हार्दिक पंड्या भी कप्तानी की दौड़ में हैं. हार्दिक इससे पहले टी20 फॉर्मेट में टीम इंडिया की कमान संभाल चुके हैं. ऐसे में सेलेक्टर्स हार्दिक पर भरोसा दिखाते हैं तो गिल उपकप्तानी की भूमिका में जारी रखेंगे. लेकिन गिल और हार्दिक पर सहमति नहीं बनती है तो रेस में तीसरे दावेदार की एंट्री भी हो सकती है, जो केएल राहुल हैं. बता दें, केएल राहुल भी कुछ मौकों पर टीम इंडिया की कप्तानी कर चुके है और एक समय कप्तानी के बड़े दावेदार भी थे. यानी जिम्मेदारी किसी को भी मिले, ये तो साफ है कि 2027 वनडे वर्ल्ड कप में टीम नए कप्तान के साथ उतरेगी.

बता दें, रोहित शर्मा के लिए 2027 वनडे वर्ल्ड कप खेलना काफी मुश्किल है, क्योंकि तब तक वह 39 साल के हो जाएंगे और टूर्नामेंट साल के अंत में होता है तो वह 40 साल के होंगे. वहीं, 2024 वर्ल्ड कप जीतने के बाद रोहित शर्मा ने टी20I फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था. ऐसे में ये भी माना जा रहा है कि इस बार भी रोहित ऐसा ही कुछ कर सकते हैं. दूसरी ओर, टेस्ट में उनका भविष्य सवालों के घेरे में है. वह इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा होंगे या नहीं ये अभी तक साफ नहीं है.

# आर अश्विन ने आलोचकों को लगाई लताड

## भारत के दुबई में खेलने वाले विवाद पर कही बड़ी बात

मुंबई, 8 मार्च (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला 9 मार्च को होने जा रहा है। फाइनल में भारत और न्यूजीलैंड की भिड़ंत होने वाली है। फाइनल मुकाबला दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम इंडिया अपने सभी मैच दुबई में खेल रही है। जिसको लेकर एक विवाद छिड़ हुआ है कि टीम इंडिया को एक ही मैदान पर खेलने का फायदा मिल रहा है। वहीं इस मामले पर अब टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज स्पिन गेंदबाज आर अश्विन ने विरोधियों की बोलती बंद की है।

**आर अश्विन का विरोधियों को करारा जवाब**

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के हाथों में हैं। जिसके चलते टीम इंडिया ने अपने सभी मैच हाइब्रिड मॉडल के तहत दुबई में खेले हैं। अब टीम



इंडिया के दुबई में सभी मैच खेलने को लेकर विरोधियों को मिर्ची लगी हुई है। बहुत सारे बयान सामने आए कि टीम इंडिया को एक ही शहर में एक ही मैदान पर खेलना का फायदा हो रहा है। अब इन विरोधियों की बोलती बंद करते हुए आर अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि "टूर्नामेंट प्रदर्शन के आधार पर जीते जाते हैं, बहानेबाजी से नहीं।"

आगे अश्विन ने कहा कि "मुझे हंसी आती है जब लोग हमारे कप्तान और कोच से दुबई में खेलने के फायदे के बारे में यही सवाल पूछते हैं।

साल 2009 की चैंपियंस ट्रॉफी में साउथ अफ्रीका ने अपने सभी मैच एक ही जगह पर खेले थे और तब भी वे नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहे थे। यह साउथ अफ्रीका की गलती नहीं थी कि वे तब क्वालीफाई नहीं कर पाए थे। टीमें सिर्फ इसलिए क्वालीफाई करती हैं क्योंकि वे अच्छा क्रिकेट खेलते हैं।"

**क्या न्यूजीलैंड से होगा बदला पूरा?**

आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में टीम इंडिया कभी न्यूजीलैंड से नहीं जीत पाई है। सबसे पहले न्यूजीलैंड ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2000 के फाइनल में भारत को हराया था। इसके बाद वनडे विश्व कप 2019 के सेमीफाइनल में टीम इंडिया को शिकस्त मिली थी।

वहीं, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2021 के फाइनल में भी भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। अब टीम इन हार का कीवी टीम से बदला लेना चाहेगी।

# ग्रैंडमास्टर वैशाली ने संभाला पीएम का एक्स हैंडल

## कहा- सपना पूरा हो, लड़कियों को प्रोत्साहित करें

नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)। शतरंज ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोशल मीडिया अकाउंट के जरिये लोगों को खास संदेश दिया। उन्होंने महिलाओं को उनके सपनों को पूरा करने के लिए समर्थन और प्रोत्साहन देने का एक सशक्त संदेश दिया। वैशाली छह साल की उम्र से शतरंज खेल रही हैं और शतरंज की महान खिलाड़ी और ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद की बहन हैं। उन्होंने पीएम मोदी के एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर अपनी यात्रा साझा की और युवा लड़कियों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने लिखा, 'वणक्कम! मैं वैशाली हूं और मैं हमारे प्रधानमंत्री थिरु नरेंद्र मोदी जी के सोशल मीडिया अकाउंट को संभालने को लेकर रोमांचित हूं और वह भी महिला दिवस के अवसर पर। जैसा कि आप में से बहुत से लोग जानते होंगे, मैं शतरंज खेलती हूं और मुझे कई टूर्नामेंटों में अपने प्यारे देश का प्रतिनिधित्व करने पर बहुत गर्व है।'

वैशाली ने लिखा, 'शतरंज खेलना मेरे लिए सीखने, रोमांचकारी और पुरस्कृत करने वाला सफर रहा है। यह मेरे कई टूर्नामेंट और ओलंपियाड की सफलताओं में झलकता है। लेकिन इससे भी बढ़कर है कि मैं सभी महिलाओं, खासकर युवा लड़कियों को एक संदेश देना चाहती हूं। मैं उनसे कहना चाहती हूं कि अपने सपनों का पीछा करो, चाहे कितनी भी बाधाएं क्यों न हों। आपका जुनून आपकी सफलता को शक्ति देगा।'

वैशाली ने अपने सपनों को पूरा करने में परिवार के सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने लिखा, 'मेरे पास माता-पिता और भाई-बहनों के लिए भी एक संदेश है। लड़कियों का समर्थन करें।



उनकी क्षमताओं पर भरोसा करें कि वे आगे चलकर कमाल करेंगी। मेरे जीवन में, मुझे थिरु रमेशबाबू और थिरुमति नागलक्ष्मी जैसे हमेशा समर्थन करने वाले माता-पिता मिले हैं। मेरे भाई प्रज्ञानंद के रूप में मुझे बेहतरीन कोच और टीम का साथी मिला और यह मेरा सौभाग्य है। निश्चित रूप से मैं विश्वनाथन आनंद सर से बहुत प्रेरित हूं।'

वैशाली ने भारत में महिला एथलीटों के लिए बढ़ते समर्थन पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश महिला खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, प्रदर्शन और अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। उन्होंने अपनी FIDE रैंकिंग को और बेहतर बनाने और अपने पसंदीदा खेल में और अधिक योगदान देने की अपनी आकांक्षाओं को भी व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इससे पहले विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए महिला दिवस के खास अवसर को चिह्नित किया था।

पीएम मोदी ने अपने वादे को ध्यान में रखते हुए घोषणा की थी कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट उन महिलाओं द्वारा संभाले जाएंगे जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'हम महिला दिवस पर नारी शक्ति को नमन करते हैं। हमारी सरकार ने हमेशा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम किया है, जो हमारी योजनाओं और कार्यक्रमों में परिलक्षित होता है। आज, जैसा कि हमने वादा किया था, मेरी सोशल मीडिया अकाउंट को उन महिलाओं द्वारा संभाला जाएगा जो अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं।'

यह पहली बार नहीं है जब प्रधानमंत्री ने इस तरह की पहल की है। 2020 में भी महिला दिवस पर उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट सात महिला अचीवर्स को सौंपे थे, जिससे उन्हें दूसरों को प्रेरित करने के लिए एक वैश्विक मंच मिला था।

# भारत के प्रणव वेंकटेश ने विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप जीती, स्लोवेनिया के खिलाड़ी को हराया

नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)। भारत के प्रणव वेंकटेश ने मोंटेनेग्रो के पेट्रोवाक में 11वें और अंतिम दौर में स्लोवेनिया के मैटिक लेवरेंसिक के खिलाफ ड्रॉ खेलकर विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप (अंडर-20) जीत ली। भारतीय शतरंज के लिए यह एक शानदार दिन रहा क्योंकि अरविंद चितंबरम ने कई दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़कर प्राग मास्टर्स जीत लिया।

पिछले साल चेन्नई इंटरनेशनल में चैलेंजर्स वर्ग जीतने वाले वेंकटेश ने दुनिया के जूनियर खिलाड़ियों के बीच अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और पूरे टूर्नामेंट के दौरान अपराजित रहे। भारतीय खिलाड़ी ने कुल सात जीत और चार ड्रॉ के साथ संभावित 11 में से नौ अंक हासिल किए।

जब अंतिम दौर की जोड़ियों की घोषणा की गई तो यह स्पष्ट था



कि वेंकटेश के लिए ड्रॉ ही काफी होगा। महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने वेंकटेश की इस उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, 'विश्व जूनियर चैंपियन प्रणव वेंकटेश को बधाई। वह शानदार फॉर्म में हैं। वह लगातार अपने खेल का विश्लेषण करते हैं, सुझाव देते हैं और फीडबैक लेते हैं। आप विश्व जूनियर चैंपियंस की एक बहुत ही प्रतिष्ठित पंक्ति में शामिल हो गए हैं!'

# पाकिस्तानी गेंदबाज ने खुलेआम मांगी माफी

## भारत के खिलाफ खेले गए मैच में की थी ये हरकत

दुबई, 8 मार्च (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को मुकाबला खेला गया था. इस मैच में भारतीय टीम ने एकतरफा अंदाज में बाजी मारी थी. लेकिन इस मुकाबले के दौरान पाकिस्तान के एक खिलाड़ी ने काफी अजीबोगरीब तरीके से विकेट के जश्न मनाया था. इस घटना के बाद इस खिलाड़ी को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रॉल किया गया था. ऐसे में इस खिलाड़ी ने अब अपने विकेट सेलिब्रेशन पर माफी मांग ली है. दरअसल, भारत-पाकिस्तान मैच में स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल 52 गेंदों पर 46 रन की पारी खेलकर आउट हो गए थे. उन्हें पाकिस्तान स्पिनर अबरार अहमद ने बोल्ड आउट किया था. इसके बाद अबरार अहमद ने विकेट का जश्न मनाते हुए अपनी गर्दन घुमाते हुए बार-बार गिल को बाहर जाने का इशारा किया था और जोश में उनको आंखें भी दिखाईं थीं. लेकिन अबरार अहमद का मानना है कि वह उनके सेलिब्रेशन का स्टाइल है.

अबरार अहमद ने टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट से बातचीत में शुभमन गिल के विकेट सेलिब्रेशन पर कहा, 'वो मेरा स्टाइल है और इसमें कुछ भी गलत नहीं किया. किसी मैच अधिकारी ने भी मुझे नहीं बताया कि मैंने कुछ गलत किया है. इसके बावजूद अगर किसी को ठेस पहुंची है तो मुझे इसके लिए खेद है और मैं माफी मांगता हूं. मेरा इरादा किसी को ठेस पहुंचाने का नहीं था.'

# करंट ने पायल की उम्मीद छीनी, हौसले से बनीं बिना हाथ-पैर की विश्व की पहली तीरंदाज

खेल डेस्क,, 8 मार्च (एजेंसियां)। 17 साल की पायल नाग बिना हाथ-पैर की दुनिया की पहली तीरंदाज जब कृत्रिम पैर में धनुष को फंसाकर दाहिने कंधे से तीर को खींचकर निशाना साधती हैं, तो उनकी प्रतिभा व हौसले को देख लोग आश्चर्य में पड़ जाते हैं।

पायल बिना बाजुओं की तीरंदाज शीता देवी को हराकर राष्ट्रीय पैरा तीरंदाज चैंपियन बन चुकी हैं।

यही नहीं ओडिशा के पुरी में सामान्य तीरंदाजों के बीच राष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंट में 8वां स्थान



हासिल कर सबको चौंका दिया।

हौसले की मिसाल बन पायल के लिए सफर इतना आसान नहीं था। महज सात साल की उम्र में उनकी जिंदगी में ऐसा तूफान आया कि हर तरफ अंधेरा छा गया। मूलरूप से ओडिशा के बालंगीर की रहने वाली पायल के पिता छत्तीसगढ़ के रायपुर में राजमिस्त्री थे। जिस बिल्डिंग में काम कर रहे थे, उसकी दूसरी मंजिल पर खेलते समय पायल बिजली के नंगे तारों की चपेट में आ गई। डॉक्टरों ने बचा तो लिया, पर उन्हें दोनों हाथ-पैर गंवाने पड़े।

बालंगीर के डीएम को पता चला, तो उसे वहां के अनाथ आश्रम में भेज दिया। पोषल के सपनों में उड़ान भरी माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड तीरंदाजी अकादमी में शीतल के कोच कुलदीव वेदवान ने मई, 2023 में कुलदीप ने सोशल मीडिया पर उसकी फोटो देखी। उन्हें बालंगीर से कटड़ा ले आए। दो विशेष उपकरण बनवाकर उन्हें तीरंदाज बना दिया।

पायल कहती हैं, कोच कुलदीप व श्राइन बोर्ड ने उन्हें न सिर्फ नया जीवन दिया, बल्कि जिंदगी के मायने बदल दिए। अब एक ही सपना है, देश के लिए स्वर्ण पैरालंपिक में जीतना। \

कुलदीप बताते हैं, बेहद गरीब परिवार की पायल को अनाथ आश्रम संचालकों ने कटड़ा भेजने से मना कर दिया था। तब डीएम चंचल राणा की मदद ली। संचालकों को समझाया गया कि वे उसे तीरंदाज बनाना चाहते हैं, तब उन्हें अनुमति मिली।

# महिलाओं को समाज के विकास के लिए काम करना चाहिए : सीतक्का

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सिटी पुलिस का रन फॉर एक्शन-2025 आयोजित



हैदराबाद, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद सिटी पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नेकलेस रोड पीपुल्स प्लाजा के पास (5000) पांच हजार लोगों के साथ रन फॉर एक्शन-2025 का आयोजन किया। डॉ. दानसारी अनसूया सीतक्का, मंत्री पंचायती राज, ग्रामीण विकास, ग्रामीण जलापूर्ति, महिला एवं बाल कल्याण, सी.वी आनंद आईपीएस. डी.जी. पुलिस आयुक्त, हैदराबाद ने मुख्य अतिथि के साथ कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई और 5के और 2के दौड़ की शुरूआत की। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री ने कहा कि रन फॉर एक्शन-2025 में आमंत्रित किया जाना बहुत खुशी की बात है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को आत्मविश्वास देने के लिए इस दौड़ का आयोजन करने के लिए हैदराबाद सिटी पुलिस आयुक्त की सराहना की।

सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंन कहा कि समाज में महिलाओं को कभी नीची निगाह से देखा जाता था और संयुक्त राष्ट्र द्वारा समान काम के लिए समान वेतन देने के प्रस्ताव की घोषणा के बाद से दुनिया के सभी देशों में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। महिला दिवस का मुख्य उद्देश्य यह है कि महिला और पुरुष में कोई अंतर नहीं है, सभी समान हैं। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा पर उनके अच्छे काम के लिए हैदराबाद सिटी पुलिस की सराहना की। लोग नौकरी, रोजगार और व्यवसाय के लिए पूरे देश से हैदराबाद आ रहे हैं, यह पुलिस विभाग के प्रयासों के कारण है जो समुदाय में सुरक्षा और संरक्षा की भावना प्रदान करता है। हाल के दिनों में शराब की लत ने हमारे जीवन को बर्बाद कर दिया है। यह हमारी गरिमा को कम करता है, इस समाज को नशे से छुटकारा पाने के लिए संवेदनशील होना चाहिए। इसलिए, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, हम सभी नशीले पदार्थों, ड्रग्स और शराब से दूर रहने की शपथ लेते हैं। पुलिस नशीले पदार्थों पर कई जागरूकता कार्यक्रम भी चला रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समाज के विकास के लिए काम करना चाहिए और उनका सम्मान किया जाना चाहिए। हैदराबाद शहर के पुलिस आयुक्त डीजी सीवी आनंद ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि आप सभी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यहां आए हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला संगठन द्वारा महिला सुरक्षा के लिए दिया गया नारा है स्पीड फॉर एक्शन और महिला सुरक्षा पर त्वरित कार्रवाई करना। हैदराबाद पुलिस आयुक्तालय में 20 डीसीपी में से 8 महिला डीसीपी हैं। उन्होंने कहा कि हैदराबाद आयुक्तालय में 18 हजार पुलिसकर्मियों में से 30 प्रतिशत महिलाएं हैं। आयुक्त सीवी आनंद ने कहा, महिला दिवस के अवसर पर, कानून और व्यवस्था और यातायात पुलिस स्टेशनों के लिए 4 महिला निरीक्षकों को स्टेशन हाउस अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम में विक्रम सिंह मान, अतिरिक्त सीपी कानून और व्यवस्था, पी विश्व प्रसाद, एडिशनल सीपी क्राइम, जोएल डेविस ज्वाइंट सीपी ट्रैफिक, परिमला हाना नूतन ज्वाइंट सीपी एडमिन, स्नेहा मेहरा डीसीपी साउथ जोन, रक्षिता कृष्ण मूर्ति डीसीपी मुख्यालय, विजय कुमार आईपीएस डीसीपी वेस्ट जोन, रश्मि पेरुमल डीसीपी नॉर्थ जोन, श्रीमती शिल्पावल्ली डीसीपी सेंट्रल जोन, लावण्या नायक डीसीपी महिला सुरक्षा, धरा कविता डीसीपी साइबर क्राइम, बी बालास्वामी डीसीपी ईस्ट जोन, चैतन्य कुमार डीसीपी स्पेशल ब्रांच, राहुल हेज आईपीएस डीसीपी ट्रैफिक, जी चंद्र मोहन साउथ वेस्ट जोन, वाईवीएस सुधींद्र डीसीपी टास्क फोर्स, एन स्वेता डीसीपी डीडी बालमुरी वेंकट एमएलसी और हैदराबाद सिटी सिक्योरिटी काउंसिल के सदस्य और पुलिस अधिकारी शामिल हुए।

# एसएलबीसी सुरंग बचाव में सहायता के लिए रोबोट तैनात किए गए : उत्तम रेड्डी



हैदराबाद, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री कैप्टन एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने घोषणा की कि नागरकर्नूल जिले के डोमलपेंटा के पास एसएलबीसी सुरंग में चल रहे बचाव अभियान को गति देने के लिए रोबोटिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जहां आठ श्रमिक फंसे हुए हैं।

इस घटना को राष्ट्रीय आपदा बताते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार 14 किलोमीटर लंबी सुरंग के अंतिम हिस्से में चुनौतियों से निपटने के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक तकनीक का इस्तेमाल कर रही है। शनिवार को अचंपेट के विधायक डॉ. चिक्कुडु वामसी कृष्णा के साथ घटनास्थल का दौरा करते हुए उन्होंने राज्य आपदा प्रबंधन सचिव अरविंद कुमार और सेना कमांडेंट परीक्षित मेहरा सहित कई राष्ट्रीय एजेंसियों के अधिकारियों के साथ समीक्षा की, जो बचाव प्रयासों की देखरेख कर रहे हैं। जिला कलेक्टर बदावथ संतोष, एसपी वैभव गायकवाड़ रघुनाथ, सैन्य इंजीनियर विकास सिंह, एनडीआरएफ कमांडेंट प्रसन्ना कुमार, एसडीआरएफ कमांडेंट प्रभाकर और सिंगरेनी, रेलवे, एनजीआरआई और हाइड्रा के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। मीडिया से बात करते हुए, मंत्री ने कहा कि देश में पहले कभी इतनी गंभीर सुरंग दुर्घटना नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि बचाव दल सुरंग के अंदर 13.95 किलोमीटर तक आगे बढ़ने में कामयाब रहे हैं, लेकिन अंतिम 50 मीटर अत्यधिक अस्थिर है, जो ऑक्सीजन की कमी, अत्यधिक पानी के रिसाव और ढह गई सुरंग बोरिंग मशीन (टीबीएम) से धातु के टुकड़ों के कारण गंभीर जोखिम पैदा करता है।

इन खतरों को देखते हुए, परिस्थितियों का आकलन करने और निष्कर्षण में सहायता के लिए उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले कैमरे, इंफ्रारेड सेंसर और रोबोटिक आर्म्स से लैस रोबोट तैनात किए गए हैं। उत्तम कुमार रेड्डी ने बताया कि केरल के खोजी कुत्तों ने एक विशिष्ट स्थान पर तेज गंध का पता लगाया, जो तीन व्यक्तियों की उपस्थिति का संकेत देता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार लापता श्रमिकों के परिवारों को पूरी सहायता प्रदान करेगी।

## महिलाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहित करने की जरूरत : न्यायमूर्ति सुरेपल्ली नंदा

हैदराबाद, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुरेपल्ली नंदा ने आज कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। शनिवार को शहर के कोटी स्थित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हॉल में विकास एवं कल्याण संघ (डीडब्ल्यूएबी) द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में न्यायमूर्ति सुरेपल्ली नंदा मुख्य अतिथि थीं। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने महिलाओं को शुभकामनाएं दीं और डीडब्ल्यूएबी द्वारा संचालित नलगोंडा नेत्रहीन विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर उच्च पदों पर आसीन हुए नेत्रहीन पूर्व छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और दानदाताओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अपने संदेश में उन्होंने सुझाव दिया कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश तभी विकसित हो सकता है जब उसे शैक्षणिक, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक रूप से प्रोत्साहित किया जाए।

## शादी से एक दिन पहले दूल्हे ने की आत्महत्या

जगतियाल, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। मेटपल्ली मंडल के वेल्लुल्ला में शनिवार सुबह एक दूल्हे मक्कमपल्ली किरण ने अपनी शादी से एक दिन पहले आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों के अनुसार, किरण शनिवार को अपने घर में फांसी पर लटकी मिली।

किरण की शादी रविवार को तय थी। उसकी आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। वह एक निजी स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

## महिला छात्रावास में मोबाइल चार्जर पर छिपे मिल कैमरे

संगारेड्डी, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। एक महिला छात्रावास की रहने वाली लड़कियों ने छात्रावास में छिपे हुए कैमरे देखे और अमीनपुर पुलिस से इसकी शिकायत की। जब एक महिला को मोबाइल चार्जर में छिपा हुआ कैमरा मिला तो सभी सहेलियां हैरान रह गईं। अमीनपुर पुलिस के अनुसार, अमीनपुर नगर पालिका के मैथरी विला में महिला छात्रावास का संचालन बंडारू परमेश्वर नामक व्यक्ति कर रहा था। कई जगहों पर छिपे हुए कैमरे देखे और पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पुलिस को मोबाइल चार्जर कैमरे में चिप लगी मिली है। पुलिस पूरे हॉस्टल और बाथरूम की जांच कर रही है ताकि पता लगाया जा सके कि उसने और कैमरे तो नहीं लगाए हैं। वे पहले से मौजूद कैमरों की फुटेज खंगाल रहे थे। इस बीच, पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही थी कि छिपे हुए कैमरे लगाने का इरादा क्या था और क्या उसने अब तक किसी को वीडियो शेयर किया था। जांच अभी भी जारी है।






## जल प्रबंधन योजनाओं की विफलता पर तेलंगाना सरकार की आलोचना

सूर्यापेट, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य में दुर्लभ जल संसाधनों के खराब प्रबंधन और इसके परिणामों के लिए सीधे तौर पर कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए बीआरएस विधायक और पूर्व मंत्री जी. जगदीश रेड्डी ने शनिवार को कहा कि सरकार के पास उचित जल योजना का अभाव है और वह किसानों की सिंचाई जरूरतों के प्रति उदासीन बनी हुई है। रेड्डी ने सरकार को किसान विरोधी करार दिया और मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया कि उनका पूरा ध्यान कमीशन के जरिए धन हड़पने पर है।

रेड्डी ने दावा किया कि राज्य के 20 प्रतिशत धन को कमीशन के माध्यम से हड़प लिया जा रहा है, ठेकेदार सचिवालय पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और कुछ ने आत्महत्या भी कर ली है। उन्होंने कहा कि जनता अभाव की स्थिति से निराश हो चुकी है। कांग्रेस पार्टी के आने से सूखा पड़ गया है। उन्होंने सरकार से सुधारात्मक कदम उठाने और तेलंगाना में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोकने का आग्रह किया। रेड्डी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि केवल बड़े ठेकेदारों को ही भुगतान किया जा रहा है, जबकि छोटे ठेकेदार भुगतान न होने के कारण आत्महत्या करने को मजबूर हैं। उन्होंने वित्त मंत्री से जवाब मांगा और इस मुद्दे पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की। रेड्डी ने आगामी विधानसभा सत्रों में इन चिंताओं को उठाने की कसम खाई।

उन्होंने कांग्रेस नेताओं की अज्ञानता की भी आलोचना की, जिसके परिणामस्वरूप गोदावरी और कृष्णा नदियों में पर्याप्त जल उपलब्ध होने के बावजूद जल समस्या उत्पन्न हुई है। रेड्डी ने कहा कि राज्य भर में फसलें सूख रही हैं और सरकार पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने में विफल रही है। उन्होंने दावा किया कि स्थिति 2014 से पहले वाली हो गई है। रेड्डी ने सरकार पर रेत खनन के उद्देश्य से कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना का संचालन नहीं करने का भी आरोप लगाया और आंध्र प्रदेश द्वारा गोदावरी के पानी का उपयोग करने के प्रस्ताव पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री की मूकदर्शक बने रहने की आलोचना की।


**पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय पिकेट सिकंदराबाद**

**PMSHRI KENDRIYA VIDYALAYA PICKET SECUNDERABAD**

केंद्रीय विद्यालय संगठन

TEL/FAX: 040-29804092

ई-मेल: principalkvpicket1521@gmai.com Website: kvpicket.edu.in

School No. 59511 Affiliation No. 100002

**Walk -IN-INTERVIEW**

Eligible candidates are invited to a walk-in-interview for preparing a panel of teachers for appointment purely on contractual basis against vacancies for the academic session **2025-26** at PM SHRI Kendriya Vidyalaya Picket Secunderabad on the following dates.

| Dates & Registration | Post |
|---|---|
| 12-03-2025 (8.30 am to 10.30 am) (No registration of candidate after 10.30 am) | **PGT:** Hindi, English, Physics, Chemistry, Mathematics, Biology, Commerce, Economics, History, Geography **TGT:** English, Hindi, Sanskrit, Maths, Science and Social Science **PRT:** (Primary Teachers) |
| 13-03-2025 (8.30 am to 10.30 am) (No registration of candidate after 10.30 am) | **PGT-** Computer Science, Computer Instructor, Coach(Sports, Yoga, Art& Craft, Pipe Band) Vocational Education, Doctor, Nurse(Female), Special Educator, Educational Counsellor |

*Eligible candidates may attend walk-in-interview with complete bio-data, original documents and two sets of self-attested qualification certificates.

* Detailed information and application form are available on school website: https://picket.kvs.ac.in in the announcement section.

Sd./- Principal
PM KV PICEKT SECUNDERABAD


## बार को फायदा पहुंचाने के आरोप में आबकारी अधीक्षक, सीआई निलंबित

राजन्ना-सिरसिल्ला, 8 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने जिला आबकारी अधीक्षक एस पंचाक्षरी और निरीक्षक गुलाम मुस्तफा को चित्रा बार एवं रेस्तरां को सरकारी लाभ पहुंचाने के आरोप में निलंबित कर दिया है। अधीक्षक को वैध ट्रेड लाइसेंस के बिना बार के 2बी लाइसेंस का नवीनीकरण करने तथा जिला प्रशासन को असुविधा पहुंचाने के कारण निलंबित कर दिया गया।

इस बीच, बार और रेस्तरां के व्यापार लाइसेंस के संबंध में गलत जानकारी प्रस्तुत करने के कारण सीआई को निलंबित कर दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप वैध व्यापार लाइसेंस के बिना ही उसके 2बी लाइसेंस का नवीनीकरण कर दिया गया।









Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.